CCI NG 3.7 Product: NBTLucknowBS PubDate: 02-01-2026 Zone: Lucknow Edition: 1 Page: NBTLFP User: manoj.pandey Time: 01-02-2026 00:23 Color:

कानपुर (कानपुर व लखनऊ में एक साथ प्रकाशित) > शुक्रवार, 2 जनवरी 2026 > पौष 12 शक संवत 1947 पौष शुक्ल चतुर्दशी, विक्रम संवत 2082 WATCH GOD WATCHDOG पेज 12 > मूल्य सिर्फ ₹6.00 facebook.com/nbtlucknow twitter.com/nbtlucknow Vol.8 no.2

# NBT नवभारत टाइम्स

एनबीटी में विज्ञापन देने के लिए 18001203474 पर कॉल करें। नवभारत टाइम्स का अंक प्राप्त करने के लिए 18001200004 पर कॉल करें या subscribe.timesofindia.com पर जाएं।

Photo : Sunil Kumar



**कहां, कितने लोग पहुंचे**

| | |
|---|---|
| राष्ट्र प्रेरणा स्थल | 12,397 |
| जनेश्वर मिश्र पार्क | 41,442 |
| सामाजिक परिवर्तन स्थल | 12,117 |
| यूपी दर्शन पार्क | 2,357 |
| लोहिया पार्क | 2,783 |
| चिड़ियाघर | 24,592 |
| इको गार्डन | 6,400 |
| बुद्ध पार्क | 3,700 |

## खीझिए, आप लखनऊ में हैं

लखनऊ में नए साल का पहला दिन ट्रैफिक जाम के नाम रहा। जश्न मनाने निकले लोगों ने शहर का लगभग हर हिस्सा चोक कर दिया। किसी ने लाइन तोड़ी तो किसी ने आड़ी-टेढ़ी गाड़ी खड़ी कर दी। ट्रैफिक पुलिसकर्मियों के हाथ-पैर फूले रहे। जाम के कारण मिनटों का सफर घंटों में तय हुआ। यह तस्वीर गोमतीनगर स्थित अंबेडकर पार्क के सामने की है।

'जाम' NEW YEAR, जहां मुड़े वहां रुके देखें पेज 3

खबरों के अंदर की बात

NBT Lens देखें पेज 11


NBT प्रगतिशील इंडियन ऑफ द इयर 2025

### कौन बना प्रगतिशील इंडियन ऑफ द इयर, कल होगा ऐलान

NBT प्रगतिशील इंडियन ऑफ द इयर चुनने के लिए हमारे हजारों रीडर्स ने अपना वोट दिया है। कौन है लोगों की पहली पसंद, इसका ऐलान नवभारत टाइम्स के कल के अंक में होगा।

## फटाफट खबरें

### ममदानी ने कुरआन के साथ ली शपथ



भारतवंशी जोहरान ममदानी (34) ने साल के पहले दिन कुरआन के साथ न्यू यॉर्क के मेयर पद की शपथ ली। ममदानी ने नवंबर 2025 के चुनाव में न्यू यॉर्क के पहले मुस्लिम मेयर के तौर पर जीत हासिल की थी।

### इंदौर में गंदे पानी से 13 मौतों का दावा

इंदौर में स्थानीय निवासियों ने दूषित पानी से 13 मौतों का दावा किया है, जबकि प्रशासन ने सिर्फ चार की पुष्टि की है। मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने कहा कि अलग-अलग आंकड़ों की सूचना है। जांच की जाएगी और मृतकों के परिवारीजनों को मदद दी जाएगी। पेज 10

### डॉक्टर की पर्ची नहीं तो कोई सिरप नहीं!

केंद्र सरकार कफ सिरप की बिक्री पर सख्त नियम लाने जा रही है। स्वास्थ्य मंत्रालय ने नए नियमों का ड्राफ्ट जारी किया है। इसके अनुसार, कफ सिरप समेत किसी भी तरह का सिरप बिना डॉक्टर की पर्ची के नहीं बेचा जा सकेगा।

# स्विट्ज़रलैंड में नए साल का जश्न बना मातम, आग में 40 ज़िंदा जले


## हादसे में 100 लोग बुरी तरह घायल हुए, खिड़कियां तोड़कर बाहर निकले

■ एपी/आईएएनएस, क्रांस मोंटाना (स्विट्ज़रलैंड)

**स्विट्ज़रलैंड के** एक बार में नए साल के जश्न के दौरान बुधवार रात भयंकर आग लग गई। स्थानीय मीडिया के मुताबिक 40 लोग आग में ज़िंदा जल गए। करीब 100 लोग घायल बताए जा रहे हैं, जिनमें अधिकतर की हालत गंभीर है। हादसा क्रैन्स मोंटाना के महंगे अल्पाइन स्की रिसॉर्ट शहर के एक बार में हुआ। बार का नाम 'ले कॉन्स्टेलेशन' (Le Constellation) है। आग कैसे लगी, इसकी जांच जारी है। कहा यह भी जा रहा है कि एक धमाका हुआ था। वहीं, अटॉर्नी जनरल ने कहा- किसी भी समय किसी भी तरह के हमले का कोई सवाल नहीं है। अभी एक्सपर्ट मलबे को जांच रहे हैं।

प्रत्यक्षदर्शियों ने मीडिया को बताया कि पार्टी के दौरान बारमेड के हाथ में बोतल में लगी मोमबत्ती से लकड़ी की छत में आग भड़क गई। आग कुछ ही सेकंड में फैल गई और छत गिरने लगी। इसके बाद लोग भागने लगे, लेकिन तंग सीढ़ियों और संकरे दरवाजे के कारण भगदड़ जैसी स्थिति बन गई। कई लोग खिड़कियां तोड़कर बाहर निकले। मौके पर हेलिकॉप्टर और एंबुलेंस भेजी गईं और घायलों को आसपास के अस्पतालों में भर्ती करवाया गया है।





AFP

**खौफनाक हादसा** बताया प्रत्यक्षदर्शियों ने। पुलिस बोली-पीड़ितों की पहचान कर परिवारों को सूचित कर रहे हैं, वहीं एम्सटर्डम में चर्च का शिखर अचानक जला।

### 'मरने वालों में पर्यटक'

पुलिस प्रवक्ता ने कहा, 'माना जा रहा है कि मरने वालों में ज्यादातर पर्यटक हैं, जो छुट्टियों के सीजन में क्रैन्स-मोंटाना आए थे। यह एक अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मशहूर स्की रिसॉर्ट है, जहां बहुत सारे पर्यटक आते हैं। जांच के बाद ही मरने वालों का पता चलेगा।

### मेज से शीशा तोड़ा तो बचे

पेरिस के 16 साल एक लड़के ने बताया कि एक मेज का इस्तेमाल कर शीशा तोड़कर खिड़की को उसके फ्रेम से बाहर धकेलकर आग से किसी तरह बचा। उसके एक दोस्त की मौत हो गई, जबकि दो या तीन लोग लापता हैं।

### चर्च का शिखर जलकर गिरा

एम्सटर्डम (Amsterdam) में न्यू ईयर की रात ऐतिहासिक वोंडेलकर्क चर्च में भीषण आग लगने से उसका शिखर आंशिक रूप से ढह गया। आग आधी रात के बाद लगी और इसे बड़ा हादसा घोषित किया गया। कारण स्पष्ट नहीं है।

# सिगरेट-पान मसाला 1 फरवरी से महंगे होंगे, 40% GST लगेगा

## हेल्थ ऐंड नैशनल सिक्यॉरिटी सेस भी

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली



सिगरेट समेत सभी तंबाकू उत्पाद एक फरवरी से महंगे हो जाएंगे। इन पर 28% के बजाय 40% GST लगेगा। एक्साइज ड्यूटी भी लगेगी, हालांकि कंपनसेशन सेस खत्म हो जाएगा। वित्त मंत्रालय से जारी नोटिफिकेशन के मुताबिक, पान मसाला पर 40% और बीड़ी पर 18% GST के साथ हेल्थ ऐंड नैशनल सिक्यॉरिटी सेस लगेगा।

मंत्रालय के नोटिफिकेशन के मुताबिक, लंबाई और फिल्टर के आधार पर प्रति 1000 सिगरेट पर 2050 रुपये से 8500 रुपये तक एक्साइज ड्यूटी लगेगी। गुटखा पर 91%, च्यूइंग टोबैको पर 82% और जर्दा पर 82% एक्साइज ड्यूटी लगेगी। तंबाकू उत्पादों पर घोषित रिटेल सेल प्राइस के आधार पर GST तय होगा। पान मसाला बनाने वाली इकाइयों पर उत्पादन क्षमता के आधार पर हेल्थ सेस लगेगा। पेज 11

### दिसंबर में GST कलेक्शन 6.1% बढ़ा

बीते साल 22 सितंबर से घटाई गई GST दरों का असर नवंबर के बाद गुरुवार को जारी दिसंबर के आंकड़ों में भी दिखा। दिसंबर में GST कलेक्शन बीते साल इसी महीने के मुकाबले 6.1% बढ़कर 1 लाख 74 हजार 550 करोड़ रुपये रहा।

### कमर्शल सिलिंडर ₹111 महंगा हुआ

सरकार ने 1 जनवरी से 19 किलोग्राम वाले कमर्शल LPG सिलिंडर की कीमत 111 रुपये बढ़ा दी। लखनऊ में अब यह सिलिंडर 1703 रुपये के बजाय 1814 रुपये में मिलेगा। वहीं, घरेलू रसोई गैस सिलिंडर (14.2 किलो) की कीमतों में कोई बदलाव नहीं किया गया है।

### ATF की कीमत में 7.3% की कटौती

एविएशन टर्बाइन फ्यूल (ATF) की कीमत में 7.3% की कटौती की गई है। सार्वजनिक क्षेत्र के खुदरा ईंधन विक्रेताओं के मुताबिक, दिल्ली में एटीएफ की कीमत 7,353.75 रुपये प्रति किलोलीटर की कटौती के साथ 92,323.02 रुपये प्रति किलोलीटर हो गई है।

# घूसखोरी में तीन ARTO सस्पेंड

## पैसे लेकर पास करवाते थे ओवरलोडेड ट्रक


■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ

रिश्वत लेकर ओवरलोडेड ट्रकों को पास करवाने के आरोपित तीन ARTO, प्रवर्तन को निलंबित कर दिया गया है। इनमें लखनऊ के राजीव कुमार बंसल, फतेहपुर की पुष्पांजलि मित्रा व रायबरेली के अंकुर शामिल हैं। तीनों को मुख्यालय से संबद्ध कर दिया गया है और विभागीय जांच शुरू कर दी गई है। झांसी के उप परिवहन आयुक्त केडी सिंह गौर को जांच अधिकारी नामित किया गया है।

STF ने हमीरपुर, महोबा सहित बुंदेलखंड के कई जिलों से मौरंग, गिट्टी के ओवरलोडेड ट्रकों को रिश्वत लेकर पास करवाने के मामले में 12 नवंबर को FIR दर्ज करवाई थी। लखनऊ के मड़ियांव, रायबरेली के लालगंज और उन्नाव जिले में दर्ज तीन FIR में परिवहन विभाग के अधिकारियों, कर्मचारियों व वाहनों को पास करवाने के सिंडीकेट में शामिल 25 लोगों को नामजद किया गया था। केस दर्ज होने के बाद से नामजद अधिकारियों व कर्मचारियों ने कार्यालय आना बंद कर दिया था। 48 दिन बाद परिवहन विभाग के विशेष सचिव केपी सिंह ने आदेश जारी कर तीनों ARTO, प्रवर्तन को सस्पेंड कर दिया।

### पीटीओ और सिपाही भी हो चुके हैं निलंबित

परिवहन आयुक्त किंजल सिंह ने इसी प्रकरण में लखनऊ के पीटीओ मनोज कुमार, रायबरेली की रेहाना बानो व फतेहपुर के अखिलेश चतुर्वेदी को 29 नवंबर को निलंबित करके सभी को परिवहन आयुक्त कार्यालय से संबद्ध किया था। इसी तरह लखनऊ के प्रवर्तन पर्यवेक्षक अनुज, उन्नाव के प्रवर्तन पर्यवेक्षक इंद्रजीत सिंह, उन्नाव के ही प्रवर्तन सिपाही रणजीत कुमार व प्रदीप सिंह और रायबरेली के प्रवर्तन चालक नौशाद को सस्पेंड किया जा चुका है।




AI Image

### नई कारों के FASTag के लिए KYV प्रक्रिया खत्म

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली: राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (NHAI) ने नई कार, जीप और वैन के FASTag के लिए जरूरी नो-योर व्हीकल (KYV) प्रक्रिया खत्म करने का फैसला किया है। यह नियम एक फरवरी से लागू होगा।

1 फरवरी 2026 से लागू होगा नया नियम

NHAI के मुताबिक, पहले से जारी FASTag के लिए भी KYV सामान्य रूप से जरूरी नहीं होगा। केवल उन मामलों में KYV होगी, जहां कोई शिकायत मिले। साथ ही FASTag जारी करने से पहले बैंकों के लिए VAHAN पोर्टल के जरिए वाहन की जानकारी की जांच अनिवार्य कर दी गई है।

# यूपी दिवस का आयोजन दूसरे राज्यों में भी: योगी

## CM ने की समीक्षा, मुख्य कार्यक्रम प्रेरणा स्थल पर

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ: सीएम योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को कहा कि 24 जनवरी को यूपी दिवस का आयोजन प्रदेश के अलावा उन राज्यों में भी किया जाए, जहां यूपी के लोग बड़ी संख्या में रहते हैं। ऐसे राज्यों के राज्यपाल, सीएम आदि को अतिथि के रूप में आमंत्रित किया जाए। मुख्य आयोजन राष्ट्र प्रेरणा स्थल पर होगा।

सीएम ने स्थापना दिवस के कार्यक्रमों की तैयारी की समीक्षा की। कहा कि आयोजनों में सरदार वल्लभ भाई पटेल, अटल बिहारी वाजपेयी, बिरसा मुंडा, वंदे मातरम्, आनंद मठ से जुड़ी नाट्य प्रस्तुतियां भी हों।

### 'प्रतिभाओं का सम्मान हो'

योगी ने कहा कि ब्लॉक, नगर व जिला स्तर पर गायन, वादन, नृत्य, नाट्य प्रतियोगिताएं करवाई जाएं। इसी तरह मंडल और राज्य स्तर पर प्रतियोगिताएं करवाई जाएं और कलाकारों को पुरस्कृत किया जाए। उन्होंने यूपी गौरव सम्मान, ODOP, विश्वकर्मा श्रम सम्मान, माटी कला बोर्ड में उत्कृष्ट कार्य करने वाले उद्यमियों, खेलकूद प्रतियोगिताओं के विजेताओं, उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं, डॉक्टरों, प्रगतिशील किसानों व वैज्ञानिकों को भी सम्मानित करने के निर्देश दिए।



### बांग्लादेश में हिंदू को पीटा, फिर पेट्रोल डालकर आग लगाई

■ पीटीआई, ढाका: बांग्लादेश के शरियतपुर जिले में बुधवार रात हिंदू व्यापारी खोकन चंद्र दास (50) पर बर्बर हमला किया गया। भीड़ ने पहले उनकी पिटाई की, फिर पेट्रोल डालकर आग के हवाले कर दिया। इससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। उनकी हालत नाजुक है।



रिपोर्ट के मुताबिक, दास दुकान बंद कर ऑटो-रिक्शा से घर लौट रहे थे, तभी उन पर हमला हुआ। जान बचाने के लिए वह एक तालाब में कूद गए। उनकी चीख सुन स्थानीय लोग पहुंचे, जिसके बाद हमलावर फरार हो गए। उन्हें पहले शरियतपुर सदर अस्पताल ले जाया गया, जहां से ढाका रेफर कर दिया गया।

## हैपी मॉर्निंग

**मेहमान:** और बताओ बेटा आगे का क्या प्लान है?
**मोनू:** बस आपके जाते ही वे बिस्कुट खाऊंगा.. वैसे भी नमकीन, मेवे तो आपने छोड़े नहीं है।

## सराफा

| | |
|---|---|
| सोना स्टैंडर्ड (99.5 शुद्धता) प्रति 10 ग्राम | |
| लखनऊ | ₹1,37,120 |
| चांदी .999 टंच प्रति किलो | |
| लखनऊ | ₹2,38,000 |

## अर्थसार

| | | |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | 85,188.60 | (-32) |
| निफ्टी | 26,146.55 | (+16.95) |
| रु./यूएस डॉलर | 89.96 | (+0.08) |
| रु./यूरो | 105.65 | (+0.16) |

## मौसम

| | |
|---|---|
| अधि.तापमान | 21.0 डिग्री |
| न्यून.तापमान | 07.7 डिग्री |
| सूर्यास्त शुक्रवार | 5:26 बजे |
| सूर्योदय शनिवार | 6:55 बजे |

# 4 युवकों ने ईंट-पत्थर से 55 गाड़ियों के तोड़े शीशे

## आशियाना की घटना, CCTV में कैद

■ NBT न्यूज, लखनऊ

नए साल के जश्न के बीच बुधवार रात आशियाना कॉलोनी में चार युवकों ने सड़क किनारे खड़ी गाड़ियों में जमकर तोड़फोड़ की। चारों ने करीब 55 गाड़ियों के शीशे और सनरूफ तोड़ दिए। लोगों ने गुरुवार सुबह गाड़ियों के टूटे शीशे देखे तो पुलिस को सूचना दी। यह करतूत आसपास लगे CCTV कैमरों में भी कैद हुई है। फुटेज में चारों लड़के 3:20 से 3:40 बजे के बीच कारों पर ईंट-पत्थर मारते दिख रहे हैं।

विधावती तृतीय वॉर्ड की पार्षद निर्मला सिंह के पति कमलेश सिंह ने बताया कि कानपुर रोड एलडीए कॉलोनी सेक्टर एल, सेक्टर ने के अधिका विहार और मदरसा में खड़ी गाड़ियों में तोड़फोड़ की गई। लोगों ने आरोपितों पर सख्त कार्रवाई और रात में पुलिस गश्त बढ़ाने की मांग की है। वहीं, इंस्पेक्टर आशियाना छत्रपाल सिंह ने बताया कि सेक्टर एल निवासी डॉ. अनुरोध प्रताप सिंह की तहरीर पर केस दर्ज किया गया है। CCTV फुटेज के आधार पर आरोपितों की पहचान का प्रयास किया जा रहा है।



सड़क पर खड़ी गाड़ियों पर फेंके पत्थर।

### जनवरी में सामान्य से अधिक सर्दी पड़ेगी: IMD

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली: जनवरी में सामान्य से अधिक सर्दी पड़ेगी। भारत मौसम विज्ञान विभाग (IMD) के अनुसार, उत्तर पश्चिमी और उत्तर पूर्वी भारत के कुछ हिस्सों में न्यूनतम तापमान सामान्य से अधिक रहेगा। बाकी जगह सामान्य या इससे कम रहेगा। यूपी, उत्तराखंड समेत कई राज्यों में बारिश सामान्य से अधिक होगी।

UP में सामान्य से अधिक होगी बारिश

**125 साल में आठवां सबसे गर्म साल रहा 2025:** IMD के अनुसार साल 2025 बीते 125 साल में आठवां सबसे गर्म साल रहा। इस दौरान देश का औसत तापमान सामान्य से 0.28 डिग्री सेल्सियस अधिक दर्ज किया गया। अब तक का सबसे गर्म साल 2024 रहा है। पेज 12

किराया कम, आराम ज्यादा — गुवाहाटी से कोलकाता के बीच चलेगी, तीन घंटे कम समय लेगी ट्रेन

# इसी महीने चलेगी पहली वंदे भारत स्लीपर ट्रेन

Maneesh.Aggarwal@timesofindia.com

**नई दिल्ली:** देश की पहली वंदे भारत स्लीपर ट्रेन इसी महीने गुवाहाटी से कोलकाता के बीच दौड़ेगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जल्द इसे हरी झंडी दिखाएंगे। रेल मंत्रालय के अनुसार, 17 या 18 जनवरी से इसका कमर्शल रन शुरू हो सकता है, हालांकि तारीख की आधिकारिक घोषणा बाकी है। यह 16 कोच की पूरी तरह AC ट्रेन है, जिसमें 823 यात्रियों की क्षमता है।

रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि 30 दिसंबर को कोटा से नागदा के बीच 180 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से वंदे भारत स्लीपर ट्रेन का ट्रायल किया गया था। इसकी औसत रफ्तार 120-130 किमी प्रति घंटा होगी और यह मौजूदा ट्रेनों के मुकाबले करीब तीन घंटे कम समय लेगी। यह ट्रेन शाम को चलेगी और सुबह गंतव्य पर पहुंचेगी। किराया आम यात्रियों को ध्यान में रखकर तय किया गया है। ट्रेन में आरामदायक बर्थ, झटकों से मुक्त सफर, ऑटोमैटिक दरवाजे और दिव्यांगों के लिए सुविधाएं होंगी। कोलकाता से चलने पर बंगाली और गुवाहाटी से चलने पर असमिया व्यंजन परोसे जाएंगे।

- 1AC का किराया 3600, 2AC का 3000, 3AC का 2300 होगा
- 16 कोच की होगी ट्रेन, 823 यात्रियों के सफर की क्षमता
- अगले 6 महीनों में ऐसी 8 और स्लीपर वंदे भारत ट्रेनें शुरू होंगी





15 अक्टूबर, 2025 को दिल्ली में 'इंटरनैशनल रेलवे इक्विपमेंट एग्जिबिशन' में फर्स्ट AC कोच का डिजाइन पेश किया गया था।

### बुलेट ट्रेन अगले साल 15 अगस्त से: वैष्णव

आईएएनएस, नई दिल्ली: रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने गुरुवार को कहा कि 15 अगस्त 2027 को देश को पहली बुलेट ट्रेन मिल जाएगी। वैष्णव ने मजाकिया लहजे में कहा कि अभी से बुलेट ट्रेन की टिकट खरीद लीजिए, अगले साल बुलेट ट्रेन भी आ जाएगी।



CCI NG 3.7 Product: NBTLucknowBS PubDate: 02-01-2026 Zone: Lucknow Edition: 1 Page: NBTL10 User: cci Time: 01-02-2026 00:27 Color:



## फटाफट खबरें

### बाघ के हमले में महिला की मौत

■ NBT रिपोर्ट, अल्मोड़ा: उत्तराखंड के सल्ट विकासखंड के खोल्यो-टोटाम गांव में बुधवार रात बाघ ने एक महिला पर हमला कर दिया। हमले में महिला की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार, महिला देर रात किसी जरूरी काम से घर से निकली थी। घात लगाकर बैठे बाघ ने महिला पर अचानक हमला कर दिया। बाघ महिला को जंगल की ओर घसीट ले गया। वन विभाग के सर्च ऑपरेशन में महिला का क्षत विक्षत शव मिला।

### हिमाचल में पुलिस थाने के पास ब्लास्ट

■ भाषा, शिमला: हिमाचल प्रदेश के सोलन जिले में गुरुवार सुबह एक पुलिस थाने के पास ब्लास्ट हुआ। अधिकारियों ने बताया कि इसमें कोई हताहत नहीं हुआ है और विस्फोट के कारणों का पता लगाया जा रहा है। विस्फोट का प्रभाव इतना जोरदार था कि आसपास की इमारतों की खिड़कियां टूट गई जिसमें घटनास्थल से 40 मीटर दूर स्थित सेना की एक कैंटीन की खिड़कियां भी शामिल हैं।

### बिहार: 50 हजार का इनामी नक्सली ढेर

■ भाषा, पटना: बिहार के बेगूसराय जिले में सुरक्षाबलों के साथ हुई मुठभेड़ में 50 हजार रुपये का इनामी नक्सली मारा गया। पुलिस ने गुरुवार को बताया कि मारे गए नक्सली की पहचान प्रतिबंधित भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (माओवादी) की उत्तर बिहार केंद्रीय जोनल कमेटी के सचिव दयानंद मलाकार के रूप में हुई है। नक्सली के दो सहयोगियों को गिरफ्तार किया गया है। वह 14 से अधिक आपराधिक मामलों में वॉन्टेड था।

### दुष्ट ताकतों के आगे नहीं झुकेंगे : ममता

■ भाषा, कोलकाता : तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के स्थापना दिवस पर पश्चिम बंगाल की CM ममता बनर्जी ने गुरुवार को कहा कि उनकी पार्टी जनता के लिए अपनी लड़ाई जारी रखेगी और दुष्ट ताकतों के सामने नहीं झुकेगी। बनर्जी ने कहा कि पार्टी की इस ऐतिहासिक यात्रा का मूल मार्गदर्शक सिद्धांत मातृभूमि का सम्मान, बंगाल का विकास और लोकतांत्रिक अधिकारों की रक्षा करना रहा है।



ममता बनर्जी

# इंदौर में मौत की संख्या पर अलग बयान, सवाल पूछा तो भड़के मंत्री

## कैलाश विजयवर्गीय की बहस का विडियो वायरल, बाद में सफाई दी

■ भाषा, इंदौर


**गंदे पानी** से उपजे संकट पर सवाल पूछने के बाद मध्यप्रदेश के मंत्री कैलाश विजयवर्गीय के कथित रूप से बोल बिगड़ गए। उन्होंने सवाल पूछने वाले एक टीवी पत्रकार के लिए आपत्तिजनक शब्दों का इस्तेमाल किया। इस घटना का विडियो गुरुवार को सोशल मीडिया पर वायरल हो गया।

घटना बुधवार देर रात की है जब राज्य के नगरीय विकास और आवास मंत्री विजयवर्गीय इंदौर में फैले डायरिया के प्रकोप के संबंध में मीडिया से बातचीत कर रहे थे। टीवी पत्रकार अनुराग द्वारी ने मंत्री से पूछा कि निजी अस्पतालों को चुकाए गए बिल का भुगतान निवासियों को क्यों नहीं किया गया और इस इलाके के नागरिकों के लिए साफ पानी का इंतजाम क्यों नहीं हुआ? इसपर मंत्री ने नाराजगी जताते हुए कहा, छोड़ो यार, तुम फोकट सवाल मत पूछो। जब पत्रकार ने इस सवाल का जवाब देने के लिए दबाव बनाया तो पत्रकार और विजयवर्गीय के बीच बहस हो गई। विडियो में मंत्री को सवाल खारिज करने के लिए 'घंटा' शब्द का इस्तेमाल करते हुए सुना जा सकता है। विरोध के बाद मंत्री ने घटना पर खेद जताया।



कैलाश विजयवर्गीय

PTI



इंदौर में गंदे पानी से फैले डायरिया के प्रकोप के बाद शहर में लगातार साफ-सफाई जारी है।

### मंत्री का विवादों से रहा है पुराना नाता

**कैलाश विजयवर्गीय** का विवादों से पुराना नाता रहा है। अगस्त 2025 में, उन्होंने दावा किया था कि 1947 को भारत को मिली 'कटी-फटी' स्वतंत्रता मिली थी। उनपर स्वतंत्रता सेनानियों के अपमान का आरोप लगा था। अक्टूबर 2025 में, ऑस्ट्रेलियाई महिला क्रिकेटरों के साथ कथित छेड़छाड़ के मामले में मंत्री ने कहा था कि खिलाड़ियों को होटल से निकलने से पहले अधिकारियों को सूचित करना चाहिए था। इसके बाद भी उनकी खूब आलोचना हुई थी। अप्रैल 2023 में, एक धार्मिक समारोह में उन्होंने कहा था, खराब या छोटे कपड़े पहनने वाली लड़कियां 'शूर्पणखा' (रामायण में राक्षस राजा रावण की बहन) जैसी दिखती हैं, जिसके बाद काफी हंगामा मच गया था।

### स्थानीय बोले, 13 मौतें, मेयर ने 7 मानीं

इंदौर में गंदे पानी से मौतों की संख्या को लेकर अलग- अलग दावे सामने आते रहे। स्थानीय लोगों का कहना है कि अब तक 13 लोगों की मौत हुई है। बुधवार को मुख्यमंत्री ने मौतों की संख्या चार बताई थी। कुछ घंटों बाद मेयर पुष्यमित्र भार्गव ने सात मौतों की बात कही।

**कांग्रेस ने मांगा मंत्री का इस्तीफा**

कांग्रेस की मध्यप्रदेश इकाई के अध्यक्ष जीतू पटवारी ने बीजेपी नेताओं पर अहंकारी होने का आरोप लगाया और मांग की कि मुख्यमंत्री मोहन यादव नैतिक आधार पर विजयवर्गीय का इस्तीफा मांगें। यादव ने बुधवार को गंदे पानी से फैले डायरिया के प्रकोप को मेडिकल इमरजेंसी जैसे हालात बताया था और इसके लिए जिम्मेदार लोगों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई का भरोसा दिया था।

# 5.41 करोड़ केस पेंडिंग, कोर्ट के सामने इन्हें निपटाने की बड़ी चुनौती


Rajesh.Choudhary
@timesofindia.com

■ नई दिल्ली : देश में जुडिशरी के सामने अभी भी सबसे बड़ी चुनौती करोड़ों की पेंडेंसी को कम करना है। देश भर की निचली अदालतों, हाई कोर्ट और सुप्रीम कोर्ट में कुल मिलाकर अभी भारी पेंडेंसी है।

नैशनल जुडिशल डेटा ग्रिड में 28 दिसंबर 2025 के आंकड़ों के मुताबिक देश भर की अदालतों यानी निचली अदालतों, हाई कोर्ट और सुप्रीम कोर्ट में कुल मिलाकर 5 करोड़ 41 लाख केस पेंडिंग हैं। देश भर की निचली अदालतों में 4.76 करोड़ केस पेंडिंग हैं। इनमें 3.65 करोड़ केस क्रिमिनल मैटर हैं और बाकी सिविल मैटर हैं। निचली अदालतों में यूपी में कुल 1.13 करोड़ केस पेंडिंग हैं। वहीं दिल्ली की निचली अदालतों में 15.85 लाख केस पेंडिंग हैं। तो सुप्रीम कोर्ट के आंकड़ों के मुताबिक अभी 91,892 केस पेंडिंग हैं। राज्यों के हाई कोर्ट में 63.67 लाख केस पेंडिंग हैं। इन पेंडेंसी में 19.01 लाख केस क्रिमिनल हैं जबकि 44.65 लाख केस सिविल मैटर हैं।

**केस पेंडेंसी को लेकर चिंताएं :** चीफ जस्टिस सूर्यकांत ने नवंबर में शपथ से ठीक पहले कहा था कि उनकी प्राथमिकता होगी कि पेंडेंसी पर काबू पाया जा सके। कहा था, हम सबसे पहले यह देखेंगे कि कैसे कम किया जाए और इसके लिए जो संसाधन हैं उसका इस्तेमाल बेहतर तरीके से किया जाएगा। पिछले साल 11 जुलाई को लॉ मिनिस्ट्री ने केंद्र सरकार के विभिन्न मंत्रालयों और विभागों को दिशा निर्देश जारी किए थे। विधि और न्याय मंत्रालय द्वारा कहा गया है कि यह SOP अनावश्यक मुकदमों को रोकने और आपसी विभागीय समन्वय को बेहतर बनाने में मदद करेगी।

AI Image



- 91.89 हजार केस सुप्रीम कोर्ट में पेंडिंग हैं।
- 63.67 लाख केस हाई कोर्टों में पेंडिंग हैं।
- 4.76 करोड़ केस निचली अदालतों में पेंडिंग हैं।
- 15.85 लाख केस दिल्ली हाई कोर्ट में पेंडिंग हैं।
- 1 वेकेंसी सुप्रीम कोर्ट में
- 297 वेकेंसी हाई कोर्टों में
- 4855 वेकेंसी निचली अदालतों में

(सोर्स: नैशनल जुडिशल डेटा ग्रिड)

### एक्सपर्ट बोले- पेंडेंसी संवैधानिक संकट

रिटायर डिस्ट्रिक्ट जज और कानूनी जानकार कामिनी लॉ बताती हैं कि भारत में न्यायिक मामलों का लंबित बोझ अब केवल आंकड़ों की समस्या नहीं रह गया है, बल्कि यह एक संवैधानिक संकट का रूप ले चुका है, जो न्याय तक सार्थक पहुंच को प्रभावित करता है। इस संदर्भ में, सुप्रीम कोर्ट की जोनल बेंच की स्थापना पर विचार किया जा सकता है। सुप्रीम कोर्ट की परिकल्पना मुख्यतः एक संवैधानिक न्यायालय और अंतिम व्याख्या की अदालत के रूप में की गई थी लेकिन आज इसके सामने पेंडिंग मामलों का एक बड़ा हिस्सा विशेष अनुमति याचिकाओं का है, जो सेवा मामलों, जमीन विवादों और सामान्य दीवानी और आपराधिक अपीलों से संबंधित है। उत्तर, दक्षिण, पूर्व और पश्चिम में चार स्थायी जोनल बेंच की स्थापना, और नई दिल्ली में स्थायी रूप से बैठने वाली एक संविधान पीठ के साथ, न्याय तक पहुंच का विकेंद्रीकरण करेगी, वादकारियों के सामने आने वाली भौगोलिक और आर्थिक बाधाओं को कम करेगी।

# J&K: पाक सीमा के पास मिला हथियारों से भरा बैग

■ भाषा, मेंढर/पुंछ

**जम्मू कश्मीर** के पुंछ जिले में भारत-पाकिस्तान सीमा के पास गुरुवार को सेना ने एक संदिग्ध बैग बरामद किया। आशंका है कि यह बैग ड्रोन से गिराया गया था।

अधिकारियों ने बताया कि सेना को एक बैग मिला जिसमें दर्जनों कारतूस थे। साथ ही एक पीले रंग का टिफिन बॉक्स भी बरामद हुआ जिसके बारे में संदेह है कि यह एक इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस (IED) हो सकता है। यह बैग सुबह के समय खारी गांव के चक्कन दा बाग इलाके में रंगर नाला और पुंछ नदी के बीच गिराया गया था। वहीं गांदरबल में आतंकियों की मदद के आरोप में दो लोगों को गिरफ्तार किया गया है।

> सुरक्षाबलों ने आशंका जताई कि यह बैग ड्रोन से गिराया गया था

### राजस्थान में पाक नागरिक पकड़ा

■ भाषा, जयपुर: सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) ने जैसलमेर जिले में सीमा पार करके भारतीय क्षेत्र में आए पाकिस्तानी नागरिक को पकड़ा है। अधिकारियों ने गुरुवार को बताया कि घुसपैठिए को मथना और नीछु सेक्टर से लगे इलाके से पकड़ा गया। पहली नजर में उसके मानसिक रूप से अस्वस्थ होने का संदेह है, हालांकि विस्तृत मेडिकल जांच और पूछताछ के बाद ही उसकी सही स्थिति का पता लग सकेगा। शुरुआती पूछताछ के दौरान, शख्स ने खुद को राणा मोहम्मद असलम का बेटा इशरत (35) बताया। उसने बताया कि वह पाकिस्तान के पंजाब प्रांत के सरगोधा जिले का निवासी है।

## अयोध्या/बाराबंकी

# सरयू के तीर आज खेले रघुनंदन बबुआ

■ NBT न्यूज, अयोध्या

**श्री राम** जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र द्वारा आयोजित द्वितीय प्रतिष्ठा द्वादशी महोत्सव के चौथे दिन गुरुवार को श्रीराम कथा मंच से जगद्गुरु रामानुजाचार्य स्वामी रामदिनेशाचार्य ने कहा कि कहा श्रीराम लला के दर्शन के लिए देर भी लगे तो चिंता मत करना, भोले बाबा और महाज्ञानी कागभुसुंडि को दर्शन के लिए अयोध्या में 15 दिनों तक धक्के सहने पड़े थे। चूड़ामणि संस्कार की चर्चा में कहा कि राजा दशरथ के बुलाने पर राम नहीं आए क्योंकि ताकत के बूते भगवान नहीं आते। वहीं, भक्ति रूपी कौशल्या के बुलाने भगवान झूमते हुए आ पहुंचे।

सांस्कृतिक कार्यक्रम में फिरोजाबाद के मयूरी शर्मा एवं समूह ने नृत्यांजलि प्रस्तुति में श्रीराम चरित्रम, दशावतार कथक नृत्य नटिकाएं प्रस्तुत कीं। तीन ताल में प्रस्तुत दशावतार में भगवान विष्णु के प्रथम मत्स्यवतार, दूसरा कूर्मावतार, तीसरे वराह अवतार, चौथा नरसिंह, पांचवा वामन, छठा परशुराम, राम, कृष्ण, बुद्ध और कल्किवतार का मंचन किया। वहीं, समूह ने अर्धनारीश्वर की जीवंत प्रस्तुति देते हुए शिव और शक्ति का अद्भुत संगम, दिखाया। वहीं समरसता, संतुलन और पूर्णता का संदेश दिया। नृत्य नाटिका की परिकल्पना और संयोजन मयूरी शर्मा ने किया।



अंगद टीला मैदान पर आयोजित श्रीराम लला के द्वितीय प्रतिष्ठा द्वादशी समारोह के चौथे दिन गुरुवार को अनूप जलोटा ने भजन पेश किए। ऐसी लागी लगन मीरा हो गई मगन, श्याम तेरी बंसी, कन्हैया तेरी बंसी पुकारे राधा नाम सहित अन्य भजन पेश किए। इस दौरान तबले पर अमित चौधरी, वायलीन पर महेश राव, गिटार पर हिमांशु तिवारी के साथ ही गायन में अमीशा जलोटा ने साथ दिया।

## फटाफट खबरें

### बाल विवाह रोकने के लिए अभियान शुरू

■ NBT न्यूज, बाराबंकी: जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने जिला सत्र न्यायाधीश प्रतिभा श्रीवास्तव की देखरेख में बाल विवाह रोकथाम को लेकर 100 दिनों का विशेष अभियान शुरू किया है। इस दौरान गांव, स्कूल-कॉलेज में कार्यक्रम के साथ ही जागरूकता रैली, नुक्कड़ नाटक के साथ ही संभावित बाल विवाह की पहचान कर त्वरित कार्रवाई होगी। इसमें प्रशासन, पुलिस, शिक्षा विभाग, महिला व बाल विकास विभाग की भी भागीदारी होगी।

### नव वर्ष पर जरूरतमंदों को कंबल बांटे



■ NBT न्यूज, बाराबंकी: साल के पहले दिन गुरुवार को जरूरतमंदों तक मदद पहुंचाई गई। मसौली में पूर्व जिला पंचायत सदस्य शकील सिद्दीकी की तरफ से आयोजित समारोह में पूर्व मंत्री अरविंद कुमार सिंह गोप व फरीद महफूज किदवई ने करीब 5000 लोगों को कंबल बांटे। वहीं, इनर व्हील क्लब की अध्यक्ष रेनू जैन ने 150 महिलाओं को कंबल मुहैया करवाए। इस मौके पर प्रदीप जैन, ऋतु जैन, पंकज जैन मौजूद रहे।

### बेटे की प्रेमिका का हत्यारोपित दंपती गिरफ्तार

■ NBT न्यूज, बाराबंकी: बेटे की प्रेमिका की हत्या के आरोप में फरार चल रहे दंपती को पुलिस ने गुरुवार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। आरोपितों की निशानदेही पर कुल्हाड़ी, आधार, पैन कार्ड के साथ ही युवती का टूटा फोन भी बरामद किया गया है। पुलिस इस मामले में प्रेमी संदीप यादव और उसकी चार बहनों को पहले ही गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है। पुलिस के अनुसार 15 दिसंबर को गोरखपुर निवासी ममता मसौली के कस्बा शहाबपुर निवासी संदीप के घर आई थी। इसके बाद उसका शव मिला था। संदीप ने ही अपने माता-पिता व बहनों पर हत्या का आरोप लगाया था।

### पेड़ से लटका मिला युवती का शव

■ NBT न्यूज, बाराबंकी: घुंघटेर के करीमपुर में गुरुवार सुबह एक युवती का शव पेड़ से लटका मिला। परिवारीजनों ने रेप के बाद हत्या की आशंका जताई है। करीमपुर निवासी परिवारीजनों के अनुसार गुरुवार सुबह उठने पर बेटी घर में नहीं दिखी। नंबर मिलाने पर फोन भी बंद था। इसी बीच ग्रामीणों ने घर से कुछ दूरी पर खेत में लगे पेड़ में शव लटका होने की सूचना मिली। कपड़े अस्त-व्यस्त होने के साथ ही नाक से खून और फोन गायब था। वहीं, फतेहपुर में डबल शारदा सहायक नहर पुल के नीचे नहर में युवक का झाड़ियों में फंसा पाया गया। पेट रस्सी से बांधी होने से हत्या के बाद फेंके जाने की आशंका है। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक संजीत सोनकर के अनुसार शव करीब 5 से 6 दिन पुराना लग रहा है। फोन की मदद से पहचान की कोशिश की जा रही है।

# 100 दिन प्रदर्शन, लीव पर भेजे गए तेज़पुर यूनिवर्सिटी के VC

Bhupender.Sharma
@timesofindia.com

■ नई दिल्ली : असम की तेजपुर यूनिवर्सिटी के वाइस चांसलर (वीसी) शंभू नाथ सिंह के खिलाफ छात्र और फैकल्टी मेंबर्स 100 से ज्यादा दिनों से आंदोलन कर रहे हैं। यूनिवर्सिटी में बढ़ते विरोध के बाद केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय ने वीसी को तुरंत प्रभाव से छुट्टी पर भेजने का आदेश दिया है और एक उच्च स्तरीय जांच कमिटी भी बनाई है। असम की जानी-मानी तेजपुर यूनिवर्सिटी के छात्रों, शिक्षकों और स्टाफ मेंबर्स ने वीसी पर वित्तीय, प्रशासनिक समेत तमाम तरह के आरोप लगाए और उन पर पर्यावरण से जुड़े नियमों की अनदेखी करने का भी आरोप लगाया।

> प्रशासनिक गड़बड़ियों का आरोप, जांच कमिटी भी बनी

### तीन महीने में रिपोर्ट देने को कहा

शिक्षा मंत्रालय के उच्च शिक्षा विभाग ने तीन मेंबर वाली जांच कमिटी बनाई है, जिसके चेयरमैन मणिपुर यूनिवर्सिटी के वाइस-चांसलर प्रो. एन. लोकेंद्र सिंह होंगे। सदस्यों में नागालैंड यूनिवर्सिटी के वाइस-चांसलर प्रो. जगदीश कुमार पटनायक और यूजीसी के सचिव प्रो. मनीष आर. जोशी शामिल हैं। कमिटी को अधिकतम तीन महीने के भीतर रिपोर्ट देने को कहा गया है। IIT गुवाहाटी के डिजाइन विभाग के प्रो. अमरेंद्र कुमार दास को यूनिवर्सिटी का प्रो-वाइस-चांसलर नियुक्त किया है।

# पूरे देश में BSNL की वॉइस ओवर वाई-फाई सेवा

■ एजेंसियां, नई दिल्ली: भारत संचार निगम लिमिटेड (BSNL) ने साल के पहले दिन पूरे देश में वॉइस ओवर वाई-फाई (VO वाई-फाई) सेवा शुरू करने का ऐलान किया। VO वाई-फाई से वाई-फाई नेटवर्क पर वॉइस कॉल और मैसेजिंग हो सकेगा। इससे लोगों को कमजोर मोबाइल सिग्नल वाले इलाकों में भी बेहतर कनेक्टिविटी मिलेगी।

VO वाई-फाई सुविधा ज्यादातर स्मार्टफोन में मौजूद है। इसके लिए लोगों को मोबाइल की सेटिंग्स में वाई-फाई कॉलिंग इनेबल करनी होगी। किसी मदद के लिए लोग BSNL के हेल्पलाइन नंबर 18001503 पर भी संपर्क कर सकते हैं।

# रफ्तार ने छीनी किशोरी सहित 6 जानें

■ NBT न्यूज, बाराबंकी

> बाराबंकी के अलग-अलग इलाकों में हुए हादसे, घायलों में कई गंभीर

**अलग-अलग** सड़क हादसों में किशोरी सहित छह लोगों की मौत हो गई। इसके साथ ही हादसों में कई लोग घायल हो गए।

फतेहपुर निवासी शाकिब (21) गुरुवार सुबह दोस्त फैसल के साथ कार से जा रहे थे। दशरथपुर गांव के पास टायर पंचर होने से कार अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गई। इलाज के दौरान फैसल की मौत हो गई। उधर, सफेदाबाद के पास बुधवार रात अज्ञात वाहन की टक्कर से परेंडिया निवासी विकास गौतम (25) की मौत हो गई। सतरिख के मोहना गांव निवासी मंगलदीप (30), छोटे भाई अर्जुन, दोस्त बबलू और सुनील को लेकर बाइक से घर लौट रहे थे। जरमपुर गांव के पास पिकप की टक्कर से मंगलदीप की मौत हो गई। इसी प्रकार बाइक की टक्कर से घायल चोखी निवासी सोमवारा रावत (15) की इलाज के दौरान जिला अस्पताल में मौत हो गई। रामनगर में तेज रफ्तार कार ने बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार भीलपुर निवासी आशीष शर्मा (15) की मौत हो गई, जबकि वीशु, जीतू चौहान और विशाल गंभीर रूप से घायल हो गए। वहीं, मथुरानगरलालपुर गांव निवासी आनंद मौर्या (32) की बाइक में महादेवा-बैरमपुर मार्ग पर गर्भी गांव के पास गन्ना लदे ट्रैक्टर-ट्रॉली की चपेट में आकर मौत हो गई।

### लापता किशोरी बरामद, अपहरण के आरोप में 2 अरेस्ट

■ NBT न्यूज, त्रिवेदीगंज: लोनीकटरा के एक गांव से किशोरी को अगवा करने के मामले में पुलिस ने केस दर्ज कर दो आरोपितों को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार गुरुवार को किशोरी को सकुशल बरामद कर लिया गया। इसके साथ ही अपहरण के आरोप में सज्जन व हरिराम को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। पुलिस के अनुसार पीड़िता का मेडिकल करवाने के साथ ही बयान दर्ज किए जा रहे हैं। रिपोर्ट और छानबीन में सामने आई जानकारी के आधार पर दर्ज केस में धाराएं बढ़ाई जाएंगी।

### PO ने सरयू नदी में कूदकर दी जान

■ NBT न्यूज, अयोध्या: एसबीआई के पीओ ने बुधवार दोपहर सरयू नदी में छलांग लगाकर जान दे दी। पुलिस के अनुसार गोंडा के मनकापुर निवासी राम बाबू सोनी (38) का 25 दिन पहले ही बस्ती से बहराइच तबादला हुआ था। परिवारीजनों के अनुसार अवसाद के शिकार राम बाबू का इलाज चल रहा था। बताया जा रहा है कि दवा लेने के लिए घर से निकले पीओ ने परिवारीजनों से बात करने के बाद उन्होंने लोकेशन भेजी और फिर फोन स्विच ऑफ हो गया। मौके पर पहुंचे परिवारीजनों ने पुलिस को सूचना दी थी। तलाश शुरू की गई और रात करीब आठ बजे गोताखोरों की मदद से शव बरामद किया जा सका।

## 12 राशियां और आपका दिन



**ARIES** (21 Mar - 19 Apr): चंद्रमा अर्धरात्रि 4 बजकर 30 मिनट पर मिथुन राशि में प्रवेश करेगा, इसके फलस्वरूप मांगलिक कार्यों में सम्मिलित होने का अवसर प्राप्त होगा। आज के दिन समाज में शुभव्यय से आपकी कीर्ति बढ़ेगी। सायं 5 बजे तक कोई खास चीज भी पहचान हो जाएगी। भौतिक विकास का योग अच्छा है।

**TAURUS** (20 Apr - 19 May): आज आपका ध्यान नई योजनाओं में लगेगा। किसी देवस्थान की यात्रा से मन को सुकून मिलेगा। कानूनी विवाद में विजय, स्थान परिवर्तन की योजना सफल हो सकती है। दिन के उत्तरार्ध में उलझनों के बावजूद फायदा में वृद्धि होगी। परिवार में हर्ष मंगलमय परिवर्तन व मनोवांछित सिद्धि होगी।

**GEMINI** (21 May - 21 Jun): आज का दिन काफी रचनात्मक है। किसी क्रिएटिव और आर्टिस्टिक काम को पूरा करने में आज दिन बिता सकते हैं। जो काम आपको सबसे ज्यादा प्रिय है, आज वही करने को मिलेगा। आज आपको रिलैक्स करने में मदद मिलेगी। नई योजनाएं भी दिमाग में आएंगी, अपने से किसी सीनियर का सहयोग पाने का प्रयास करें।

**CANCER** (22 Jun - 22 Jul): आज का दिन काफी सृजनात्मक है, जो भी काम लगन के साथ करेंगे, उसका फल आज उसी समय मिल सकता है। अधूरे काम निपट जाएंगे, महत्वपूर्ण चर्चा होगी। ऑफिस में आपके विरोधी के मुताबिक माहौल बन जाएगा और आपके साथी भी अच्छा सहयोग करेंगे। रात्रि में किसी कार्यक्रम में जाने का अवसर मिल सकता है।

**LEO** (23 Jul - 22 Aug): आज का दिन वैसे तो काफी व्यस्त रखने वाला है, लेकिन धर्म-अध्यात्म के मामले में पढ़ाई-लिखाई के लिए थोड़ा समय निकाल लेना ही अच्छा होगा। कार्यक्षेत्र में सीनियर अधिकारी आपके कार्यों में रुकावट डालने की कोशिश करेंगे। रात्रि का समय मंगलमय कार्यों में व्यतीत होगा।

**VIRGO** (23 Aug - 22 Sep): आज आपको वाणी व्यवहार में संयम व सावधानी बरतें। आसपास के लोगों से टकराव की नौबत न आए इस बात का भी ध्यान रखें। किसी शुभ कार्य की चर्चा हो सकती है। भाग्य पर भरोसा रखें और आत्मविश्वास के साथ कार्य करें। रात्रि के समय स्थिति में और भी सुधार होगा।

**LIBRA** (23 Sep - 22 Oct): आज का दिन आपके लिए लाभकारक है। कार्यक्षेत्र में नए अवसर प्राप्त होंगे और नई जिम्मेदारियां भी मिलेंगी। कार्य-व्यापार से जुड़े सभी विवाद आज सुलझ सकते हैं। नए प्रोजेक्ट पर भी कुछ काम शुरू हो सकता है। जमीन-जायदाद के मामले में परिवार और आसपास के लोग कुछ परेशानी पैदा करने की कोशिश कर सकते हैं। फिजूल की चिंताओं पर ध्यान न दें।

**SCORPIO** (23 Oct - 21 Nov): आर्थिक दृष्टि से आज का दिन काफी मजबूत है। दिनभर लाभ के अवसर प्राप्त होंगे। इसलिए क्रियाशील रहें। परिवार में सुख-शांति और सिथरता का आनंद उठाएं। नौकरी या व्यापार में कुछ नवीनता ला सके तो आगे चलकर लाभ होगा। काम में नई जान आएगी। समय का भरपूर लाभ उठाएं।

**SAGITTARIUS** (22 Nov - 21 Dec): आज का दिन सावधानी और सतर्कता का है। बिजनेस के मामले में थोड़ा सा जोखिम उठाने से बड़ा लाभ होने की आशा है। रोजमर्रा के कामों से परे कुछ नए कामों में हाथ आजमाएं। किसी अपने के लिए कुछ पैसों का इंतजाम करना पड़ सकता है। नया मौका आपके आसपास है, उसे पहचानना आपके हाथ में है।

**CAPRICORN** (22 Dec - 19 Jan): आज का दिन सामान्य है। भागीदारी में किया गया व्यापार काफी फायदा पहुंचाएगा। रोजमर्रा के घरेलू कामों को निपटाने का आज सुनहरा मौका है। हो सकता है आज आपको पुत्र-पुत्री के संबंध में कोई बड़ा फैसला लेना पड़े। संतान पक्ष से भी आज के दिन सुखद समाचार मिलेगा।

**AQUARIUS** (20 Jan - 18 Feb): आज का दिन अपने स्वास्थ्य के प्रति सावधानी बरतने का है। मौसम परिवर्तन से तबीयत बिगड़ सकती है। खान-पान में लापरवाही बिल्कुल भी न बरतें। व्यापार के मामले में दिन सुखद व्यतीत होगा। जल्दबाजी में कोई भूल हो सकती है, इसलिए हर काम सोच-समझ कर करें।

**PISCES** (19 Feb - 20 Mar): आज का दिन लाभकारक रहेगा। व्यापार में जोखिम उठाने का परिणाम आज हितकर रहेगा। परेशानियों को धैर्य और अपने मृदु व्यवहार से सुधार कर ठीक किया जा सकता है। अपनी बुद्धि का प्रयोग करके आप वह सब कुछ पा सकते हैं, जिसकी आपको अभी तक कमी रही है। किसी सदव्यवहार व्यक्ति की सहायता करें।

## जन्मदिन की शुभकामनाएं

वर्ष के स्वामी सूर्य और मंगल बड़ बने हैं। राशि से पहले घर में सूर्य, केतु व शनि का त्रिकोणी योग जनवरी के शेष दिनों में आपको कुछ बड़े खतरे व जोखिम उठाने पड़ सकते हैं। ऐसे में सावधान रहें और जल्दबाजी में कोई भी कदम न उठाएं। फरवरी से लेकर मार्च महीने के अंत तक किसी राजकीय विवाद का अंत हो जाएगा। यह समय आपके लिए अच्छा है। अप्रैल महीने के मध्य में कई प्रकार की समस्याएं उत्पन्न समाप्त हो जाएंगी। मई महीने से लेकर जून महीने के अंत तक अपने व्यवसाय, कारोबार को लेकर कुछ कष्ट होगा। हालांकि सभी परेशानियां अस्थायी हैं और समय के साथ व्यापार पटरी पर लौट जाएगा। जुलाई महीने से लेकर अगस्त तक में कुछ परिवार के मामले हल हो सकते हैं। सितंबर माह की शुरुआत से लेकर अक्टूबर माह के अंत तक में मित्रों की सहायता से काम काज में मामूली उत्थान होगी और काम में नई जान आएगी। नवंबर में किसी पर्यटन यात्रा का आनंद उठाएंगे। दिसंबर के अंत तक किसी नए कार्यक्षेत्र की योजनाएं बनेंगी। महिलाओं के लिए यह वर्ष जीवन स्तर को बढ़ाने वाला सिद्ध होगा। जनवरी 2027 में परिवार के सदस्यों की आमदनी के स्रोत बढ़ेंगे। चतुर्थी योग की शांति के लिए श्री मृत संजीवनी जाप सवा लाख कराएं।

-आचार्य कृष्ण दत्त शर्मा

## कल का पंचांग


(शनिवार, 3 जनवरी 2026)

राष्ट्रीय मिति पौष 14, शक संवत 1947, पौष, शुक्ल, पूर्णिमा, शनिवार, विक्रम संवत 2082। सौर पौष मास प्रविष्टे 20, रज्जब 13, हिजरी 1447 (मुस्लिम) तदनुसार अंग्रेजी तारीख 3 जनवरी 2026 ई.। सूर्य उत्तरायण, दक्षिण गोल, शिशिर ऋतु। राहुकाल प्रातः 9 बजे से 10 बजकर 30 मिनट तक। पूर्णिमा तिथि अपराह्न 3 बजकर 33 मिनट तक उपरांत प्रतिपदा तिथि का आरंभ। आर्द्रा नक्षत्र सायं 5 बजकर 28 मिनट तक उपरांत पुनर्वसु नक्षत्र का आरंभ। ब्रह्म योग प्रातः 9 बजकर 5 मिनट तक उपरांत ऐंद्र योग का आरंभ। बव करण अपराह्न 3 बजकर 33 मिनट तक उपरांत कौलव करण का आरंभ। चंद्रमा दिन-रात मिथुन राशि पर संचार करेगा। आज के व्रत त्योहार - सत्यनारायण कथा।

## सुडोकू

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | | | | 4 | | | | 2 |
| 2 | 8 | | | | | | 3 | 5 |
| | 7 | 4 | | | | 9 | 8 | |
| 6 | | | 8 | | 5 | | | 7 |
| | | | | 7 | | | | |
| 7 | | | 4 | | 1 | | | 6 |
| | 3 | 2 | | | | 6 | 9 | |
| 5 | 6 | | | | | | 1 | 3 |
| 1 | | | | 3 | | | | 4 |

## TELEVISION



big magic

| | |
|---|---|
| 09:00 बालू डालू | 14:30 हम पांच |
| 10:00 बद्दूफ बुड़बक | 15:00 अजब देश की गजब कहानी |
| 11:00 रुद्र के रक्षक | 16:30 प्यार मोहब्बत हैप्पी लकी |
| 11:30 अलादीन | 19:30 रुद्र के रक्षक |
| 12:00 चक्रधारी अजेय कृष्णा | 21:00 चौरा |
| 13:30 भ से भदे | |

CCI NG 3.7 Product: NBTLucknowBS PubDate: 02-01-2026 Zone: Lucknow Edition: 1 Page: NBTL11 User: cci Time: 01-01-2026 23:32 Color:



सीरीज में तीन की जगह पांच वनडे क्यों नहीं हो सकते? क्योंकि ये दोनों महान खिलाड़ी (विराट और रोहित) सिर्फ एक ही फॉर्मेट खेलते हैं। यह कहना गलत नहीं होगा कि वनडे में रुचि लौटी है, तो उसकी वजह ये दो ही हैं। - इरफान पठान, पूर्व क्रिकेटर, भारत



# ओलिंपिक्स में डबल डिजिट मेडल का लक्ष्य बनेगा हकीकत: पीटी उषा

**IOA प्रेसिडेंट ने एनबीटी के साथ एक्सक्लूसिव इंटरव्यू में कहा- हमें अपनी क्षमता और वास्तविक प्रदर्शन के बीच का अंतर दूर करना होगा**

Rahul.Kumar2@timesofindia.com

NBT इंटरव्यू

■ **नई दिल्ली:** देश की पूर्व स्प्रिंटर और भारतीय ओलिंपिक संघ (IOA) की मौजूदा अध्यक्ष पीटी उषा का मानना है कि भारत ने ओलिंपिक्स के लिहाज से शानदार प्रगति की है, लेकिन दुनिया के सबसे बड़े खेल आयोजन में देश के प्रदर्शन और क्षमता में अब भी बड़ा गैप है। उनका कहना है कि ओलिंपिक्स में भारत के उम्मीद के अनुरूप प्रदर्शन नहीं कर पाने की वजह देश में प्रतिभाओं की कमी नहीं, बल्कि असली चुनौती अक्सर शुरुआती स्टेज में प्लेयर्स को सही सिस्टम और स्ट्रक्चर नहीं मिल पाना है। नवभारत टाइम्स के साथ एक विशेष इंटरव्यू में उषा ने बताया कि कैसे भविष्य में भारत ओलिंपिक्स जैसी वर्ल्ड क्लास प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन कर मेडल सूची में ऊपर जा सकता है।

**मुश्किल नहीं 'डबल डिजिट' मेडल:** देश में अनगिनत ऐथलीट्स के साथ-साथ लाखों युवाओं की रोल मॉडल रहीं पीटी उषा का कहना है कि भारतीय ऐथलीटों ने वर्ल्ड लेवल पर जोरदार तरीके से अपनी क्षमता दिखाई है। भारत के पास ओलिंपिक गेम्स में लगातार दोहरे अंक में मेडल हासिल करने की पूरी क्षमता है, लेकिन उस लेवल तक पहुंचने के लिए हमें एक सुनियोजित और दीर्घकालिक अप्रोच के साथ काम करना होगा। सर्वप्रथम, ग्रासरूट स्तर से खेल प्रतिभाओं की परख या पहचान की प्रक्रिया को धारदार बनाना होगा। दूसरा, इसके लिए ऐसे हाई परफॉर्मेंस सेंटर्स का विस्तार करना होगा जिसमें ऐथलीट्स को प्रशिक्षण और तैयारी के लिए स्पोर्ट्स साइंस, न्यूट्रिशन, एनालिटिक्स और स्पोर्ट्स मेडिसिन जैसी एकीकृत सुविधाएं मुहैया कराई जाएं। हमें खिलाड़ियों को लगातार इंटरनैशनल लेवल पर भी एक्सपोजर देना होगा जिससे कि वे दुनिया के बेस्ट ऐथलीट्स के साथ मुकाबला करें। वहीं, आखिरी में इससे जुड़े सभी हितधारकों को तालमेल और सहयोग से काम करना होगा जिनमें खेल महासंघ, प्राइवेट पार्टनर्स और सरकार शामिल हैं। टारगेट इन्वेस्टमेंट और ऐथलीटों को फोकस में रखकर अगर नीतियां बनाई जाती हैं, तो ओलिंपिक्स में डबल डिजिट मेडल्स देश की केवल आकांक्षा भर नहीं रहेगी, बल्कि यह एक हासिल करने योग्य लक्ष्य बन जाएगा।

**रिसोर्स का बेहतर इस्तेमाल जरूरी:** भारत द्वारा खेलों में विगत वर्षों में निवेश बढ़ाए जाने के बावजूद आखिर वह ओलिंपिक्स जैसी प्रतियोगिताओं में क्यों पिछड़ रहा है? इस पर उषा का कहना था कि हमने अपने इन्फ्रास्ट्रक्चर और फंडिंग को जरूर बेहतर किया है, लेकिन हमें यह भी सुनिश्चित करना होगा कि उसका फायदा ऐथलीटों के निखरे हुए प्रदर्शन के रूप में सामने आए और इसके लिए जवाबदेह 'स्पोर्ट्स इकोसिस्टम' तैयार करने की जरूरत है।

## 'खेलो इंडिया' से बदल रही है तस्वीर

उषा का मानना है कि देश में युवा खेल प्रतिभाओं को पहचानने और तराशने के उद्देश्य से भारत सरकार द्वारा कुछ साल पहले शुरू किए गए 'खेलो इंडिया गेम्स' ने युवा ऐथलीट्स के बीच खेलों को लेकर जबर्दस्त उत्साह पैदा किया है। यह युवा ऐथलीट्स को एक नैशनल प्लैटफॉर्म मुहैया कराने और प्रोफेशनल लेवल पर प्रतिस्पर्धा का अनुभव कराने का काम कर रहा है। उनके मुताबिक इस स्कीम ने बॉक्सिंग, आर्चरी, ऐथलेटिक्स से लेकर कई खेल विधाओं में देश को कई उभरते हुए चैंपियन देने का काम किया है। यही नहीं, इस कार्यक्रम के जरिए भारत में एक सांस्कृतिक तब्दीली भी आती दिख रही है और भारतीय परिवार अब खेलों को करियर का एक गंभीर विकल्प मानने लगे हैं। 'खेलो इंडिया' एक टूर्नामेंट भर नहीं है, बल्कि एक ऐसा आंदोलन है जो भारतीय खेलों के भविष्य को आकार देने का काम कर रहा है।

**7** मेडल जीते थे भारत ने 2020 के तोक्यो ओलिंपिक्स में, जो दुनिया की इस प्रमुखतम खेल प्रतियोगिता में अब तक का उसका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है

**10** कुल गोल्ड मेडल भारत आज तक ओलिंपिक गेम्स में जीत सका है जिसमें से आठ हॉकी में ही हैं। दो व्यक्तिगत गोल्ड विजेता ऐथलीट अभिनव बिंद्रा (शूटिंग, 2008) और नीरज चोपड़ा (जैवलिन, 2020) रहे हैं



पूर्व ऐथलीट और IOA की मौजूदा अध्यक्ष पीटी उषा

## IOA का फोकस लंबी अवधि के ब्लूप्रिंट पर

उषा के मुताबिक, IOA एक लंबी अवधि के ब्लूप्रिंट पर फोकस कर रहा है जिसमें ग्रासरूट लेवल कोचिंग, प्रतिभाओं को पहचाने की प्रक्रिया का विस्तार, ट्रेनिंग इन्फ्रास्ट्रक्चर का विकास और खिलाड़ियों को व्यक्तिगत साइंटिफिक सपोर्ट पर ध्यान दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि मेरा लक्ष्य यह है कि भारत ग्लोबल ऐथलेटिक्स प्रतियोगिताओं में ना केवल शिरकत करे, बल्कि बड़े इवेंट्स में लगातार पोडियम पर भी पहुंचे।

## न्यूजीलैंड के खिलाफ वनडे सीरीज के लिए होना है टीम ऐलान

# वनडे वर्ल्ड कप कोर टीम में पंत बचा पाएंगे अपनी जगह!

■ **NBT स्पोर्ट्स/पीटीआई, नई दिल्ली:** नए साल में टीम इंडिया को अपना पहला मुकाबला न्यूजीलैंड के खिलाफ वनडे फॉर्मेट में खेलना है। तीन मैचों की यह सीरीज 11 जनवरी से शुरू होगी, जिसके लिए टीम का चयन कुछ दिनों में हो जाएगा। सिलेक्शन कमिटी के लिए यह चयन अहम होगा क्योंकि बहुत हद तक इस चयन से अगले साल होने वाले वनडे वर्ल्ड कप की कोर टीम तय हो जाएगी। सबसे बड़ा सवाल यह है कि क्या इस कोर टीम में ऋषभ पंत अपनी जगह बरकरार रख पाएंगे? सवाल यह भी है कि क्या डोमेस्टिक सर्किट में शानदार प्रदर्शन कर रहे ईशान किशन, देवदत्त पडिक्कल और सरफराज खान जैसे प्लेयर्स को उनका इनाम मिलेगा या नहीं।

पंत इन दिनों विजय हजारे ट्रॉफी खेल रहे हैं और चार मैचों में सिर्फ एक ही अर्धशतक जमा सके हैं। इस प्रदर्शन के आधार पर शायद वह टीम इंडिया में अपनी जगह बरकरार ना रख पाएं, लेकिन एक पहलू यह भी है कि उन्होंने पिछले 18 महीने में एक भी वनडे इंटरनैशनल नहीं खेला है, जबकि वह लगातार टीम के साथ बने हुए थे।

**रुतुराज को मिल गया मौका:** पंत ने 2025 में एक भी वनडे नहीं खेला हालांकि वह चैंपियंस ट्रॉफी टीम और साउथ अफ्रीका के खिलाफ पिछले महीने वनडे टीम का हिस्सा थे। साउथ अफ्रीका के खिलाफ पिछली वनडे सीरीज में सलामी बल्लेबाज रुतुराज गायकवाड़ को चौथे नंबर पर आजमाया गया और तीनों मैचों में पंत बाहर रहे।

**कई ने पेश की दावेदारी:** पंत ने 2018 में डेब्यू के बाद से सिर्फ 31 वनडे खेले हैं। उन्होंने 30 जून 2019 से 14 जनवरी 2020 के बीच में 11 वनडे खेले। फिर कोविड के बाद उन्होंने 2021 से 2022 तक 15 वनडे खेले और एक शतक, दो बार 75 से अधिक रन और एक 85 रन की पारी खेली। इसके बाद वह कार दुर्घटना का शिकार हो गए। फिर 2024 में वापसी के बाद से उन्होंने कोलंबो में एकमात्र वनडे खेला। के चार मैचों में वह एक ही में 70 रन बना सके। वहीं ईशान किशन ने झारखंड के लिए कर्नाटक के खिलाफ पहले ही मैच में 14 छक्के लगाए। टीम इंडिया के दूसरे विकेटकीपर ध्रुव जुरेल ने भी यूपी के लिए शतक जमाया।



वनडे टीम चयन

## सरफराज के सपोर्ट में आए वेंगसरकर

**मुंबई:** पूर्व भारतीय क्रिकेटर दिलीप वेंगसरकर ने घरेलू क्रिकेट में लगातार शानदार प्रदर्शन के बावजूद सरफराज खान को बार-बार नजरअंदाज किए जाने पर चयनकर्ताओं की खुलकर आलोचना की है। वेंगसरकर ने सरफराज को भारत की टीम में नजरअंदाज किए जाने पर हैरानी जताते हुए टाइम्स ऑफ इंडिया से कहा, 'आप जानते हैं, मेरे लिए यह वाकई हैरान करने वाली बात है कि जब सरफराज ने इतना लगातार अच्छा प्रदर्शन किया है, तो उसे किसी भी फॉर्मेट में क्यों नहीं चुना जा रहा। ऐसी प्रतिभा को नजरअंदाज और उपेक्षित किया गया है। घरेलू इंग्लैंड सीरीज के बाद भी उसे अभी कोई मौका नहीं मिला। बेशक वह ऑस्ट्रेलिया दौरे पर था, लेकिन उसे बिल्कुल भी खेलने का अवसर नहीं दिया गया। यह बात मुझे सच में हैरान करती है, क्योंकि वह खेल के हर फॉर्मेट में खेलने लायक खिलाड़ी है। ऐसी प्रतिभा को नजरअंदाज और उपेक्षित किया गया है। यह वाकई शर्मनाक है।' मुंबई के बल्लेबाज सरफराज ने मौजूदा विजय हजारे ट्रॉफी में तीन पारियों में 220 रन बनाए हैं, जिसमें गोवा के खिलाफ 75 गेंदों में खेली गई शानदार 157 रन की पारी शामिल है।



NBT Lens खबरों के अंदर की बात

## केएल ही पहले विकेटकीपर

पंद्रह सदस्यीय टीम में तीन विकेटकीपर तो नहीं हो सकते और बल्लेबाज विकेटकीपर के तौर पर पहली पसंद केएल राहुल ही हैं। अब देखना यह होगा कि क्या ऋषभ पंत या ध्रुव जुरेल की जगह ईशान टीम में आते हैं या नहीं। देवदत्त पडिक्कल के नाम पर भी विचार होगा जिन्होंने 37 मैचों में 92 से अधिक की औसत से रन बनाए हैं। लेकिन कप्तान शुभमन गिल की वापसी और दूसरे छोर पर रोहित शर्मा की मौजूदगी के अलावा पिछले वनडे में शतक जमाने वाले यशस्वी जायसवाल के रहते हुए पडिक्कल को जगह मिलना मुश्किल लग रहा है। गेंदबाजी में टी20 वर्ल्ड कप को देखते हुए जसप्रीत बुमरा और हरफनमौला हार्दिक पंड्या को वनडे से आराम दिया जाना तय है। हर्षित राणा और अर्शदीप सिंह पर विचार किया जा सकता है। मोहम्मद शमी की वापसी की भी अटकलें हैं जबकि स्पिन में रविंद्र जाडेजा, वॉशिंगटन सुंदर और कुलदीप यादव का खेलना तय है।

# रोहित-विराट के संन्यास के बाद वनडे क्रिकेट का क्या भविष्य होगा: अश्विन

■ **एजेंसियां, चेन्नै:** भारत के पूर्व दिग्गज ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन ने 2027 वर्ल्ड कप के बाद वनडे क्रिकेट के भविष्य को लेकर गंभीर चिंता जताई है। अश्विन का मानना है कि विराट कोहली और रोहित शर्मा जैसे बड़े सितारों के संन्यास के बाद 50 ओवर का प्रारूप अपनी प्रासंगिकता खो सकता है।

एक्सपर्ट की राय

अपने यूट्यूब चैनल पर अश्विन ने कहा, '2027 वर्ल्ड कप के बाद वनडे क्रिकेट का क्या होगा, इसे लेकर मैं थोड़ा चिंतित हूं। मुझे लगता है टेस्ट क्रिकेट के लिए अब भी जगह है, लेकिन वनडे क्रिकेट के लिए सच में जगह नहीं बची है।' अश्विन ने कहा, 'देखिए, रोहित और विराट जब विजय हजारे ट्रॉफी खेलने आए तो लोगों ने इसे देखना शुरू किया। हमें पता है कि खेल हमेशा खिलाड़ियों से बड़ा होता है, लेकिन कई बार खेल को प्रासंगिक बनाए रखने के लिए बड़े प्लेयर्स की वापसी की जरूरत होती है। विजय हजारे एक घरेलू टूर्नामेंट है जिसे ज्यादा लोग नहीं देखते। लेकिन विराट-रोहित की वजह से लोग इसे देखने पहुंचे। फिर सवाल यह है कि जब ये वनडे खेलना बंद कर देंगे, तब क्या होगा?'



भारत के पूर्व ऑफ स्पिनर अश्विन

## हर चार साल में हो सिर्फ एक वर्ल्ड कप

उन्होंने ICC से भी कैलेंडर पर पुनर्विचार की अपील की और कहा कि बहुत ज्यादा द्विपक्षीय सीरीज, कई प्रारूप और बार-बार वर्ल्ड कप क्रिकेट को बोझिल बना रहे हैं। अश्विन का मानना है कि अगर वनडे क्रिकेट को बचाना है तो चार साल में सिर्फ एक वर्ल्ड कप कराया जाए। उन्होंने कहा, 'हर साल राजस्व के लिए कोई ICC टूर्नामेंट कराया जाता है। फीफा को देखिए। वहां अलग लीग होती हैं और वर्ल्ड कप चार साल में एक बार होता है। इसलिए वर्ल्ड कप का अपना अलग महत्व है।'

# ऑस्ट्रेलिया ने जताया स्पिन अटैक पर भरोसा

■ **एजेंसियां, मेलबर्न:** भारत और श्रीलंका में होने वाले आगामी टी20 वर्ल्ड कप को देखते हुए ऑस्ट्रेलियाई चयनकर्ताओं ने उपमहाद्वीप की परिस्थितियों के मुताबिक टीम संतुलन तैयार किया है। गुरुवार को घोषित 15 सदस्यीय टीम में मैथ्यू कुनहेमैन, एडम जाम्पा, कूपर कॉनोली और ग्लेन मैक्सवेल के रूप में स्पिन विकल्पों को तरजीह दी गई है। वहीं, बाएं हाथ के अनुभवी तेज गेंदबाज मिचेल स्टार्क के टी20I से संन्यास के बाद किसी नए बाएं हाथ के पेसर को शामिल नहीं किया गया। उनकी जगह दाएं हाथ के तेज गेंदबाज जेवियर बार्टलेट को मौका मिला है। पैट कमिंस की पीठ की चोट पर नजर बनी हुई है। इस महीने के अंत में होने वाले स्कैन के बाद ही उनकी उपलब्धता स्पष्ट होगी। वहीं, जोश हेजलवुड और टिम डेविड हैमस्ट्रिंग चोट से उबरकर वापसी की राह पर हैं।

टी20 वर्ल्ड कप अपडेट



ऑस्ट्रेलियन टी20I कैप्टन मार्श

**टीम:** मिचेल मार्श (कप्तान), जेवियर बार्टलेट, कूपर कॉनोली, पैट कमिंस, टिम डेविड, कैमरन ग्रीन, नाथन एलिस, जोश हेजलवुड, ट्रेविस हेड, जोश इंग्लिस, मैथ्यू कुनहेमैन, ग्लेन मैक्सवेल, मैथ्यू शॉर्ट, मार्कस स्टोइनिस, एडम जाम्पा

**30** मैच जीते हैं ऑस्ट्रेलिया ने टी20I वर्ल्ड कप के इतिहास में। ऑस्ट्रेलिया टूर्नामेंट की (मैच जीतने के मामले में) संयुक्त तीसरी सफल टीम है

## रितिका डोपिंग के बाद TOPS से हुई बाहर

■ **एजेंसियां, नई दिल्ली:** डोपिंग में विफल रहने के बाद पहलवान रीतिका हुड्डा को खेल मंत्रालय की टारगेट ओलिंपिक पोडियम योजना (TOPS) से बाहर कर दिया गया है। वहीं, कंपाउंड तीरंदाज परनीत कौर और अभिषेक वर्मा को टॉप्स के कोर समूह में शामिल किया गया है, जबकि डेकाथलीट तेजस्विन शंकर को डिवेलपमेंटल सूची में जगह मिली है। डिवेलपमेंटल सूची में अनिमेष कुजूर और 4x400 मीटर रिले टीम को भी जोड़ा गया है। पेरिस ओलिंपिक्स 2024 चक्र के बाद TOPS सूची को 179 से घटाकर 94 किया गया था और हालिया प्रदर्शन के आधार पर इसमें बदलाव किए गए हैं। एशियन चैंपियनशिप मेडल विजेता रितिका पिछले साल चयन ट्रायल के दौरान डोप टेस्ट में नाकाम रही थीं। कोर समूह में अब 118 खिलाड़ी हैं। जैवलिन स्टार नीरज चोपड़ा भी लिस्ट में शामिल हैं।



रेसलर रितिका

# शूटआउट में जीती टाइगर्स, पाइपर्स को दी शिकस्त

■ **NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली:** पेनल्टी कॉर्नर स्पेशलिस्ट अर्जेंटीना गोरजेलानी के दो गोल और गोलकीपर जेनिफर रिनो की बदौलत श्राची बंगाल टाइगर्स ने विमिंस हॉकी इंडिया लीग में जीत के ट्रैक पर वापसी की। लीग का पहला मैच जीतने और दूसरे मैच में हार का सामना करने के बाद बंगाल टाइगर्स ने पाइपर्स को पेनल्टी शूटआउट में 4-3 से हरा दिया। निर्धारित समय में मैच 3-3 से टाई रहा था। टाइगर्स के लिए अर्जेंटीना ने छठे मिनट में पहला गोल किया। पाइपर्स ने भी करारा जवाब दिया और 10वें मिनट में लोला रिएरा की बदौलत बराबरी का गोल दाग। लालरेमसियामी और अर्जेंटीना के गोल ने टाइगर्स को 3-1 से आगे कर दिया। आखिरी दो मिनट में रिएरा और सुनेलिता टोप्पो ने गोल कर पाइपर्स को मुकाबले में वापसी कराई।



ड्रैग फ्लिकर अर्जेंटीना गोरजेलानी

# संन्यास पर चुप्पी तोड़ेंगे ख्वाजा!

■ **एजेंसियां, नई दिल्ली:** ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड के बीच जारी एशेज सीरीज का पांचवां और आखिरी टेस्ट 4 जनवरी से सिडनी क्रिकेट ग्राउंड पर खेला जाना है। मेजबान ऑस्ट्रेलिया टीम सीरीज में 3-1 से आगे चल रही है। सिडनी टेस्ट से पहले सीनियर ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज उस्मान ख्वाजा के संन्यास पर अटकलें लगाई जा रही हैं। इस मुद्दे पर सिडनी टेस्ट से पहले प्रेस कॉन्फ्रेंस कर ख्वाजा अपनी स्थिति साफ कर सकते हैं। एक रिपोर्ट के मुताबिक, 39 वर्षीय ख्वाजा शुक्रवार की सुबह प्रेस कॉन्फ्रेंस करेंगे और अपने टेस्ट भविष्य को लेकर चल रही अफवाहों पर स्थिति स्पष्ट करेंगे। ख्वाजा की प्रेस कॉन्फ्रेंस शुक्रवार को ऑस्ट्रेलियाई टीम के ट्रेनिंग सेशन से पहले रखी गई है। ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान माइकल क्लार्क ने कहा, 'मैं चाहता हूं कि ख्वाजा सिडनी टेस्ट में शतक बनाएं और खुशी से संन्यास लें। ऐसा मौका सभी को नहीं मिलता।'

द एशेज




ऑस्ट्रेलियन प्रधानमंत्री एंथनी अल्बनीज (बाएं) ने गुरुवार को किरिबिल्ली हाउस में अपने वार्षिक न्यू ईयर स्वागत समारोह में एशेज के अंतिम टेस्ट से पहले ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड क्रिकेट टीमों के खिलाड़ियों की मेजबानी की।

# चोटिल एम्बाप्पे 3 हफ्ते के लिए बाहर!

■ **एजेंसियां, पेरिस:** स्पेनिश दिग्गज क्लब रियाल मैड्रिड को बड़ा झटका लगा है। फ्रांस के सुपरस्टार स्ट्राइकर किलियान एम्बाप्पे बाएं घुटने में चोट के कारण कम से कम तीन सप्ताह तक मैदान से दूर रह सकते हैं। क्लब ने बयान में बताया कि एम्बाप्पे के घुटने में मोच आई है, हालांकि वापसी की सटीक समय-सीमा नहीं बताई गई। फ्रांसीसी अखबार 'एल इक्विप' के अनुसार MRI जांच में लिगामेंट से जुड़ी समस्या सामने आई है, जिसके लिए आराम और इलाज जरूरी है। शानदार फॉर्म में चल रहे एम्बाप्पे ने हाल ही में रियाल के लिए एक कैलेंडर वर्ष में सर्वाधिक 59 गोल का क्रिस्टियानो रोनाल्डो का रेकॉर्ड बराबर किया था। ऐसे में उनकी अनुपस्थिति से रियाल की आक्रामक ताकत कमजोर पड़ सकती है।

फुटबॉल कॉर्नर



रियाल मैड्रिड के किलियान एम्बाप्पे

## नेमार का करार बढ़ेगा

**साओ पाउलो:** ब्राजील फुटबॉल के पोस्टर बॉय नेमार ने अपने करियर की शुरुआत करने वाले क्लब सैंटोस के साथ 2026 तक अनुबंध बढ़ाने पर सहमति जता दी है। एएफपी से जुड़े सूत्रों के मुताबिक नेमार और क्लब के बीच करार लगभग तय हो चुका है। हाल ही में नेमार बाएं घुटने की सर्जरी कराई है, जो सफल रही।

## 903

रन बनाए थे 7 विकेट के नुकसान पर इंग्लैंड ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 1938 में हुए ओवल टेस्ट में। यह एशेज में हाइएस्ट टोटल का रेकॉर्ड है

## MEGA स्पोर्ट्स QUIZ

**आज के सवालों पर पांच लकी विजेताओं की छपेंगी तस्वीरें**

1. इंडियन ओलिंपिक असोसिएशन [IOA] का वर्तमान में अध्यक्ष कौन है?
A) अभिनव बिंद्रा B) गगन नारंग C) पीटी उषा D) साइना नेहवाल

2. ऑस्ट्रेलिया ने टी20 वर्ल्ड कप 2026 के लिए किसे कप्तान चुना है?
A) पैट कमिंस B) जोश हेजलवुड C) मार्कस स्टोइनिस D) मिचेल मार्श

3. ऑस्ट्रेलिया के बल्लेबाज उस्मान ख्वाजा कितने साल के हैं?
A) 39 B) 31 C) 41 D) 44

**कल के जवाब**
1. A) अमन सहरावत
2. C) अर्जुन एरिगैसी

**लकी विनर्स**



1. रुबी नाज, लखनऊ, यूपी
2. विजय कुमारी, शालीमार बाग, दिल्ली
3. सरोज जैन, ठाणे, महाराष्ट्र

**आप अपने जवाब हमें**
**9319282367**
पर अपने नाम, तस्वीर और शहर/गांव के नाम के साथ वॉट्सऐप करें। इस Mega स्पोर्ट्स Quiz के 'पांच लकी विनर्स' के नाम, पता और तस्वीर हम कल के अंक में छापेंगे।

इस पेज पर छपी खबरों में ही इन सवालों का जवाब है।

## फटाफट खबरें

### फिडे पर मुकदमा

■ **नई दिल्ली:** पूर्व वर्ल्ड चेस चैंपियन व्लादिमीर क्रामनिक ने स्विट्जरलैंड की अदालत में फिडे के खिलाफ मानहानि का मुकदमा दायर किया है। उन्होंने आरोप लगाया कि अपुष्ट धोखाधड़ी मामलों में जांच और सार्वजनिक टिप्पणियों से उनकी छवि को नुकसान पहुंचा। क्रामनिक ने कहा कि लगातार हमलों के कारण उन्हें कानूनी रास्ता अपनाना पड़ा। फिडे सीईओ ने उनके आरोपों को 'शर्मनाक' बताया था।

### मिलेगा नया S&C कोच

■ **नई दिल्ली:** भारतीय महिला क्रिकेट टीम को नया स्ट्रेंथ और कंडीशनिंग कोच मिलने वाला है। विमिंस प्रीमियर लीग 2026 की समाप्ति के बाद निकोलस ली महिला टीम के नए S&C कोच बनेंगे। इस रोल के लिए ऑस्ट्रेलिया के नाथन कीली से भी बातचीत चल रही थी, लेकिन निकोलस ली ने बाजी मारी।

### फुटबॉल टीम निलंबित

■ **रबात:** अफ्रीका कप ऑफ नेशंस में निराशाजनक प्रदर्शन के बाद गैबॉन की सरकार ने अपनी राष्ट्रीय फुटबॉल टीम को निलंबित कर दिया है और कोचिंग स्टाफ को बर्खास्त कर दिया है।

## THE ECONOMIC TIMES

## VIL पर 638 करोड़ का जुर्माना

■ **पीटीआई, नई दिल्ली:** टेलिकॉम कंपनी वोडाफोन आइडिया (VIL) पर अहमदाबाद के जीएसटी ऑफिस ने करीब 638 करोड़ रुपये का जुर्माना ठोक दिया है। कंपनी इसके खिलाफ कानूनी कार्रवाई करने की तैयारी कर रही है। एक दिन पहले ही केंद्र ने उसे एजीआर (AGR) बकाये के मामले में बड़ी राहत दी थी।

## बैंक भी मैनेज कर सकेंगे NPS फंड

■ **पीटीआई, नई दिल्ली:** पेंशन रेगुलेटर PFRDA ने बड़ा फैसला लिया है। अब बैंकों को खुद का पेंशन फंड बनाने की मंजूरी दे दी गई है, ताकि वे नैशनल पेंशन सिस्टम (NPS) के पैसों को मैनेज कर सकें। इसके लिए नेटवर्थ, मार्केट कैप और RBI के नियमों के आधार पर योग्यता तय की जाएगी।

# 40% जीएसटी के ऐलान से तंबाकू कंपनियों के शेयरों में भारी गिरावट

## वर्ष 2026 के पहले दिन सेंसेक्स 32 और निफ्टी 16.95 अंक टूटा

■ NBT रिपोर्ट, मुंबई

**नया साल** सिगरेट और तंबाकू बनाने वाली कंपनियों के लिए भारी गिरावट लेकर आया है। 1 फरवरी से तंबाकू उत्पादों पर अतिरिक्त एक्साइज ड्यूटी और पान मसाला पर हेल्थ सेस लगाने के ऐलान की वजह से गुरुवार को इन कंपनियों के शेयरों में जबर्दस्त गिरावट देखी गई। Godfrey Phillips India 17.09 फीसदी गिरकर 2,289.65 रुपये पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान तो यह 19.24 फीसदी तक गिर गया था। ITC के शेयर भी 9.69 फीसदी गिरकर 363.95 रुपये पर बंद हुए। कंपनी का शेयर अपने 52 हफ्तों के सबसे निचले स्तर पर पहुंच गया।

वहीं, साल 2026 के पहले कारोबारी दिन शेयर बाजार की शुरुआत फीकी रही। Sensex करीब 32 अंक की मामूली गिरावट के साथ 85,188.60 पर बंद हुआ। Nifty 16.95 अंक की हल्की बढ़त के साथ 26,146.55 के स्तर पर बंद हुआ। सेक्टर के हिसाब से देखें तो बीएसई एफएमसीजी इंडेक्स 2.96 फीसदी नीचे गिरा। नए साल की छुट्टी की वजह से गुरुवार को एशिया और यूरोप के बाजार बंद थे, जबकि बुधवार को अमेरिकी बाजार गिरावट के साथ बंद हुए थे।

AI image



### हेल्थ सेस का मकसद?

GST कानून के तहत 40% से ज्यादा रेट नहीं रखा जा सकता, लिहाजा केवल इतना GST लगाने से सिगरेट, पान-मसाला वगैरह पर कुल टैक्स काफी कम हो जाता, जो अभी 28% GST और कंपनसेशन सेस मिलाकर 88% तक है। कंपनसेशन सेस खत्म होने के बाद के इंतजाम के इरादे से पिछले महीने संसद ने सेंट्रल एक्साइज (अमेंडमेंट) बिल 2025 और हेल्थ सिक्योरिटी से नैशनल सिक्योरिटी सेस बिल 2025 पास किए थे। वित्त मंत्री ने कहा था कि हेल्थ सेस लगाने का उद्देश्य स्वास्थ्य और राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए विशेष रूप से संसाधन की व्यवस्था करना है।

## सोना चमका, चांदी पड़ी फीकी

■ **NBT रिपोर्ट, मुंबई:** दिल्ली में सोने की कीमत 640 रुपये बढ़कर 1,38,340 रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गई। चांदी का भाव 1,600 रुपये टूटकर 2,37,400 रुपये प्रति किलो पर आ गया। वहीं, IBJA के अनुसार 10 ग्राम सोने का भाव 266 रुपये बढ़कर 1,33,461 रुपये हो गया है। एक किलो चांदी की कीमत 1,170 रुपये कम होकर 2,29,250 रुपये पर आ गई है।

## बीमा कंपनियों में कमीशन पर चिंता

■ **NBT रिपोर्ट, मुंबई:** RBI ने बीमा सेक्टर को लेकर एक चिंता जाहिर की है। कंपनियां कार्यक्षमता बढ़ाने के बजाय एजेंटों को मोटा कमीशन देने और महंगी मार्केटिंग से कमाई बढ़ाने में लगी हैं। सलाह दी है कि कंपनियों को बिचौलियों के बजाय ग्राहकों को मिलने वाले फायदे पर जोर देना चाहिए।

# GST 2.0 से मिली PV की बिक्री को रफ्तार

■ पीटीआई, नई दिल्ली

**भारतीय ऑटो** इंडस्ट्री के लिए साल 2025 रेकॉर्डतोड़ रहा। इस साल पैसेंजर वीइकल्स (PV) की कुल बिक्री 45.5 लाख यूनिट्स के जादुई आंकड़े को पार कर गई। पिछले साल के मुकाबले इसमें करीब 6 फीसदी की बढ़त देखी गई। जानकारों का कहना है कि साल की शुरुआत भले ही धीमी रही, लेकिन साल के आखिरी महीनों में GST 2.0 के आने से कारों की बिक्री को जबरदस्त रफ्तार मिली। इससे पहले साल 2024 में सबसे ज्यादा 43.05 लाख गाड़ियां बिकी थीं।

महिंद्रा एंड महिंद्रा और टाटा मोटर्स ने बिक्री के मामले में Hyundai को पीछे छोड़ दिया। Hyundai जो लंबे समय से दूसरे नंबर की कंपनी बनी हुई थी, अब खिसक कर चौथे पायदान पर आ गई है। अब महिंद्रा और टाटा मोटर्स देश की दूसरी और तीसरी सबसे बड़ी कार कंपनियां बन गई हैं।

बाजार में एसयूवी (SUV) का दबदबा बरकरार है। कुल बिकी गाड़ियों में एसयूवी की हिस्सेदारी 2024 के 53.8% से बढ़कर अब 55.8% हो गई है। वहीं, जीएसटी 2.0 के आने के बाद छोटी कारों की मांग में भी सुधार के संकेत मिले हैं। मारुति सुजुकी ने 2025 में 18.44 लाख गाड़ियां बेचीं, जो 2024 की 17.90 लाख यूनिट्स से ज्यादा है। टाटा मोटर्स के लिए यह लगातार पांचवां रेकॉर्ड साल रहा। कंपनी ने 5,87,218 गाड़ियां बेचीं, जिनमें 81,125 इलेक्ट्रिक गाड़ियां (EV) शामिल थीं।


**2025 में बिक्री पिछले साल के मुकाबले 6 % अधिक 45.5 लाख गाड़ियां**

## BS-6 टू वीलर्स एक साल और दे सकेंगे ई-कमर्शल सेवा

■ **NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली:** कमिशन फॉर एयर क्वालिटी मैनेजमेंट (CAQM) ने मोटर वीइकल एग्रीगेटर्स, डिलिवरी सर्विस प्रोवाइडर्स और ई-कॉमर्स कंपनियों को बड़ी राहत दी है। अब ये कंपनियां BS6-6 पेट्रोल और डीजल टू-वीलर का इस्तेमाल 31 दिसंबर 2026 तक कर सकेंगी।

पहले आदेश के अनुसार 1 जनवरी 2026 से पेट्रोल-डीजल वाहनों पर पूरी तरह रोक लगनी थी। सीएक्यूएम ने बताया कि क्लीन मोबिलिटी को बढ़ावा देने के लिए यह छूट दी गई है, ताकि कंपनियां अपनी गाड़ियों को इलेक्ट्रिक या सीएनजी में बदल सकें। अभी इन कंपनियों के सिर्फ 9% टू-वीलर ही इलेक्ट्रिक हैं। सीएक्यूएम के अनुसार, डिलिवरी और एग्रीगेटर सेक्टर के वाहन रोजाना ज्यादा दूरी तय करते हैं, जिससे प्रदूषण बढ़ता है। इसलिए इन्हें रेगुलेट करना जरूरी है।

CCI NG 3.7 Product: NBTLucknowBS PubDate: 02-01-2026 Zone: Lucknow Edition: 1 Page: NBTLBP User: cci Time: 01-02-2026 00:08 Color:



## NBT AI टाइम मशीन

### आज ही ली गई थी चांद की पहली फोटो

आज ही के दिन 1839 में फ्रांस के लुई डागेरे (Louis Daguerre) ने पहली बार चांद की फोटो खींची थी। उन्होंने 'डागेरोटाइप' तकनीक का इस्तेमाल किया। उस समय कैमरे आज की तरह उन्नत नहीं थे, इसलिए चांद की धुंधली तस्वीर ले पाना भी एक बड़ा चमत्कार माना गया। यहीं से 'एस्ट्रो-फोटोग्राफी' की शुरुआत हुई। बाद में डागेरे की लैब में आग लग गई और वह असली फोटो जलकर खाक हो गई।


NBT

Front Page-2

कानपुर (कानपुर व लखनऊ में एक साथ प्रसारित)। शुक्रवार, 2 जनवरी 2026 > पेज 12

### एस्ट्रो फोटोग्राफी होगी 3D और लाइव

ChatGPT के अनुसार, भविष्य में एस्ट्रो फोटोग्राफी बहुत ही आम बात होगी। AI, अल्ट्रा-सेंसिटिव सेंसर और स्पेस इंटरनेट की मदद से अंतरिक्ष की बेहद साफ तस्वीरें ली जा सकेंगी। भारी टेलीस्कोप की जगह छोटे स्मार्ट डिवाइस काम करेंगे। लोग चांद, मंगल और दूर की आकाशगंगाओं की फोटो रोज खींच सकेंगे। तस्वीरें 3D और लाइव होंगी। स्कूल, पर्यटन और रिसर्च में इसका आम इस्तेमाल होगा। ब्रह्मांड देखना हर किसी के लिए रोजमर्रा की चीज बन जाएगी।



AI Image

## फटाफट खबरें

### अमेरिका में स्वास्थ्य सेवाओं का बोझ बढ़ेगा

■ एपी, न्यूयॉर्क: अमेरिका में किफायती स्वास्थ्य सेवा अधिनियम के तहत स्वास्थ्य बीमा सस्ता करने पर टैक्स पर छूट खत्म हो गई है, जिससे नए साल में लाखों अमेरिकियों पर मेडिकल सेवाओं में टैक्स का एकाएक बोझ पड़ेगा। इस मुद्दे पर डेमोक्रेट्स ने 43 दिन तक सरकार ठप रखी। राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप और अन्य के कई प्रयासों के बावजूद सब्सिडी नहीं बच सकी। जनवरी में प्रतिनिधि सभा में मतदान एक और मौका दे सकता है।

### WinZO: ₹192 करोड़ के डिपॉजिट फ्रीज

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली: ED ने रियल मनी ऑनलाइन गेमिंग ऐप विंजो (WinZO) की अकाउंटिंग फर्म के परिसरों में मारे गए छापे में 192 करोड़ के बैंक डिपॉजिट, म्यूचुअल फंड और FD को फ्रीज कर दिया। नवंबर में ED ने WinZO के संस्थापकों सौम्या सिंह राठौर और पवन नंदा को अरेस्ट किया था।

### ED ने ₹10 करोड़ की संपत्ति जब्त की

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली: एन्फोर्समेंट डायरेक्टरेट ने साउथ दिल्ली के वेस्टएंड ग्रीन एरिया में एक फार्महाउस पर छापा मारकर 1.22 करोड़ रुपये कैश और 8.50 करोड़ रुपये के सोने और हीरे के गहने जब्त किए। छापा हरियाणा के कथित अपराधी और फिलहाल UAE में मौजूद इंदरजीत सिंह यादव से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग केस में मारा गया।

### बंगाल में 3300 माइक्रो ऑब्जर्वर तैनात

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली: पश्चिम बंगाल में वोटर लिस्ट की चल रही SIR प्रक्रिया में कहीं कोई गड़बड़ी ना हो इसके लिए चुनाव आयोग ने 3300 से अधिक माइक्रो ऑब्जर्वर तैनात किए हैं। इन सभी को राज्य के 294 इलेक्टोरल रजिस्ट्रेशन ऑफिसर (ERO) और तीन हजार से अधिक असिस्टेंट इलेक्टोरल रजिस्ट्रेशन ऑफिसर (AERO) द्वारा SIR प्रक्रिया के तहत किए जा रहे कार्यों और वोटरों की अपील पर गहरी निगरानी रखने के लिए तैनात किया गया है।

स्विट्जरलैंड के रिजॉर्ट में न्यू इयर सेलिब्रेशन के दौरान हुआ हादसा

# बार में आग से अफरातफरी, खिड़कियां तोड़कर भागे लोग

■ एपी, क्रांस मोंटाना (स्विट्जरलैंड)

**नए साल** के जश्न में डूबी स्विट्जरलैंड की मशहूर लग्जरी स्की रिजॉर्ट क्रांस-मोंटाना (Crans-Montana) अचानक उस वक्त दहशत के साए में आ गई, जब एक भीड़भाड़ वाले बार में भीषण आग लग गई। आधी रात के बाद लगी इस आग ने कुछ ही पलों में खुशियों को चीख-पुकार, धुएं और लपटों में बदल दिया। जान बचाने के लिए घबराए लोग खिड़कियां तोड़ते नजर आए, जबकि बाहर सड़कों पर अपने बच्चों की तलाश में बदहवास पैरेंट्स पहुंचने लगे।

यह हादसा तड़के करीब 1:30 बजे हुआ, जब नए साल का जश्न पूरे उफान पर था। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, आग इतनी तेजी से फैली कि लोगों को संभलने का मौका तक नहीं मिला। फ्रांसीसी टीवी चैनल BFMTV से बात करते हुए एक चश्मदीद ने बताया कि उसने लोगों को धुएं और आग के बीच खिड़कियां तोड़कर बाहर निकलते देखा। कई लोग बुरी तरह जख्मी थे और पूरा मंजर किसी डरावनी फिल्म जैसा लग रहा था। TOI की रिपोर्ट के अनुसार, बार के अंदर मौजूद दो फ्रांसीसी महिलाओं ने बताया कि आग लगते ही हालात पूरी तरह बेकाबू हो गए। उन्होंने कहा कि पूरी तरह से अफरातफरी थी, हर कोई चिल्ला रहा था। उनके मुताबिक, सजावट के लिए इस्तेमाल की जा रही फुलझड़ियों में से एक छत के बेहद करीब पहुंच गई, जिससे लकड़ी की छत ने आग पकड़ ली। उन्होंने कहा कि कुछ ही सेकंड में पूरी छत आग की चपेट में थी। अंदर सब कुछ लकड़ी का बना था। स्विट्जरलैंड के राष्ट्रपति ने पीड़ितों और उनके परिवारों के प्रति संवेदना जताई है।



■ हादसा बुधवार रात 1:30 बजे हुआ, जब नए साल का जश्न पूरे उफान पर था

■ आग इतनी तेजी से फैली कि लोगों को संभलने का मौका तक नहीं मिला

■ बचाव कार्य में 10 हेलिकॉप्टर, 40 एंबुलेंस और 150 मेडिकल कर्मी तैनात रहे





### बेसमेंट में चल रही थी पार्टी

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, पार्टी बेसमेंट में चल रही थी, लेकिन आग ने जल्दी ऊपरी हिस्सों को भी चपेट में ले लिया। बाहर निकलने का मुख्य रास्ता अंदर मौजूद लोगों की संख्या के मुकाबले काफी संकरा था। कई लोगों को खिड़कियां तोड़नी पड़ीं। दरवाजा बहुत छोटा था। अगर कोई खिड़की नहीं तोड़ता, तो कई लोग फंस सकते थे।

### मिनटों में फैल गई आग

दमकल और पुलिस की टीमें कुछ ही मिनटों में मौके पर पहुंच गईं, लेकिन तब तक आग बेहद खतरनाक रूप ले चुकी थी। प्रत्यक्षदर्शी ने कहा कि हमसे महज एक मीटर की दूरी पर लपटें थीं। अगर हम उस वक्त नहीं भागते, तो शायद हम भी घायल हो जाते। एक महिला ने बताया कि भीड़ के दबाव में वह सीढ़ियों से नीचे गिर गई थी।

### कितने लोग थे बार में?

बार के अंदर कितने लोग मौजूद थे, इसे लेकर अलग-अलग दावे सामने आए हैं। CNN की रिपोर्ट के अनुसार, पुलिस के बताया कि उस वक्त करीब 100 लोग अंदर थे, जबकि प्रत्यक्षदर्शियों का अनुमान है कि संख्या इससे कहीं ज्यादा, लगभग 200 तक हो सकती है। 15 से 20 साल के युवा ज्यादा थे।

### 'आतंकी हमला नहीं'

प्रशासन के अनुसार, घटना को आतंकी हमला नहीं, बल्कि हादसा माना जा रहा। फिलहाल किसी तरह के हमले की आशंका नहीं है। शुरुआती तौर पर जिस 'विस्फोट' की बात सामने आई थी, उस पर अधिकारियों ने बताया कि आग फैलने के दौरान हवा के अचानक भड़कने से ऐसा प्रभाव हुआ।

### सात BMW कारों की खरीद के लिए विवादित टेंडर रद्द

■ भाषा, नई दिल्ली: भ्रष्टाचार-रोधी संस्था लोकपाल ने सात लग्जरी बीएमडब्ल्यू कारों की खरीद के लिए जारी किया अपना विवादास्पद टेंडर को रद्द कर दिया है। इस टेंडर को जारी होने के लगभग दो महीने बाद ही रद्द कर दिया गया।

**टेंडर जारी होने के 2 महीने बाद ही हुई कार्रवाई**

यह कदम इसलिए महत्वपूर्ण है, क्योंकि विपक्षी दलों और भ्रष्टाचार विरोधी कार्यकर्ताओं ने लोकपाल द्वारा उच्च श्रेणी के वाहनों की खरीद के फैसले की कड़ी आलोचना की थी। अधिकारियों ने बताया कि खरीद प्रस्ताव को रद्द करने का निर्णय लोकपाल की पूर्ण पीठ के एक प्रस्ताव के बाद लिया गया और लोकपाल द्वारा 16 दिसंबर, 2025 को एक शुद्धिपत्र जारी किया गया था।

एयर इंडिया ने की कार्रवाई

## वैंकूवर-दिल्ली फ्लाइट से पहले पायलट ग्राउंडेड

■ पीटीआई, मुंबई: एयर इंडिया ने गुरुवार को बताया कि कंपनी के एक पायलट को ड्यूटी से हटा दिया गया (ग्राउंडेड) है। यह कार्रवाई 23 दिसंबर को वैंकूवर-दिल्ली फ्लाइट ऑपरेट करने से ठीक पहले की गई। कनाडाई अधिकारियों ने ड्यूटी के लिए पायलट की फिटनेस पर सवाल उठाए थे।

**पायलट की फिटनेस पर सवाल उठे थे**

एयर इंडिया के मुताबिक, वैंकूवर से दिल्ली जाने वाली फ्लाइट के रवाना होने से ठीक पहले उस पायलट को विमान से उतार दिया गया। बयान के मुताबिक, '23 दिसंबर 2025 को फ्लाइट AI186 में अंतिम समय पर देरी हुई, क्योंकि कॉकपिट क्रू के एक सदस्य को हटा दिया गया।'

### उड़ान के दौरान इंफेक्शन का दावा, जांच शुरू

■ पीटीआई, नई दिल्ली: एक पैसेंजर ने दावा किया कि अकासा एयर की फ्लाइट में सफर करने के बाद उन्हें फंगल इंफेक्शन हो गया। वहीं एयरलाइन ने कहा है कि वह मामले की जांच कर रही है। लिंक्डइन पर एक पोस्ट में जाह्नवी त्रिपाठी ने बताया कि उन्होंने 26 दिसंबर को बेंगलुरु से अहमदाबाद के लिए अकासा एयर की फ्लाइट ली थी। सीटें गंदी थीं। इस दौरान इंफेक्शन हो गया।

## भारत-पाक ने एक-दूसरे को परमाणु ठिकाने बताए

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

**भारत और** पाकिस्तान ने आपसी समझौतों के तहत एक बार फिर अपने-अपने परमाणु प्रतिष्ठानों और हिरासत में मौजूद कैदियों और मछुआरों की लिस्ट शेयर की है। यह प्रक्रिया हर साल 1 जनवरी को की जाती है और दोनों देशों के बीच 2008 में हुए बाइलेटरल एग्रीमेंट ऑन कॉन्सुलर एक्सेस के तहत अनिवार्य है।

विदेश मंत्रालय के अनुसार, भारत ने पाकिस्तान को अपनी हिरासत में मौजूद 391 सिविल कैदियों और 33 मछुआरों की सूची सौंपी है। ये वे लोग हैं जो पाकिस्तानी नागरिक हैं या जिन्हें पाकिस्तानी माना जाता है। वहीं, पाकिस्तान ने भारत के साथ अपनी कस्टडी में बंद 58 सिविल कैदियों और 199 मछुआरों की जानकारी साझा की है, जो भारतीय नागरिक हैं या जिन्हें भारतीय माना जाता है।

भारत ने पाक से कहा है कि वह अपनी हिरासत में मौजूद सभी को जल्द रिहा कर भारत भेजे। भारत ने उन 167 भारतीय मछुआरों और कैदियों की तत्काल रिहाई की मांग की है, जो अपनी सजा पूरी कर चुके हैं।

AI Image



**1 जनवरी को हर साल होती है लिस्ट की अदला-बदली**

### सिंधु जल संधि पर पाक की आपत्ति

■ पीटीआई, इस्लामाबाद: पाकिस्तान ने कहा है कि सिंधु जल संधि (IWT) के तहत पश्चिमी नदियों के पानी के सीमित अधिकारों का भारत दुरुपयोग नहीं कर सकता।

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ताहिर हुसैन अंद्राबी ने कश्मीर में चिनाब नदी पर 260 मेगावाट के दुलहस्ती स्टेज-II जलविद्युत परियोजना को भारत की मंजूरी पर चिंता जताते हुए कहा कि इस संबंध में पाकिस्तान को कोई पूर्व सूचना नहीं दी गई। पाकिस्तान के सिंधु जल आयुक्त ने भारत से परियोजना की प्रकृति, दायरे और तकनीकी विवरण पर स्पष्टीकरण मांगा है। कहा, IWT के तहत नदियों पर किसी भी परियोजना के लिए सख्त डिजाइन, संचालन शर्तें और जानकारी साझा करना अनिवार्य है।

**नदियों पर अधिकारों के दुरुपयोग का आरोप**

## मौसमी घटनाओं में 2760 लोगों की जान गई: IMD



बारिश, बाढ़ और बादल फटने से महाराष्ट्र में 210 और हिमाचल में 160 जानें गईं।

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

**भारत मौसम** विज्ञान विभाग (IMD) के अनुसार, 2025 में देश के अलग-अलग हिस्सों में मौसमी घटनाओं में 2760 लोगों की जान गई। सबसे अधिक प्रभावित उत्तर प्रदेश रहा जहां बिजली, आंधी, बारिश, बाढ़, लू और शीतलहर से 410 जानें गईं। इसके बाद मध्य प्रदेश में 350, महाराष्ट्र में 270, झारखंड में 200 जानें गईं। बिहार में 174, जम्मू कश्मीर में 168, हिमाचल प्रदेश में 166, पश्चिम बंगाल में 146 और उत्तराखंड में 117 जानें गईं। 2025 में सबसे अधिक जानें अत्यधिक बारिश, बाढ़, बादल फटने, भूस्खलन से गईं। इन घटनाओं में 1370 जानें गईं।

इन घटनाओं में सबसे अधिक मौतें महाराष्ट्र में 210 और इसके बाद हिमाचल प्रदेश में 160 रहीं। लू की वजह से देश में 35 जानें गईं। उत्तर प्रदेश में सबसे अधिक 20 जानें गईं। दिल्ली में बाढ़ और बारिश से करीब पांच जानें गईं। जनवरी में देश के ज्यादातर हिस्सों में सामान्य से अधिक ठंडी पड़ेगी। मौसम विभाग के अनुसार उत्तर पश्चिमी और उत्तर पूर्वी भारत के कुछ हिस्सों में न्यूनतम तापमान सामान्य से अधिक रह सकता है। अन्य जगहों पर यह सामान्य या इससे कम रहेगा। वहीं, उत्तर पश्चिमी और उत्तर पूर्वी भारत के अधिकांश हिस्सों के साथ मध्य भारत के कुछ हिस्सों में अधिकतम तापमान सामान्य से गर्म रहेगा। अन्य जगहों पर ठंड अधिक रहेगी। जनवरी में मध्य भारत के कुछ हिस्सों, पूर्वी उत्तर प्रदेश और बिहार में सामान्य से एक से दो दिन अधिक शीतलहर रह सकती है।

■ 2025 में सबसे अधिक जानें अत्यधिक बारिश, बाढ़, बादल फटने, भूस्खलन से गईं

■ उत्तर प्रदेश में बिजली, आंधी, बारिश, बाढ़, लू और शीतलहर से 410 जानें गईं

### बुल्गारिया में अब यूरो चलेगा

AFP



■ आईएएनएस, सोफिया: बुल्गारिया (Bulgaria) ने नव वर्ष 2026 के पहले दिन यूरो को आधिकारिक तौर पर अपने राष्ट्रीय मुद्रा के तौर पर अपना लिया। यूरोपीय संघ में शामिल होने के ठीक 19 साल बाद बुल्गारिया ने यह मुद्रा अपनाई है। जनवरी के अंत तक, 'यूरो' के साथ-साथ स्थानीय मुद्रा 'लेव' भी वैध है।

### 'यूक्रेन के ड्रोन हमले में 24 मौतें'



■ पीटीआई, कीव: यूक्रेन के खेरसॉन क्षेत्र में रूस के कब्जे वाले एक गांव में यूक्रेनी ड्रोन हमले में 24 लोगों की मौत हो गई और कम से कम 50 घायल हो गए। रूस के अधिकारियों ने यह दावा किया है। यह घटना ऐसे समय हुई जब दोनों देशों के बीच शांति वार्ता को लेकर कूटनीतिक प्रयास जारी हैं।

# NMC के मेडिकल कॉलेजों में भी PhD शुरू करने की तैयारी, बोर्ड की मंजूरी

### कमिटी भी बनाई जा रही, यूजी और पीजी की 18 हजार से ज्यादा सीटें बढ़ीं

Bhupender.Sharma
@timesofindia.com


■ नई दिल्ली: नेशनल मेडिकल कमीशन (NMC) ने देश में मेडिकल रिसर्च इकोसिस्टम को मजबूत करने के लिए PhD प्रोग्राम शुरू करने का फैसला किया है। अभी देश में मुख्य रूप से AIIMS, JIPMER (पुदुचेरी), PGIMER (चंडीगढ़) जैसे 'राष्ट्रीय महत्व के मेडिकल संस्थानों' (Institute of National Importance) में पीएचडी प्रोग्राम ऑफर किए जाते हैं, वहीं अब एनएमसी से मान्यता प्राप्त संस्थानों में भी क्लिनिकल रिसर्च में पीएचडी शुरू की जाएगी। एनएमसी बोर्ड ने इसकी मंजूरी दे दी है और कमिटी बनाई जा रही है।



डॉ. अभिजात सेठ, चेयरमैन, NMC

एनएमसी के चेयरमैन डॉ. अभिजात सेठ ने एनबीटी को बताया कि MBBS और मेडिकल पीजी कोर्सेज में क्लिनिकल रिसर्च को इंटीग्रेट किया जा रहा है ताकि ज्यादा से ज्यादा क्लिनिकल ट्रायल किए जा सकें। क्लिनिकल ट्रायल से यह पता लगता है कि कोई इलाज, दवा, मेडिकल प्रोसेस कितना प्रभावी है? इसका फायदा मेडिकल स्टूडेंट्स के साथ-साथ आम लोगों को भी होता है। डॉ. सेठ ने कहा कि मेडिकल कोर्सेज में रिसर्च को बढ़ावा देने के साथ-साथ अब पीएचडी कोर्सेज भी शुरू होंगे। फिलहाल एनएमसी से जुड़े करीब 819 संस्थान हैं। एनएमसी चेयरमैन ने बताया कि 2025-26 में एमबीबीएस की सीटों में 11 हजार से ज्यादा का इजाफा हुआ है और सीटें बढ़कर 1.29 लाख हो गई हैं। मेडिकल कोर्सेज में ग्रैजुएशन और पोस्ट ग्रैजुएशन को मिलाकर 18 हजार सीटें बढ़ाई गई हैं और हर साल सीटों में इजाफा होता रहेगा। देश में अगले पांच वर्षों में 75000 मेडिकल सीटों के इजाफे का लक्ष्य रखा गया है। फिलहाल पीजी लेवल पर 65 से 70 हजार सीटें हैं और पीजी लेवल की सीटें बढ़ाने पर भी खास ध्यान दिया जा रहा है।

AI Image



NBT Exclusive

### मेडिकल एंट्रेंस टेस्ट का एग्जाम

देश में MBBS कोर्सेज में एडमिशन के लिए होने वाले मेडिकल एंट्रेंस एग्जाम में 22 लाख से ज्यादा कैंडिडेट्स शामिल होते हैं। एनएमसी चेयरमैन का कहना है कि इस एग्जाम के लिए एक उचित टाइम कैलेंडर होना चाहिए। टाइम मैनेजमेंट एक बड़ा पहलू है और एंट्रेंस टेस्ट की प्रक्रिया को सरल बनाने की दिशा में काम किया जा रहा है। काउंसलिंग प्रक्रिया में देरी भी एक समस्या है।

### सकारात्मक माहौल बनाया जाएगा

डॉ. सेठ ने कहा कि एनएमसी अधिनियम के तहत आयोग को एमबीबीएस अंतिम वर्ष के छात्रों के लिए National Exit Test (NExT) आयोजित करना होगा और इस टेस्ट को लागू करने से पहले सभी संबंधित पक्षों से बातचीत की जा रही है। इस टेस्ट को लागू करने से पहले सकारात्मक माहौल बनाया जाना जरूरी है ताकि छात्र बिना किसी तनाव के यह टेस्ट दे सकें।

### अब फोटो छपवाने का मौका भी

**खबरों का ज्ञान**

रोज की खबरों पर कितनी पैनी नजर है, आजमाएं

1 IMD के अनुसार अब तक का सबसे गर्म साल कौन-सा रहा है?
A) 2016 B) 2022 C) 2024

2 FASTag के लिए KYV प्रक्रिया खत्म करने का फैसला कब से लागू होगा?
A) 1 जनवरी 2026 B) 1 फरवरी 2026 C) 1 मार्च 2026

3 1 फरवरी से सिगरेट और अन्य तंबाकू उत्पादों पर GST की दर कितनी हो जाएगी?
A) 28% B) 35% C) 40%

4 देश की पहली वंदे भारत स्लीपर ट्रेन किन दो शहरों के बीच दौड़ेगी?
A) गुवाहाटी-कोलकाता B) दिल्ली-मुंबई C) मुंबई-चेन्नै

5 अमेरिका की न्यू यॉर्क सिटी के 112वें मेयर कौन बने?
A) एरिक आडम्स B) जोहरान ममदानी C) बिल डे ब्लासियो

**कल के जवाब**

A1 C. भारत टैक्सी A2 C. अमेरिका A3 C. पेइचिंग A4 A. किरिबाती A5 A. प्रलय

**लकी विनर्स**



1. जगदीश यादव, गाजियाबाद
2. नवीता सक्सेना, गाजियाबाद
3. कौशल्या शास्त्री, नई दिल्ली

**ऐसे भेजें अपने जवाब**

अपने नाम, शहर के साथ जवाब भेजें nbtreader@timesofindia.com पर, साथ में फोटो भी भेजें। सब्जेक्ट में KKG लिखें। हर दिन सभी सही जवाब देने वाले तीन चुनिंदा रीडर्स में से एक का फोटो और दो के नाम छापे जाएंगे। जवाब आज के पेपर की खबरों में ही छिपे हैं।

**ICMR रिपोर्ट** भारत में हर चौथी गर्भवती महिला प्रेग्नेंसी डायबिटीज की चपेट में, उत्तर और मध्य भारत में गंभीर चुनौती

# प्रेग्नेंसी में शुगर तेज़ी से बढ़ती चुनौती: स्टडी

Hemwati.Rajaura1
@timesofindia.com

■ नई दिल्ली: भारत में प्रेग्नेंसी के दौरान होने वाली शुगर यानी जेस्टेशनल डायबिटीज तेजी से एक बड़ी स्वास्थ्य चुनौती बनती जा रही है। 12 दिसंबर को हुए भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद (ICMR) के राष्ट्रीय अध्ययन के मुताबिक देश में औसतन हर चार में से एक गर्भवती महिला इस समस्या से प्रभावित है, लेकिन आंकड़े बताते हैं कि उत्तर और मध्य भारत में इसका खतरा सबसे ज्यादा है, जबकि पश्चिमी भारत में स्थिति अपेक्षाकृत बेहतर है।

आईसीएमआर-इंडियाब अध्ययन के अनुसार, देशभर में जेस्टेशनल डायबिटीज की राष्ट्रीय औसत दर 22.4% दर्ज की गई है। हैरानी की बात यह है कि शहर और गांव के बीच इसमें कोई बड़ा अंतर नहीं पाया गया। शहरी इलाकों में यह दर 24.2% रही, जबकि ग्रामीण क्षेत्रों में 21.6% महिलाओं को गर्भावस्था के दौरान शुगर पाई गई।

AI Image



अध्ययन के क्षेत्रवार आंकड़ों के मुताबिक, मध्य भारत में जेस्टेशनल डायबिटीज की दर सबसे ज्यादा, करीब 32.9% पाई गई। इसमें उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ और उत्तराखंड जैसे राज्य शामिल हैं। इसके ठीक बाद उत्तर भारत का स्थान आता है, जहां दिल्ली, हरियाणा, पंजाब, राजस्थान, हिमाचल प्रदेश और चंडीगढ़ जैसे राज्यों में बड़ी संख्या में गर्भवती महिलाएं इस समस्या से जूझ रही हैं। इन इलाकों में हर तीसरी महिला के प्रभावित होने के संकेत मिलते हैं। पश्चिमी भारत में जेस्टेशनल डायबिटीज की दर सबसे कम, करीब 16% दर्ज की गई। महाराष्ट्र, गुजरात और गोवा जैसे राज्यों में यह समस्या उत्तर और मध्य भारत की तुलना में कम पाई गई।

### किन महिलाओं में जोखिम ज्यादा?

अध्ययन के अनुसार, जिन महिलाओं का सिस्टोलिक ब्लड प्रेशर ज्यादा रहता है या जिनके परिवार में पहले से डायबिटीज का इतिहास है, उनमें जेस्टेशनल डायबिटीज होने का खतरा ज्यादा पाया गया है।

### मां और बच्चे दोनों पर असर

डॉक्टरों के मुताबिक, गर्भावस्था के दौरान शुगर होने से मां और बच्चे दोनों को नुकसान हो सकता है। इससे बच्चे का वजन जरूरत से ज्यादा बढ़ सकता है और मां को टाइप-2 डायबिटीज का खतरा भी बढ़ जाता है।

### शुरुआत में ही जांच जरूरी हो

रिपोर्ट में जोर दिया है कि जब उत्तर और मध्य भारत जैसे बड़े क्षेत्रों में बड़ी संख्या में महिलाएं प्रभावित हो रही हैं और शुरुआती गर्भावस्था में भी शुगर के मामले सामने आ रहे हैं तो हर गर्भवती महिला की प्रेग्नेंसी के शुरुआती दौर से ही शुगर जांच अनिवार्य की जानी चाहिए।

# इस साल भारत की मेज़बानी में होंगे दुनिया के कई बड़े सम्मेलन

Alpyu.Singh@timesofindia.com

**नई दिल्ली:** भारत में इस साल डिप्लोमेसी के क्षेत्र में कई अहम कार्यक्रम होने हैं। दुनिया की बड़ी अर्थव्यवस्थाओं के समूह ब्रिक्स समिट की मेजबानी भी भारत के जिम्मे है, लेकिन इसके अलावा भी भारत पूरा साल अंतरराष्ट्रीय मंचों के बड़े आयोजनों के केंद्र में रहेगा।

**AI इंपैक्ट समिट में जुटेगा वैश्विक नेतृत्व:** फरवरी में इंडिया AI इंपैक्ट समिट के दौरान यूरोपीय देशों समेत कई दूसरे देशों के राष्ट्राध्यक्ष मौजूद रह सकते हैं। भारत सरकार ने कहा है कि इस समिट में दुनिया के 100 से ज्यादा देश प्रतिनिधित्व कर सकते हैं। भारत को उम्मीद है कि इस समिट में ग्लोबल साउथ का मजबूत प्रतिनिधित्व रहेगा, खासतौर से अफ्रीका और लैटिन अमेरिका से अच्छी हिस्सेदारी रहेगी। समिट का शुभारंभ पीएम मोदी करेंगे। समिट के दौरान भारत साझा बयान पर सहमति बनाने की कोशिश भी करेगा। इससे पहले जनवरी में ईयू भारत समिट का आयोजन भी संभव है। माना जा रहा है कि दोनों देशों के बीच एफटीए के अलावा डिफेंस और रणनीतिक मुद्दों पर भी अहम ऐलान दिख सकते हैं।

File



ब्रिक्स से AI समिट तक, भारत की डिप्लोमेसी परीक्षा

**भारत-अफ्रीका फोरम समिट पर नजर:** साल 2023 में G20 में अफ्रीकी संघ को लेकर मुखर भूमिका में रहने के बाद से भारत और अफ्रीका का इंगेजमेंट बढ़ा है। जिस तरह से भारतीय विदेश नीति में अफ्रीका को लेकर प्राथमिकता बढ़ी है, ऐसे में भारत चाहेगा कि भारत- अफ्रीका फोरम समिट के चौथे एडिशन का आयोजन भारत में हो। भारत जापान समिट पिछले साल तोक्यो में हुआ था, तो इस साल ये आयोजन भारत में हो सकता है।

**क्वाड के आयोजन की भी कोशिश तेज:** केंद्रीय पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव ने हाल ही में कहा था कि भारत इस साल नई दिल्ली में ग्लोबल बिग कैट्स समिट की मेजबानी करेगा। भारत की ओर से शुरू किया गया ग्लोबल गठबंधन का काम दुनिया की 7 प्रमुख बड़ी बिल्ली प्रजातियों का संरक्षण करना है। अप्रैल 2023 में प्रोजेक्ट टाइगर की 50वीं वर्षगांठ के अवसर पर भारत ने इसे लॉन्च किया था। इसके अलावा भारत ये भी कोशिश होगी कि पिछले साल टाले गए क्वाड सम्मेलन का आयोजन इस साल हो जाए।

## फटाफट खबरें

### संपत्ति का ब्योरा नहीं तो प्रमोशन नहीं

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ : शासन ने सभी कर्मचारियों को 31 जनवरी के पहले बीते साल तक की चल-अचल संपत्ति का ब्योरा उपलब्ध करवाने के निर्देश दिए हैं। आदेश में कहा गया है कि मानव संपदा पोर्टल पर 31 दिसंबर तक की संपत्ति का ब्योरा अनिवार्य रूप से 31 जनवरी तक उपलब्ध करवाना होगा। विवरण न देना नियमों का उल्लंघन माना जाएगा।। फरवरी के बाद होने वाली विभागीय चयन समिति की बैठकों में ऐसे अधिकारियों-कर्मचारियों के प्रमोशन पर विचार नहीं किया जाएगा। इसके अलावा अनुशासनिक कार्यवाही भी की जाएगी।

### सचिवालय पास अब 31 जनवरी तक वैध

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ : सचिवालय में प्रवेश के लिए 2025 में जारी किए निजी प्रवेश पत्र और वाहन पास 31 जनवरी तक वैध होंगे। सचिवालय प्रशासन विभाग ने प्रवेश पत्रों की वैधता अवधि बढ़ा दी है। विशेष सचिव, सचिवालय प्रशासन की ओर से जारी निर्देश में यह भी कहा गया है कि 2026 में निजी प्रवेश पत्र और वाहन पास बनवाने के लिए आवेदन 17 जनवरी तक प्रवेश पत्र कार्यालय को उपलब्ध करवा दें।

### राज्यपाल ने दी सत्रावसान को मंजूरी

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ : राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने राज्य विधान मंडल के शीतकालीन सत्र के सत्रावसान को मंजूरी दे दी है। विधानसभा और विधान परिषद का यह सत्र 19 दिसंबर को बुलाया गया था और 24 दिसंबर को दोनों सदनों को अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दिया गया था। राज्यपाल ने गुरुवार को विधानमंडल के इस शीतकालीन सत्र के सत्रावसान को मंजूरी दे दी है। इसकी जानकारी विधानसभा के प्रमुख सचिव प्रदीप कुमार दुबे ने दी।

### प्रमुख सचिव जेपी सिंह को मिला सेवा विस्तार

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ : योगी सरकार ने संसदीय कार्य विभाग में प्रमुख सचिव के पद पर तैनात जेपी सिंह द्वितीय को एक साल का सेवा विस्तार दिया है। यह सेवा विस्तार 31 दिसंबर 2026 तक रहेगा। प्रमुख सचिव संसदीय कार्य के पद पर पिछले दिनों उनका पांच साल का कार्यकाल समाप्त हुआ था। न्यायिक सेवा के अधिकारी जेपी सिंह द्वितीय सचिव और प्रमुख सचिव न्याय के पद पर भी तैनात रह चुके हैं।

### बिंद्रावन लाल शर्मा को निदेशक का चार्ज

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ : उच्च शिक्षा निदेशक अमित भारद्वाज बुधवार को रिटायर हो गए। उनकी जगह सहायक निदेशक बिंद्रावन लाल शर्मा को निदेशक का कार्यवाहक चार्ज दिया गया है। शासन ने इसका आदेश जारी कर दिया है।

### संस्कृत शिक्षा बोर्ड की परीक्षाएं 19 फरवरी से

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ : संस्कृत शिक्षा बोर्ड की परीक्षाएं 19 फरवरी से शुरू होंगी। बोर्ड के सचिव शिवलाल ने पूर्व मध्यमा प्रथम (आठवीं कक्षा) से लेकर उत्तर मध्यमा द्वितीय (12वीं कक्षा) तक की परीक्षाओं का कार्यक्रम घोषित कर दिया है। ये परीक्षाएं 28 फरवरी तक चलेंगी।

# कठिन होगी 95 बैच के अफसरों के डीजी बनने की डगर

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ

■ कुछ को एडीजी के पद से ही होना पड़ सकता है रिटायर
■ डीजी स्तर के छह अफसर इस वर्ष होंगे रिटायर




डीजी के पद पर प्रमोट होने की दावेदारी के बावजूद वर्ष 1995 बैच के आईपीएस अफसरों की इस वर्ष डीजी बनने की डगर थोड़ी कठिन होगी। अगर समीकरण पक्ष में नहीं हुए तो दो अफसरों को एडीजी के पद से ही रिटायर होना पड़ सकता है। वहीं, 95 बैच के पांच अफसरों के डीजी बनने की उम्मीद वर्ष 2027 में ही पूरी हो पाएगी।

इस वर्ष डीजी स्तर के छह अफसरों का रिटायरमेंट है। इसमें दो अफसर वर्ष 1989 बैच के शफी अहसान रिजवी और वर्ष 1991 बैच के आलोक शर्मा केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर हैं, जबकि चार अफसर वर्ष 1990 बैच के संदीप सालुंके, मनमोहन कुमार बशल, वर्ष 1992 बैच के दीपेश जुनेजा और नीरा रावत यूपी में ही तैनात हैं। इनमें संदीप सालुंके, एम.के बशल और दीपेश जुनेजा का 28 फरवरी को और नीरा रावत का 30 अप्रैल को रिटायरमेंट है। इन चार अफसरों के रिटायरमेंट के बाद यूपी में तैनात वर्ष 1994 बैच के आईपीएस प्रकाश डी, एल वी एंटनी, देव कुमार और जय नारायण सिंह एक मार्च को डीजी के पद पर प्रमोट हो जाएंगे। हालांकि, यह तभी संभव होगा, जब केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर तैनात डीजी स्तर का कोई अफसर यूपी वापस नहीं लौटेगा। अगर इनसे सीनियर कोई भी अफसर लौटता है तो इनके प्रमोशन टलना तय है। अगर कोई नहीं लौटता है तो अप्रैल में वर्ष 1995 बैच के आईपीएस एडीजी जोन कानपुर आलोक सिंह एक मई को डीजी के पद पर प्रमोट हो जाएंगे। क्योंकि नीरा रावत का 30 अप्रैल को रिटायरमेंट है।

इसके बाद, एक मार्च को प्रमोट होने वाले एल वी एंटनी कुमार 31 मई को रिटायर भी हो जाएंगे। उनके रिटायरमेंट के बाद एक जून को वर्ष 1995 बैच के एडीजी जोन गोरखपुर एम मुथा जैन डीजी के पद पर प्रमोट हो जाएंगे। हालांकि, उन्हें भी यह प्रमोशन तभी मिलेगा, जब कोई सीनियर केंद्रीय प्रतिनियुक्ति से नहीं लौटे। अगर कोई अफसर लौटता है तो एम मुथा जैन को एडीजी के पद से ही रिटायर होना पड़ेगा। क्योंकि 31 अगस्त को उनका रिटायरमेंट है। अगर वह प्रमोट हुए तो तीन महीने तक ही डीजी रह पाएंगे। केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर तैनात वर्ष 1995 बैच के अफसर रवि जोसेफ लोक्कू को एडीजी के पद पर ही रिटायर होना पड़ेगा। रवि जोसेफ का ए मुथा जैन के साथ ही 31 अगस्त को रिटायरमेंट है।

**लखनऊ कमिश्नर एक सितंबर को बनेंगे डीजी! :** अगर कोई अफसर केंद्रीय प्रतिनियुक्ति से नहीं लौटा तो लखनऊ के पुलिस कमिश्नर अमरेंद्र सिंह सेंगर एक सितंबर को डीजी के पद पर प्रमोट हो जाएंगे। जबकि उनके ही बैच के अशोक कुमार सिंह, राजा कुमार, राम कुमार और अनुपम कुलश्रेष्ठ को डीजी बनने के लिए वर्ष 2027 तक इंतजार करना पड़ेगा।

### नए साल में खत्म होगा इन अफसरों का इंतजार?

नए साल में यह भी देखने वाला होगा कि लंबे समय से तैनाती और बहाली की राह देख रहे आईपीएस अफसरों का इंतजार नए साल में खत्म होगा या नहीं। इसमें सबसे पहला नाम है डीजी रेणुका मिश्रा का। वह 19 जुलाई 2024 से डीजीपी मुख्यालय से अटैच हैं और उन्हें कहीं तैनाती नहीं दी गई है। इसी तरह डीआईजी रोहन पी कनय 23 जुलाई 2025 से वेटिंग में है। केंद्रीय प्रतिनियुक्ति से लौटे वर्ष 2011 बैच के आईपीएस मो.इमरान भी 12 सितंबर 2025 से वेटिंग में हैं। संतोष कुमार मिश्रा और हेमराज मीणा भी 18 सितंबर 2025 से मुख्यालय से अटैच हैं और उन्हें कोई तैनाती नहीं मिली है। इसी तरह वर्ष 2013 बैच के डॉ. सतीश कुमार भी 17 सितंबर 2025 से मुख्यालय से अटैच हैं। वर्ष 2014 बैच के आईपीएस अंकित मित्तल 24 जून 2024 से निलंबित चल रहे हैं। डेढ़ साल बाद भी उन्हें बहाली नहीं मिली है। आनंद कुमार भी 23 जुलाई 2025 से निलंबित चल रहे हैं।

# डेढ़ करोड़ से एक रुपया कम लेने को तैयार नहीं थीं मैडम!

## CBI की FIR में आरोप, CGST अफसरों ने छह दिन बनाया दबाव

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ

केंद्रीय वस्तु एवं सेवा कर (CGST) झांसी में तैनात वरिष्ठ अधिकारियों और निजी कारोबारियों द्वारा डेढ़ करोड़ की रिश्वतखोरी का मामला सिर्फ पैसों की अदायगी तक सीमित नहीं था, बल्कि एक योजनाबद्ध साजिश थी जिसमें कई स्तरों पर बातचीत, मुलाकात और दबाव का खेल चला। सीजीएसटी की डिप्टी कमिश्नर प्रभा भंडारी ने मध्यस्थों से साफ कह दिया था कि रिश्वत की रकम डेढ़ करोड़ से एक रुपये भी कम नहीं होगी। सीबीआई की एफआईआर से यह खुलासा हुआ है।

**वकील को बनाया मध्यस्थ, तीन अफसरों समेत कुल सात आरोपित नामजद**



छापेमारी में बरामद की गई थी नकदी।

### शुरुआत छापेमारी से

18 दिसंबर 2025 को CGST टीम ने झांसी के दो बड़े कारोबारियों जय अंबे प्लाईवुड और जय दुर्गा हार्डवेयर के गोदामों पर छापेमारी की। इस दौरान भारी मात्रा में अघोषित स्टॉक और टैक्स उल्लंघन से जुड़े दस्तावेज बरामद हुए। यह कार्रवाई अधिकारियों के लिए एक मौका बन गई, जहां उन्होंने कानूनी प्रक्रिया को अपने फायदे के लिए मोड़ने की योजना बनाई। छापेमारी के तुरंत बाद अधिवक्ता नरेश कुमार गुप्ता ने मध्यस्थता की भूमिका निभाते हुए कारोबारियों से संपर्क किया। उसने भरोसा दिलाया कि वह CGST अधिकारियों से बात करके मामला 'सेटल' करवा सकता है।

### ऐसे बढ़ा खेल

अधिवक्ता ने अधिकारियों से मुलाकात की और उन्हें बताया कि कारोबारी किसी भी कीमत पर मामला शांत करना चाहते हैं। अधिकारियों ने अपनी ताकत का इस्तेमाल करते हुए यह संदेश दिया कि उनके पास अघोषित स्टॉक और टैक्स चोरी के ठोस सबूत हैं। इस डर को भुनाते हुए उन्होंने रिश्वत की मांग शुरू की। सुपरिंटेंडेंट अनिल तिवारी ने नरेश गुप्ता को साफ कहा कि 'मैडम' यानी डिप्टी कमिश्नर प्रभा भंडारी खुद छापेमारी स्थल पर मौजूद हैं और वह किसी भी रियायत के लिए तैयार नहीं हैं। इसके बाद अधिकारियों ने कारोबारी पक्ष को यह संकेत दिया कि मामला निपटाने के लिए बड़ी रकम देनी होगी।

### मुलाकातों का सिलसिला

19 दिसंबर को कारोबारी लोकेंद्र तोलानी और राजू मंगतानी ने अनिल तिवारी के घर जाकर बातचीत की। 22 दिसंबर को नरेश गुप्ता और तेजपाल मंगतानी ने अजय शर्मा से मुलाकात की। इन बैठकों में रिश्वत की रकम और भुगतान की प्रक्रिया तय हुई। 23 दिसंबर को राजू मंगतानी को 30 लाख रुपये देने का निर्देश मिला। 25 दिसंबर को उसने जगदीश बजाज से 70 लाख रुपये की व्यवस्था के लिए मदद मांगी। एफआईआर में दर्ज है कि कुल मांग 1.5 करोड़ रुपये की थी, जिसमें से 30 लाख पहले ही दिए जा चुके थे। एफआईआर के मुताबिक 'मैडम' प्रभा भंडारी ने रिश्वत की रकम कम करने से इनकार कर 1.5 करोड़ रुपये की मांग पर अड़ी रहीं।

### सोर्स ने खोल दिया पूरा खेल

सीबीआई को यह जानकारी एक विश्वसनीय स्रोत से मिली। स्रोत ने न केवल रकम और मुलाकातों का ब्योरा दिया, बल्कि यह भी बताया कि अधिकारियों ने किस तरह दबाव बनाकर कारोबारी पक्ष को मजबूर किया।
सीबीआई ने इन सूचनाओं को पुख्ता करने के बाद मामला दर्ज किया और जांच की जिम्मेदारी एसीबी लखनऊ को सौंपी। इसके बाद एसीबी की टीम ने डिप्टी कमिश्नर व दो अधीक्षकों समेत पांच आरोपितों को 70 लाख की रिश्वत लेते गिरफ्तार कर लिया। मंगलवार से बुधवार की सुबह तक चली सीबीआई की छापेमारी में रिश्वत की रकम के 70 लाख समेत कुल 1.60 करोड़ कैश बरामद हुआ। इसके अलावा लाखों के सोने-चांदी के जेवरात बरामद हुए हैं।

सीबीआई की ओर से दर्ज करवाई गई एफआईआर में प्रभा भंडारी, डिप्टी कमिश्नर, CGST झांसी, सुपरिंटेंडेंट अनिल कुमार तिवारी, अजय शर्मा, अधिवक्ता नरेश कुमार गुप्ता, जय अंबे प्लाईवुड के मालिक लोकेंद्र तोलानी, जय दुर्गा हार्डवेयर के मालिक राजू मंगतानी और तेजपाल मंगतानी व अन्य के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (BNS) 2023 की धारा 61(2) और भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम, 1988 (संशोधित) की धाराएं 7, 7A, 8, 9 लगाई गई हैं। यह धाराएं सार्वजनिक सेवकों द्वारा रिश्वत लेने, साजिश रचने और अवैध लाभ पहुंचाने से जुड़ी हैं।

### अपात्र कोऑर्डिनेटरों को दिए गए मानदेय की होगी वसूली

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ : मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना में अपात्र पाए गए कोर्स कोऑर्डिनेटरों से उन्हें दिए गए मानदेय की वसूली की जाएगी। नियमों की अनदेखी कर भर्ती किए गए इन अपात्र कोर्स कोऑर्डिनेटरों को हर महीने 60 हजार रुपये का मानदेय दिया जा रहा था। जिन विभागीय अधिकारियों और कर्मचारियों की जिम्मेदारी दस्तावेज सत्यापन की थी, उनके खिलाफ भी बड़े ऐक्शन की तैयारी है।

**मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना**


समाज कल्याण मंत्री ने बताया कि उनके आदेश पर विभाग के उन अधिकारियों और कर्मचारियों की भूमिका और लापरवाही की प्रशासनिक जांच शुरू हो चुकी है। उल्लेखनीय है कि कोचिंग में पढ़ाने के लिए विभाग ने अपनी परिधि एनर्जी ऐंड कम्युनिकेशन प्राइवेट लिमिटेड कंपनी के जरिए 69 कोर्स कोऑर्डिनेटरों की भर्ती की थी। शिकायत पर मंत्री ने जब इनके दस्तावेज आदि की जांच करवाई तो 48 कोर्स कोऑर्डिनेटरों की नियुक्तियां गलत पाई गईं। नियमानुसार कोर्स कोऑर्डिनेटर पद के लिए यूपी पीसीएस मुख्य परीक्षा पास होना अनिवार्य था। लेकिन, जांच में सामने आया कि 48 कोर्स कोऑर्डिनेटर के पद पर नियुक्ति पाए अभ्यर्थियों ने परीक्षा पास नहीं की थी।

# नए बजट की तैयारी, विभागों से मांगे प्रस्ताव

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ : योगी सरकार ने अगले वित्तीय सत्र के लिए बजट की तैयारियों को अंतिम रूप देना शुरू कर दिया है। सभी विभागों से वित्त मंत्री के बजट भाषण के लिए प्रस्ताव मांगा गया है। विभाग ने कहा है कि भाषण की सामग्री तथ्यपूर्ण और सरकार की फ्लैगशिप योजनाओं पर केंद्रित हो।

अमूमन वर्ष के पहले विधानमंडल सत्र में सरकार बजट पेश करती है जो फरवरी-मार्च में आहूत होता है। इसलिए वित्त विभाग तीन-चार महीने पहले से इसकी तैयारी शुरू कर देता है। पिछले महीने ही विभागों को इस संदर्भ में पत्र भेजकर बजट भाषण के लिए सामग्री उपलब्ध करवाने को कहा गया था। अब अपर मुख्य सचिव दीपक कुमार ने रिमाइंडर भेजा है। इसमें कहा गया है कि कई विभागों ने अब तक बजट भाषण के लिए कंटेंट नहीं उपलब्ध करवाया है। कुछ विभागों से जो सामग्री आई है, वह बहुत ही लंबी है और उसमें गुणवत्ता का अभाव है। बजट भाषण राज्य सरकार की नीतियों, कार्यक्रमों और विजन का सबसे महत्वपूर्ण दस्तावेज होता है, जिसके आधार पर विशेषज्ञ और अर्थशास्त्री बजट का विश्लेषण करते हैं। इसलिए, इसकी गुणवत्ता पर ध्यान दिया जाना जरूरी है।

**वित्त विभाग ने 8 जनवरी तक की समय सीमा, कहा- तथ्य सही और गुणवत्तापूर्ण हो**




**वन ट्रिलियन, रोजगार, विकास पर होगा फोकस :** विभागों से कहा गया है कि बजट सामग्री में विकास, रोजगार, इनोवेशन, विकास और इंफ्रास्ट्रक्चर, तकनीक एवं रिसर्च के उपयोग की दिशा में हुई पहल का उल्लेख हो। महिला, युवा, किसान व कमजोर वर्गों के सशक्तिकरण की योजनाओं को प्राथमिकता दी जाए। साथ ही राज्य को 1 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने के लिए प्रस्तावित योजनाओं व कार्यक्रमों का उल्लेख हो। विभागों से 8 जनवरी तक यह विवरण इस हिदायत के साथ मांगा गया है कि राज्यपाल के अभिभाषण और वित्त मंत्री के बजट भाषण की सामग्री में गलती न होने पाए।

# सरकारी भवनों के लिए किराए की दर ढाई गुना बढ़ी

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ : छोटे शहरों से लेकर महानगरों तक में जमीन, भवन की कीमतों में आई उछाल से किराया भी महंगा हो गया है। इसके चलते सरकारी विभागों के दफ्तर के लिए भवन किराए पर लेना मुश्किल हो रहा था। ऐसे में शासन ने किराए की दर बढ़ा दी है। लखनऊ सहित प्रमुख शहरों में यह दर ढाई गुना और बाकी जगहों पर डेढ़ से पौने दो गुना तक बढ़ी है। वित्त विभाग ने गुरुवार को इसका शासनादेश जारी कर दिया है। यह बढ़ोतरी 15 साल बाद हुई है।

**लखनऊ, कानपुर, नोएडा, गाजियाबाद में 40 रुपये वर्गफुट की दर से किराए पर ले सकेंगे भवन**

लखनऊ, कानपुर, नोएडा और गाजियाबाद में अनावासीय प्रयोजनों के लिए अब 40 रुपये प्रति वर्ग फुट कारपेट एरिया की दर पर किराए पर जगह ली जा सकेगी। पहले यह दर 16 रुपये वर्गफुट थी। कमिश्नर इसकी स्वीकृति देंगे जिसकी अधिकतम सीमा 1 लाख रुपये महीने तक होगी। इन चार शहरों को छोड़कर बाकी मंडल मुख्यालयों के लिए 20 रुपये प्रति वर्ग फुट तक किराया दिया जा सकेगा, जो अधिकतम 80 हजार रुपये महीने तक हो सकेगा। 1 लाख से अधिक जनसंख्या वाले शहरों में 10 रुपये की जगह 16 रुपये वर्गफुट (अधिकतम 50 हजार रुपये महीना), एक लाख से कम जनसंख्या वाले शहर में 30 हजार महीने की अधिकतम सीमा तय की गई है। किराए की दर 8 रुपये से 12 रुपये वर्गफुट तय की गई है। ग्रामीण क्षेत्रों में अब 2 रुपये की जगह 4 रुपये वर्गफुट किराए पर भवन लिया जा सकेगा। भवन का चयन करने के लिए मानक तय किए गए हैं। तीन अधिकारियों की समिति भवन का चयन करेगी।

# 21 IAS के तबादले, अपर्णा यू प्रमुख सचिव राजस्व बनीं

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ : शासन ने गुरुवार को देर रात 21 IAS अफसरों के तबादले किए हैं। कुछ अधिकारियों को प्रमोशन के बाद नई तैनाती दी गई है। वहीं, कुछ को मौजूदा विभागों में ही नए पद पर भेजा गया है। सचिव चिकित्सा अपर्णा यू को प्रमुख सचिव राजस्व बनाया गया है।

प्रमोशन के बाद अखंड प्रताप सिंह को निर्वाचन में ही सचिव, नेहा शर्मा को प्रभारी महानिरीक्षक निबंधन से वहीं महानिरीक्षक, मोनिका रानी को प्रभारी डीजी स्कूल शिक्षा से पूर्णकालिक डीजी और योगेश कुमार को प्रभारी से आयुक्त सहकारिता बनाया गया है। सचिव वित्त सारिका मोहन चिकित्सा शिक्षा में सचिव, एसवीएस रंगाराव राजस्व परिषद से प्रमुख सचिव राष्ट्रीय एकीकरण व सामान्य प्रशासन विभाग, नवीन कुमार जीएस सचिव सिंचाई से सदस्य न्यायिक परिषद बनाए गए हैं। भवानी सिंह खंगारौत राजस्व से वित्त, अरुण प्रकाश नगर विकास से राजस्व विभाग में विशेष सचिव बनाए गए हैं।

**प्रमोशन के बाद अधिकारियों को मिली नई तैनाती**



**महिला कल्याण, समाज कल्याण के निदेशक बदले :** रवींद्र कुमार को विशेष सचिव कृषि से सचिव नगर विकास, राज्य मिशन निदेशक अमृत और एमडी यूपी जल निगम की जिम्मेदारी मिली है। दिव्य प्रकाश गिरि को विशेष सचिव नमामि गंगे से सचिव पीडब्ल्यूडी, कृष्ण कुमार सिंचाई विभाग में ही विशेष सचिव से सचिव, सुधा वर्मा को विशेष सचिव महिला कल्याण को सचिव राजस्व के पद पर भेजा गया है। रेणु तिवारी एससी-एसटी आयोग से अब राज्य महिला आयोग की सचिव, राजेंद्र सिंह द्वितीय को एससी-एसटी आयोग के सचिव का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। संजीव सिंह को निदेशक समाज कल्याण, वंदना वर्मा को निदेशक महिला कल्याण, उमेश प्रताप सिंह को निदेशक पिछड़ा वर्ग कल्याण के पद पर तैनात किया गया है। निदेशक समाज कल्याण कुमार प्रशांत अब गृह विभाग में और निदेशक महिला कल्याण संदीप कौर वित्त विभाग में सचिव की जिम्मेदारी संभालेंगी।

# 'गंगा एक्सप्रेस-वे का काम 15 फरवरी तक पूरा कर लें'

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ : मुख्य सचिव एसपी गोयल ने यूपीडा से कहा है कि गंगा एक्सप्रेस-वे का बचा काम 15 फरवरी के पहले पूरा कर लिया जाए। डिफेंस कॉरिडोर और बुंदेलखंड इंडस्ट्रियल डिवेलपमेंट अथॉरिटी (बीडा) के लिए जमीन अधिग्रहण का काम तेज करें। बीडा महायोजना-2045 में सेक्टर प्लानिंग का कार्य 31 मार्च से पहले पूरा हो जाए। एविएशन एरिया में जलापूर्ति एवं विद्युत आपूर्ति के लिए वर्क ऑर्डर इसी महीने जारी कर दें।

गोयल ने गुरुवार को प्रोजेक्ट मॉनिटरिंग ग्रुप (पीएमजी) की बैठक में यह निर्देश दिए। बैठक में बताया कि गंगा एक्सप्रेस-वे के कुल 1497 स्ट्रक्चर (मेजर ब्रिज, आरओबी, माइनर ब्रिज, फ्लाईओवर आदि) में से सभी का कार्य पूर्ण हो चुका है। कैरिज-वे निर्माण 578.03 किमी में से 567.53 किमी पूर्ण हो चुका है। बचे काम 31 जनवरी से पहले पूरा कर लेंगे। सर्विस रोड, वे साइड एमेनिटीज तथा स्मार्ट ट्रैफिक मैनेजमेंट आदि काम 15 फरवरी तक पूरे हो जाएंगे। वहीं, यूपी डिफेंस इंडस्ट्रियल कॉरिडोर में करीब 84% जमीन अधिग्रहण हो चुका है।

# आगरा एक्सप्रेस-वे घोटाले की जांच एक महीने में भी पूरी नहीं

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ : लखनऊ-आगरा एक्सप्रेस-वे घोटाले की जांच एक महीने बाद भी पूरी नहीं हो सकी है। इस पर राजस्व परिषद के अध्यक्ष अनिल कुमार ने लखनऊ के डीएम विशाख जी को फिर से पत्र लिखा है और जांच रिपोर्ट जल्दी भेजने के लिए कहा है। इससे पहले परिषद के अध्यक्ष ने दो सप्ताह में जांच पूरी करके रिपोर्ट भेजने के आदेश दिए थे।

**राजस्व परिषद के अध्यक्ष ने लखनऊ के डीएम को फिर से लिखा पत्र**



आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस-वे का काम वर्ष 2013 में शुरू हुआ था। तत्कालीन मुख्य सचिव ने एक्सप्रेस-वे के लिए लखनऊ, आगरा, इटावा, औरैया, कन्नौज, फिरोजाबाद, मैनपुरी, कानपुर नगर, उन्नाव व हरदोई के जिलाधिकारियों को उत्तर प्रदेश एक्सप्रेस-वे औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यूपीडा) को भूमि उपलब्ध कराने के निर्देश दिए थे। जिला प्रशासन ने भूमि अधिग्रहण के लिए तहसीलदार, कानूनगो, लेखपाल व अन्य राजस्व अधिकारियों की टीमें बनाई गई थीं। उसी समय एक्सप्रेस-वे का एलाइनमेंट भी जारी कर दिया गया था। राजस्व अधिकारियों ने लखनऊ के सरोसा-भरोसा गांव में 68 बीघा, 11 बिस्वा और 11 बिस्वांसी भूमि के करीब दो बीघा हिस्से पर अनुसूचित जाति के भाई लाल व बनवारी लाल को वर्ष 2007 से पहले से काबिज दिखा कर 1,09,86,415 रुपये का मुआवजा जारी कर दिया था। उस समय लेखपाल ने बिना जांच के लाभार्थी और उसके पड़ोसी के बयान के आधार पर उस जमीन पर काश्तकार के रूप में लाभार्थियों का कब्जा दिखाया और रिपोर्ट में उल्लेख किया था कि लाभार्थी अनुसूचित जाति का है। उत्तर प्रदेश जमींदारी विनाश एवं भूमि सुधार अधिनियम-1950 की धारा 122 बी (4 एफ) के तहत लाभार्थी को मुआवजा दिया जाना चाहिए। इसी रिपोर्ट के आधार पर तत्कालीन राजस्व निरीक्षक, तहसीलदार और एसडीएम ने भी लाभार्थी को काश्तकार मान कर मुआवजा जारी कर दिया था। राजस्व परिषद के अध्यक्ष ने इस मामले की जांच लखनऊ के डीएम को सौंपी थी।

**नए साल की बधाई के साथ नसीहत भी**

# गलत आदतों से बचें: आनंदीबेन



अधिकारियों और कर्मचारियों ने राज्यपाल से की मुलाकात

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ : राज्यपाल आनंदीबेन पटेल से गुरुवार को नववर्ष के पहले दिन राजभवन, शासन के अधिकारियों और कर्मचारियों ने मुलाकात कर उन्हें शुभकामनाएं दीं।

राज्यपाल ने बधाई देते हुए कहा कि नववर्ष आत्ममंथन, सकारात्मक सोच और नए संकल्पों का समय है। सभी को चाहिए कि अच्छा सोचें, अच्छा कार्य करें, परिवार का ध्यान रखें तथा ऐसी किसी भी प्रकार की गलत आदतों या असंतुलित खान-पान से बचें, जिससे स्वयं और बच्चों के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़े। आनंदीबेन ने कहा कि इस नववर्ष यह संकल्प लेना चाहिए कि हम प्रयास कर किसी भी प्रकार की बीमारी को समाप्त करने का कार्य करेंगे। बिना मेहनत के सफलता संभव नहीं है, इसलिए लक्ष्य प्राप्ति के लिए निरंतर परिश्रम आवश्यक है।

# बाटी-चोखा खिलाया, लक्ष्य भी दिया



सपा कार्यालय में अखिलेश ने कार्यकर्ताओं से किया संवाद

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ : सपा मुखिया अखिलेश यादव ने नए साल के पहले दिन पार्टी कार्यालय पर कार्यकर्ताओं को शुभकामनाओं के साथ बाटी-चोखा की पार्टी दी। दावत के साथ ही अखिलेश ने वर्ष 2027 में सपा सरकार को सत्ता में लाने का लक्ष्य भी कार्यकर्ताओं के सामने रखा। उन्होंने कहा कि वर्ष 2026 अगला साल 2027 लेकर आ रहा है। मंजिल सामने है।

अखिलेश ने कार्यकर्ताओं से कहा कि भाजपा धोखेबाज पार्टी है। हर वर्ग को धोखा देती है। विधानसभा चुनाव में अब समय बहुत कम बचा है। कार्यकर्ता और नेता बूथ-बूथ पर पार्टी को मजबूत करने में जुट जाएं। कार्यकर्ताओं से मुलाकात के दौरान राष्ट्रीय महासचिव शिवपाल सिंह यादव, नेता प्रतिपक्ष माता प्रसाद पांडेय, सांसद आरके चौधरी, राष्ट्रीय सचिव राजेंद्र चौधरी, प्रदेश अध्यक्ष श्याम लाल पाल सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद थे।

# ...तभी विश्वगुरु बनेगा : मायावती

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ : बसपा प्रमुख मायावती ने देश और प्रदेश वासियों को नए साल की बधाई देने के साथ ही केंद्र और प्रदेश सरकार पर निशाना साधा है।



उन्होंने गुरुवार को जारी बयान में कहा कि देश अगर संवैधानिक मूल्यों और सिद्धांतों पर चलेगा तो ही विश्वगुरु बनकर पथ प्रदर्शक होगा। इसका लाभ देश दुनिया में रहने वाले सभी भारतीयों को भी मिलेगा। निश्चय ही पड़ोसी देशों के साथ संबंध बेहतर होकर लाभकारी होंगे। इससे आमजन का जीवन बेहतर होगा। मायावती ने कहा कि सरकार देश के बहुजन समाज को हीन और बोझ समझने की बजाय उन्हें मानव संसाधन मानकर निवेश करने की नीति बनाए, वरना केवल धन्ना सेठों की तिजोरी भरने का स्वार्थ की पूर्ति होती रहेगी। चुनाव भी जनमत से अधिक जुगाड़ का तंत्र न रह जाए, यह देश व जनहित में उचित होगा।

# सूचना आयोग से लेकर खाद्य आयोग तक में खाली हैं पद

■ सूर्य प्रकाश शुक्ला, लखनऊ

यूपी की कई महत्वपूर्ण संस्थाओं में पदाधिकारियों की कुर्सियां सालों से खाली हैं। संस्था चाहे लोकायुक्त संगठन हो या फिर खाद्य आयोग। अल्पसंख्यक आयोग हो या फिर मदरसा बोर्ड, हर जगह रिक्तियां हैं। राज्य सूचना आयोग में भी सूचना आयुक्त का एक पद रिक्त है। इस पद को भरने के लिए पिछले साल आवेदन भी लिए गए। लेकिन, बात इससे आगे नहीं बढ़ सकी। इन महत्वपूर्ण संस्थाओं में रिक्तता का मुद्दा बीते शीतकालीन सत्र के दौरान विधानसभा में भी उठा था, जिस पर जवाब देते हुए सरकार ने कहा था कि जल्द इन संस्थाओं के रिक्त पदों पर नियुक्तियां कर दी जाएंगी।

**नए साल में हो सकती है इन संस्थाओं में पदाधिकारियों की नियुक्ति**



### राज्य खाद्य आयोग

शुरुआत करते हैं गरीबों के राशन वितरण में भ्रष्टाचार पर अंकुश के लिए सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर गठित राज्य खाद्य आयोग की। यह आयोग पिछले दो सालों से खाली है। आयोग में न तो अध्यक्ष है और न ही कोई सदस्य। आयोग में अध्यक्ष और दो सदस्यों के पद तो वर्ष 2020 से रिक्त हैं। आयोग के आखिरी सदस्य का कार्यकाल भी 2022 के शुरुआती दिनों में पूरा हो गया था। बीच में एक बार आयोग के रिक्त पदों को भरने की कवायद शुरू हुई, लेकिन वह अंजाम तक नहीं पहुंच सकी।

### राज्य सूचना आयोग

उप्र सूचना आयोग में राज्य सूचना आयुक्त के रिक्त एक पद को भरने के लिए पिछले साल जुलाई में आवेदन मांगे गए थे। आवेदन नौ जुलाई से आठ अगस्त 2025 तक स्व प्रमाणित घोषणा पत्र के साथ संयुक्त निदेशक, प्रशासनिक सुधार विभाग में जमा करवाए गए। लेकिन, चार महीने बीतने के बाद भी प्रक्रिया आवेदन जमा करवाने के आगे नहीं बढ़ सकी। आयोग में आयुक्त का यह पद तत्कालीन सूचना आयुक्त गिरजेश चौधरी (सेवानिवृत्त पीसीएस) के आकस्मिक निधन से 22 मई 2025 को रिक्त हुआ था।

### यहां भी पदाधिकारी नहीं

सिर्फ यही नहीं उप्र अल्पसंख्यक आयोग में अध्यक्ष और सदस्यों के पद, उप्र मदरसा शिक्षा परिषद में अध्यक्ष और सदस्यों के पद, उर्दू अकादमी और फखरुद्दीन अली अहमद मेमोरियल समिति में भी पदाधिकारियों की सीटें सालों से रिक्त हैं। इसी तरह राज्य उपभोक्ता आयोग में जहां एक अध्यक्ष और एक सदस्य तैनात हैं। बाकी सदस्यों के पद रिक्त हैं। इसी तरह जिला उपभोक्ता आयोगों की बात करें, तो 56 जिलों में न तो अध्यक्ष है और न ही कोई सदस्य।

### लोकायुक्त संगठन

लोकायुक्त संगठन की बात करें, तो यहां लोकायुक्त पद पर जस्टिस संजय मिश्रा का आठ साल का कार्यकाल जनवरी 2024 को पूरा हो चुका है। इसी तरह उप लोकायुक्त के पद पर काम कर रहे शंभू सिंह यादव का कार्यकाल भी अगस्त 2024 को पूरा हो चुका है। लेकिन, कानून के चलते नए लोकायुक्त और उप लोकायुक्त की शपथ होने तक जस्टिस संजय मिश्रा और शंभू सिंह यादव अपने-अपने पदों पर कार्य करते रहेंगे। यानी, संगठन में लोकायुक्त और एक उप लोकायुक्त का पद लंबे अर्से से रिक्त है।

# नाना कनपुरिया भूपेंद्र बनकर साइबर ठगों के प्रति करेंगे जागरूक

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ : अपनी बातों में उलझाकर साइबर ठगों को ही ठगने वाले कानपुर के भूपेंद्र के किरदार को यूपी पुलिस साइबर जागरूकता के लिए अपनी लघु फिल्म में इस्तेमाल करेगी। बॉलिवुड अभिनेता नाना पाटेकर इस फिल्म में भूपेंद्र का किरदार निभाएंगे।



यह फिल्म हाल ही में कानपुर में सामने आई वास्तविक घटना पर आधारित है, जिसमें 'डिजिटल अरेस्ट' के नाम पर की जा रही साइबर ठगी की कोशिश को सूझबूझ से विफल कर दिया गया था। फिल्म में नाना पाटेकर की पत्नी का किरदार लीना शर्मा ने निभाया है। ठग साइबर इंस्पेक्टर का रोल किशोर सोनी और असली पुलिस इंस्पेक्टर का किरदार आदिल इंडानी ने निभाया है। फिल्म का निर्देशन 'ड्रीम गर्ल' फेम राज शांडिल्य ने किया है। इस फिल्म का निर्माण डीजीपी राजीव कृष्ण के निर्देश पर डिजिटल अरेस्ट या अन्य साइबर ठगी के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए किया गया है। फिल्म को उत्तर प्रदेश पुलिस के सभी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर प्रसारित किया गया है।

CCI NG 3.7 Product: NBTLucknowBS PubDate: 02-01-2026 Zone: Lucknow Edition: 1 Page: NBTLPG3 User: pratik.awasthi Time: 01-02-2026 00:39 Color:





आशियाना निवासी बुजुर्ग को मनी लॉन्ड्रिंग में शामिल होने की बात कह साइबर जालसाजों ने ₹90 लाख ट्रांसफर करवा लिए। -p5



हेमवती नंदन बहुगुणा फुटबॉल टूर्नामेंट में मिलनी फुटबॉल क्लब के खिलाफ लखनऊ फाल्कन ने धमाकेदार जीत दर्ज की। -p7

165 रहा लखनऊ का AQI गुरुवार को, जो मॉडरेट है।

1930 पर साइबर फ्रॉड से जुड़ी शिकायत दर्ज करवाई जा सकती है।



जश्न की राह में रोड़े

नए साल का पहला दिन ट्रैफिक के मिस मैनेजमेंट के नाम | शहर के कई इलाके चोक, गाड़ियों का क्लच दबाए-दबाए झुंझलाए लोग

# 'जाम' ~~HAPPY~~ NEW YEAR, जहां मुड़े... वहां रुके

■ टीम NBT, लखनऊ: नए साल का पहला दिन 'जाम' ट्रैफिक के मिस मैनेजमेंट के नाम रहा। टीम एनबीटी ने शहर में जाम की स्थिति को अलग-अलग स्थानों से देखा। हालात ऐसे रहे कि शहर के प्रमुख इलाके मानो थम से गए। सड़कों पर गाड़ियों की रफ्तार नहीं, सिर्फ लंबी-लंबी कतारें दिखीं। अधिकतर चौराहे पर हालात एक जैसे थे। हॉर्न की आवाजें, फंसे हुए वाहन और परेशान लोग। आलम यह था कि गाड़ियों के क्लच दबाए-दबाए लोग थक गए। लोगों का कहना है कि इस अव्यवस्था के लिए पुलिस का कमजोर ट्रैफिक मैनेजमेंट जिम्मेदार है।



Sandeep Rastogi/Sunil Kumar Raidas

NBT ग्राउंड रिपोर्ट

8 रास्ते 8 रिपोर्टर




● सामान्य दिनों में
● एक जनवरी को

## हुसड़िया से सिकंदरबाग चौराहा

(4:45PM से 5:35PM)

● 15 मि. | ● 50 मि. | दूरी 8.2 KM

गोमतीनगर के हुसड़िया में शेज से ज्यादा जाम लगा था। जनेश्वर मिश्र आए लोगों ने ट्यूलिप चौराहे के आसपास ही गाड़ियां पार्क कर दीं। वहां से लोग पैदल ही पार्क की तरफ जा रहे थे, लेकिन पार्क की गई गाड़ियों के वजह से चौराहा बुरी तरह जाम हो गया था। यहां पर ये स्थिति देर शाम तक रही। स्थिति इस कदर भयावह था कि लोगों ने विपुल खंड की गलियों तक में गाड़ियां पार्क कर रखी थीं। इसी तरह CMS गोमतीनगर से आगे बढ़ते ही अंबेडकर चौराहे पर पुलिस ने बैरिकेडिंग कर ऑटो और ई-रिक्शों की आवाजाही पर बैन लगा रखा था। इस कारण चौराहा जाम था। यहां से आगे बढ़ने पर गांधी सेतु से 1090 की तरफ चार पहिया वाहनों को बैन कर रखा था। वाहनों को ताज होटल के रास्ते पर डायवर्ट किया गया था। यहां से समतामूलक पर कारों का जाम चार लेनों में था। समतामूलक चौराहे पर ट्रैफिक रोक-रोक कर चलाया जा रहा था। यहां से डीजीपी ऑफिस मोड़ तक आने में ज्यादा समय नहीं लगा, लेकिन चिड़ियाघर के पिछले गेट पर भीड़ होने के कारण गाड़ियां रुक-रुक कर चल रही थीं। पॉलिटेक्निक चौराहे पर चिड़ियाघर से वापस जा रहे लोगों की खासी भीड़ थी, जो ऑटो या बस का इंतजार कर रहे थे।

*प्रतीक अवस्थी*

## प्रेरणा स्थल से सिकंदरबाग चौराहा

1:45PM से 3:50PM

● 20-30 मि. | ● 120 मिनट | दूरी 18.5KM

प्रेरणा स्थल से 1:45 बजे पर हजरतगंज के लिए बाइक से निकले। नेहरू चौराहे के पास भीषण जाम था, हालात बेकाबू थे। करीब 15 मिनट बाद चौराहा पार कर पाए। 2 बजे पैला पुल से ग्रीन कॉरिडोर की ओर टर्न लिया। कॉरिडोर पर करीब 2KM चलने के बाद प्रेरणा स्थल और बसंतकुंज के भीतर प्रवेश करने वाली सड़क पर जाम था। कोई पुलिसकर्मी नहीं था। यहां से आगे बढ़ने में करीब 20 मिनट लग गए। आगे गुलालाघाट पर वाहनों की कतारें दिखीं। जाम कुड़ियाघाट तक था। 15 मिनट बाद कुड़ियाघाट पहुंचे। यहां से पक्का पुल की ओर बढ़ने पर भी जाम था। करीब पौने तीन बजे टीले वाली मस्जिद के पास पहुंचे। यहां से फिर गाड़ियों की कतारें शुरू हो गईं। बुद्धा पार्क, डालीगंज पुल, शहीद स्मारक, स्वास्थ्य भवन चौराहा, परिवर्तन चौक तक पहुंचने में करीब एक घंटा लग गया। इसके बाद 15 मिनट सिकंदर बाग तक पहुंचने में लग गया।

*आयुष तिवारी*

## पक्का पुल से परिवर्तन चौक

दोपहर 2:15 PM से 4:30 PM

● 15 मि. | ● 100 मिनट | दूरी 4.5 KM

दोपहर 2:15 बजे बाइक से निकले। पक्का पुल पर ट्रैफिक जाम था। चौक रोड से पक्का पुल के निकट तिराहे पर खड़े तीन पुलिस कर्मी वाहन चालकों को आगे बढ़ने का इशारा कर रहे थे, जाम के चलते लोग चाहकर भी अपने वाहन आगे नहीं बढ़ा पा रहे थे। फैजुल्लागंज, मड़ियांव और हुसैनाबाद से लोगों को हजरतगंज, अशोक मार्ग तक पहुंचने में अमूमन 15 मिनट का सफर तय करने में डेढ़ घंटे बीत गए। टीले वाली मस्जिद से बुद्धा पार्क, डालीगंज तिराहा, शहीद स्मारक पार्क रोड, परिवर्तन चौक तक सड़क पर ट्रैफिक जाम से देर शाम तक वाहन रेंगते नजर रहे। इसी बीच तिराहे और चौराहे पर मुस्तैद पुलिस कर्मी जाम को खुलवाने के लिए मशक्कत करते रहे। पूरा रास्ता तय करने में 1 घंटा 40 मिनट लगा।

*वीर सिंह*

## केजीएमयू से हजरतगंज

समय : 3:50 PM से 5:20 PM

● 15-20 मि. | ● 90 मिनट | दूरी 4.7 KM

डालीगंज में जाम की गंभीरता को देखते हुए प्रशासन की ओर से कट को पूरी तरह बंद कर दिया गया था। हजरतगंज की ओर से आने वाले वाहनों को मुड़ने के लिए कन्वेंशन सेंटर के पास तक जाना पड़ा। जहां पहले से ही भीषण जाम लगा हुआ था। जाम से बचने के लिए केजीएमयू से मेडिकल मंडी होते हुए बलरामपुर अस्पताल से सिविल कोर्ट से होते हुए भातखंडे विश्वविद्यालय और वहां से परिवर्तन चौक की तरफ मुड़े तो वहां भी जाम मिला। परिवर्तन चौक से कैसरबाग तक जाम की स्थिति बनी हुई थी। वहां से बालमेई पूड़ी वाली गली होते हुए अशोक मार्ग पर पहुंचे। इसके बाद श्रीराम टावर के पास भी जाम की स्थिति बनी हुई थी। यह सफर तय करने में 1 घंटा 30 मिनट लगा।

*अनंत शुक्ला*

## हैदरगंज तिराहे से श्रीराम टॉवर

2:04 PM से 3:01 PM

● 23 मिनट | ● 59 मिनट | दूरी 8 KM

दोपहर 2:04 बजे बाजारखाला होते हुए हैदरगंज तिराहे से सौ कदम पहले पहुंचे। वहां जाम लगा हुआ था। वहां से तिराहे तक पहुंचने में 11 मिनट लगे, जबकि यह सफर महज एक मिनट में पूरा होता है। हालांकि, वहां से महाराणा प्रताप चौराहा, हुसैनगंज पहुंचने में सिर्फ आठ मिनट लगे। पर वहां से बर्लिंग्टन चौराहे तक चार और दो पहिया वाहन रेंगते हुए आगे बढ़ रहे थे। बर्लिंग्टन चौराहा क्रॉस करने में 13 मिनट बीत गए। बापू भवन चौराहे पर पुलिस ट्रैफिक रोक रोककर चला रही थी। यहां करीब सात मिनट तक ठहरना पड़ा। ट्रैफिक इतना था कि तीन बार ग्रीन सिग्नल खुला, तब चौराहा पार कर सके। कई लोग दो पहिया वाहन के रॉन्ग साइड से आने लगे। बीजेपी मुख्यालय से हजरतगंज चौराहा तक पहुंचने में लगभग साढ़े चार मिनट लग गए। श्रीराम टॉवर के पास पहुंचा तो, फिर जाम मिला। श्रीराम टॉवर के पास बैरिकेडिंग होने से मीराबाई वीवीआईपी गेस्ट हाउस तक गाड़ियां रुक-रुककर चल रही थीं। डेस्टिनेशन तक पहुंचने में करीब 59 मिनट लगे।

*सैयद अब्बास रिजवी*

## कालिदास मार्ग से हजरतगंज

3:30 PM से 4:00 PM

● 5 मिनट | ● 25 मिनट | दूरी 3 KM

पुलिस ने गुरुवार को सिविल हॉस्पिटल के पास बैरिकेडिंग लगाकर जू जाने वाले वाहनों को रोक दिया था। पार्क रोड पर खड़ी बेतरतीब गाड़ियों की वजह से रास्ता और संकरा हो गया था, जिसकी वजह से पांच कालिदास मार्ग चौराहे से लेकर हजरतगंज चौराहे तक वाहनों की कतार लग गई थी। इसके चलते वाहन बहुत धीरे चल रहे थे। दोपहर करीब साढ़े तीन बजे लगे जाम को खुलवाने में पुलिस के पसीने छूट गए। इस दौरान पांच कालिदास मार्ग से सिविल हॉस्पिटल और राजभवन चौराहा तक पहुंचने में जहां महज एक मिनट लगता था उसे पार करने में करीब 25 मिनट लगे। वहीं मंदिर में दर्शन के लिए आने वाले श्रद्धालुओं की भारी भीड़ की वजह से हनुमान सेतु से सटे बंधा रोड पर भी वाहन रेंगते रहे। निर्माणाधीन सड़क की वजह से वाहनों की लंबी कतार लग गई, जिसका असर सिकंदराबाद से आने वाले ट्रैफिक पर पड़ा। ट्रैफिक के दबाव से दोपहर बाद निशातगंज गोमती पुल पर भी जाम की समस्या बनी रही। हजरतगंज में श्रीराम टावर के आस-पास भी वाहन रेंगते रहे।

*मो.इश्तियाक राजा*

## टूड़ियागंज से हनुमंत धाम तिराहा

समय : 1:00 PM से 2:30 PM

● 20 मिनट | ● 90 मिनट | दूरी 6 KM

दोपहर 1 बजे टूड़ियागंज तिराहे से चौक और एरा की ओर जाने वाले दोनों ओवरब्रिज पर वाहनों की लंबी कतारें लगी रहीं। चरक चौराहे से केजीएमयू और चौक चौराहा, कोनेश्वर चौराहा तक वाहनों की लंबी कतारें लगी रहीं। 2:30 बजे टीले वाली मस्जिद से डालीगंज चौराहे तक सैकड़ों वाहनों की कतारें लगी रहीं। यहां **ट्रैफिक जाम में एंबुलेंस** यूपी 32 एफ 6121 और यूपी 32 एलएन 0466 फंसी हुई थीं। टीले वाली मस्जिद से डालीगंज चौराहा पहुंचने में करीब एक घंटा लग गया।



निर्माणाधीन डालीगंज चौराहे पर वाहन रेंगकर निकल रहे थे। इधर शहीद स्मारक से हनुमंत धाम तिराहे तक पहुंचने में वाहन चालकों को करीब 45 मिनट लगे।

*अनुराग श्रीवास्तव*

## पत्रकारपुरम से KGMU 12:00 PM से 1:30 PM

● 30 मिनट | ● 90 मिनट | दूरी 12 KM

पत्रकारपुरम से केजीएमयू के बीच की दूरी अधिकतम 12-13 KM ही होगी। एक मरीज को अपनी कार से वहां तक ले जाने में करीब सवा घंटा लग गया। अंग्रेजी के नए साल पर मंदिरों में मेला लगाने की आस्था की वजह से पुलिस ने शनिदेव मंदिर और हनुमंत धाम के पास का आधा रास्ता श्रद्धालुओं के लिए रिजर्व कर दिया। बाकी गाड़ियां आधे रास्ते से गुजर रही थीं, इसलिए वहां भयंकर जाम लगा। हजरतगंज से चौक तक की स्थिति ज्यादा विकराल थी। शनिदेव मंदिर के पास में काफी पुलिस व्यवस्था थी लेकिन ट्रैफिक मूवमेंट को बनाए रखने में बहुत मुश्किल आ रही थी। हनुमान सेतु से लेकर आईटी चौराहे तक तो ट्रैफिक इंच-इंच सरक रहा था। दोनों तरफ गाड़ियां, ऑटो और ई-रिक्शा एक दूसरे को रगड़ते हुए चल रहे थे। चिंता की बात यह थी कि ऐंबुलेंस जैसी इमरजेंसी वाहनों के निकलने का भी रास्ता नहीं मिल पा रहा था। KGMU के सामने से गुजरने वाली सड़क पर दोनों तरफ लोगों के मनमाने तरीके से गाड़ियां खड़ी कर देने से बार-बार जाम लग रहा था। मेडिकल चौराहे पर बाकी कसर ऑटो और ई-रिक्शा वालों का ढीठ रवैया पूरा कर दे रहा था।

*सुशील कुमार*



परिवर्तन चौक



डालीगंज रेलवे ब्रिज



हनुमान सेतु मंदिर कट

## नदवा मोड़ पर बनाया चौराहा, फंसे वाहन

हनुमान सेतु के सामने नदवा मोड़ पर चौराहा बनाया गया है। इस चौराहे से परिवर्तन चौक की ओर से आने वाला मार्ग सकरा हो गया। वाहन चालकों को चौराहा से घूमकर निकलना पड़ रहा है। जिसकी वजह से इस मार्ग के ट्रैफिक की रफ्तार थम गई। इस मार्ग पर वाहन रेंगते रहे। जिसके बाद विधि गेट नंबर 4 से आईटी चौराहे तक मार्ग के दोनों ओर सैकड़ों वाहन ट्रैफिक जाम में फंसे रहे जबकि इस मार्ग के दो कटों को बंद कर दिया गया था। ट्रैफिक के दबाव की वजह से आईटी चौराहे पर किया गया नया प्रयोग फेल हो गया। चौराहे पर फंसे वाहनों का असर बादशाह, निशातगंज और विवेकानंद हॉस्पिटल की ओर जाने वाले मार्ग पर देखने को मिला। ट्रैफिक कर्मियों ने यातायात को चौराहे से मैनुअल निकाला, जिसके बाद आईटी के सामने बने यूटर्न पर वाहन फंस गए।

### शहर में आज

● डॉ. राम मनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान में नई कैथ लैब का उद्घाटन, कैथ लैब, द्वितीय तल, कार्डियोलॉजी विभाग, RMLIMS, सुबह 9:30 बजे।

● इंडियन रेडक्रॉस सोसायटी की ओर से स्वास्थ्य उपकरण का वितरण, श्यामा प्रसाद मुखर्जी हॉस्पिटल, सुबह 10:30 बजे।

● राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय की ओर से वार्षिक सर्वेक्षण के तहत प्रशिक्षण शिविर, आंचलिक कार्यालय, एनएसएसओ भवन, विकास नगर, सुबह 10 बजे।

## नगर निगम में संपूर्ण समाधान दिवस आज

■ NBT न्यूज, लखनऊ : शहरवासियों की वॉटर टैक्स, हाउस टैक्स, सीवर लाइन, सड़क, कूड़ा और स्ट्रीट लाइट की समस्याओं के तुरंत निस्तारण के लिए शुक्रवार को संपूर्ण समाधान का आयोजन होगा। नगर निगम के त्रिलोकी हाल में मेयर सुषमा खर्कवाल की अध्यक्षता में सुबह 10 बजे से दोपहर एक तक समाधान दिवस का आयोजन होगा। नगर आयुक्त गौरव की ओर से अपील की गई है कि समाधान दिन में आने वाले नागरिक अपनी संबंधित समस्याओं से जुड़े कागजात जरूर साथ लेकर पहुंचें। इस दौरान GIS सर्वेक्षण के उपजी हाउस टैक्स से संबंधित आपत्तियों का निस्तारण भी मौके पर किया जाएगा।

राष्ट्र प्रेरणा स्थल पर बिगड़े हालात, धक्का-मुक्की में लोग चोटिल

# हजारों की भीड़, टिकट काउंटर सिर्फ एक, अफरातफरी के कारण बंद किए गए गेट



■ NBT न्यूज, लखनऊ : नए के पहले दिन आम जनता के लिए खुले राष्ट्र प्रेरणा स्थल के द्वार कुछ ही देर में बंद करने पड़ गए। यहां बड़ी संख्या में पहुंची भीड़ की वजह से हालात बेकाबू हो गए। टिकट काउंटर पर भीड़ के कारण धक्का-मुक्की के बाद हुई अफरा-तफरी में कई लोग चोटिल हो गए। ऐसे में कुछ ही देर में प्रेरणा स्थल के सभी गेट बंद कर दिए गए। प्रेरणा स्थल पर टिकट के लिए महज एक काउंटर होने की वजह से ऐसे हालात बन गए, जिन्हें संभालना चुनौती बन गया। पार्क में एंट्री न मिलने पर लोग बाहर रखे आर्मी टैंक पर खड़े होकर हुड़दंग करने लगे। कई लोग तो बाउंड्री फांदने का प्रयास करते भी नजर आए।

पुलिस के पहुंचने पर हालात कुछ काबू हुए। लोगों का कहना था जब एलडीए को पता था कि बड़ी संख्या में भीड़ आएगी तो टिकट काउंटरों की संख्या भी बढ़ाई जानी चाहिए थी। प्रेरणा स्थल पर पहुंची हजारों की भीड़ के कारण आईआईएम रोड और ग्रीन कॉरिडोर पूरी तरह चोक हो गया।



जनेश्वर मिश्र पार्क

## जू में 24 हजार से ज्यादा दर्शक आए



NBT रिपोर्ट, लखनऊ : नए साल पर शहरवासियों के बीच जू घूमने का क्रेज बढ़ा है। बीते दो साल बाद जू में दर्शकों का हुजूम उमड़ आया। जू प्रशासन के आंकड़ों के मुताबिक इस साल नए साल के पहले दिन जू में 24 हजार 592 दर्शक चिड़ियाघर घूमने पहुंचे। 2024 में यह संख्या 17,507 और साल 2025 के पहले दिन संख्या 17,630 दर्ज की गई थी। इससे पहले 2022 में 26 हजार के करीब दर्शक पहुंचे थे। सुबह से ही दर्शकों की भीड़ परिसर में पहुंचने लगी, जो शाम तक जारी रही। जू में कुल 6,692 बच्चों ने भ्रमण किया और इन बच्चों ने चिल्ड्रेन पार्क में लगे नए झूलों का मजा लिया। भीड़ को देखते हुए जू प्रशासन ने पहले से ही जू में विशेष व्यवस्था की थी।

1,316 दर्शकों ने लिया बाल रेल का आनंद







CCI NG 3.7 Product: NBTLucknowBS PubDate: 02-01-2026 Zone: Lucknow Edition: 1 Page: NBTLPG4 User: cci Time: 01-02-2026 00:14 Color:



# हे प्रभु! यह वर्ष मंगलमय हो



## साल के पहले दिन मंदिरों में उमड़ी लाखों की भीड़, अपने ईष्ट के दर्शन कर मांगा खुशहाल जीवन का आशीर्वाद

■ NBT न्यूज, लखनऊ

नव वर्ष के पहले दिन गुरुवार को लाखों भक्तों ने मंदिरों में अपने ईष्ट के दर्शन कर खुशहाल जीवन का आशीर्वाद मांगा। इस अवसर पर मंदिरों में विशेष शृंगार, पूजन और भजन का आयोजन किया गया।

**हनुमान सेतु मंदिर :** सुबह 6 बजे पट खोले जाने के बाद दर्शन का क्रम जो शुरू हुआ, वह रात 10 बजे तक चला। मुख्य पुजारी भगवान सिंह बिष्ट के अनुसार गुरुवार को 1.50 लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने दर्शन किए। आचार्य चंद्रकांत द्विवेदी ने बताया कि पचास हजार लड्डू प्रसाद में बंट गए। शाम को सुंदरकांड का पाठ हुआ।

**इस्कॉन मंदिर :** भगवान का विशेष शृंगार हुआ। मंदिर के मीडिया प्रभारी रसि वल्लभदास ने बताया कि शाम 6 बजे तक एक लाख भक्तों ने दर्शन कर लिए थे।

**नया हनुमान मंदिर, अलीगंज :** यहां सुबह से रात तक दर्शन करने वालों की भीड़ रही। मुख्य पुजारी जगदंबा प्रसाद ने बताया कि मंदिर को 501 किलो फूलों से सजाया गया और पूरे दिन भंडारा चलता रहा। सुबह से रात तक करीब 2.50 लाख श्रद्धालुओं ने दर्शन किए।

**लेटे हुए हनुमान जी :** काफी संख्या में भक्त दर्शन के लिए आए। यहां सुबह बजरंगबली का फूलों से शृंगार हुआ। इसके बाद प्रसाद वितरण किया गया। प्रमुख सेवादार डॉ. विवेक तांगड़ी ने आरती की।

**यहां भी खूब उमड़े श्रद्धालु :** चौक स्थित श्रीकोनेश्वर महादेव मंदिर में बाबा का भव्य शृंगार किया गया। बीरबल साहनी मार्ग स्थित श्रीखाटू श्याम मंदिर में हजारों की संख्या में भक्त दर्शन के लिए पहुंचे। महामंत्री रुपेश अग्रवाल ने बताया कि शाम को भजन गायक रवि बेनीवाल ने अपने भजनों से श्रोताओं का मंत्रमुग्ध कर दिया। चंद्रिका देवी मंदिर, हनुमंत धाम, आलमबाग हनुमान मंदिर समेत शहर के सभी प्रमुख मंदिरों में सुबह से देर रात तक श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा।

**मठ श्री बड़ी कालीजी :** मठ श्री बड़ी काली जी मंदिर में गुरुवार को माता की चौकी और भजन संध्या का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में भजन गायक राम प्रताप लक्खा, चंदन अवस्थी और साक्षी कंधारी ने भजन सुनाए। कार्यक्रम के अंत में भंडारे का आयोजन किया गया। इस दौरान प्रबंधक देवान सिंह, आचार्य आदर्श मिश्रा, विनय गुप्ता, राहुल सारस्वत, तुषार, विकास तिवारी, सेवादार अभय उपाध्याय आदि मौजूद रहे।

**श्रीमनकामेश्वर मंदिर :** नादान महल रोड स्थित श्रीसिद्धनाथ मंदिर से डालीगंज स्थित श्रीमनकामेश्वर मंदिर तक सनातन हिंदू पदयात्रा निकाली गई। यात्रा में श्रीमनकामेश्वर मंदिर की महंत देव्या गिरि के अलावा काफी संख्या में महिलाएं और पुरुष पीले रंग के परिधान पहनकर शामिल हुए।

**गुरुद्वारों में सजे विशेष दीवान :** जैन मंदिरों में शांति धारा और अभिषेक हुआ, जबकि यहियागंज, आलमबाग, इंदिरानगर और चौक स्थित गुरुद्वारों में विशेष दीवान सजे। यहियागंज स्थित गुरुद्वारा श्री गुरु तेग बहादुर साहिब में दिल्ली बंगला साहब से आए भाई अमनदीप सिंह ने शब्द कीर्तन से संगत को निहाल किया। इस अवसर पर अध्यक्ष डॉ. गुरमीत सिंह और सचिव मनमोहन सिंह हैपी मौजूद रहे।

हनुमान सेतु मंदिर



हनुमान सेतु मंदिर के कपाट सुबह छह बजे खुले और रात 10 बजे तक 1.50 लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने दर्शन किए।

## भंडारे में बंटी पूड़ी-सब्जी, हलवा

■ NBT न्यूज, लखनऊ: नए साल के पहले दिन गुरुवार को डॉ. बीएन वर्मा रोड स्थित परमानंद गुरुद्वारे में छाबलानी परिवार द्वारा माता रानी की प्रतिमा पर हवन व आरती का आयोजन किया गया। सुबह 11 बजे भोग अर्पित करने के बाद भंडारे की शुरुआत हुई। भंडारे में सैकड़ों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया, जिसमें पूड़ी, सब्जी, हलवा, छोले, फल एवं मिठाई शामिल रही। इस अवसर पर सिंधी समाज के सुरेश छाबलानी, दिलीप छाबलानी, आशा, मंजू, जेपी नागपाल, अमरनाथ चौधरी, रमेश बालानी, अनुज गौतम, रमेश सिंह, मुकेश कुमार नाग, संजय शुक्ला सहित अनेक लोगों ने सहयोग दिया।




इस्कॉन मंदिर में भगवान का विशेष शृंगार किया गया।

## चर्च में बुजुर्गों का किया गया सम्मान




■ NBT न्यूज, लखनऊ: नए साल पर चर्च में प्रभु यीशु की प्रार्थना की गई और गीत गाए गए। इसके अलावा बुजुर्गों का सम्मान किया गया। अलीगंज स्थित असेंबली ऑफ बिलीवर्स चर्च में नव वर्ष की आराधना की गई। सभा की शुरुआत सिस्टर वंदिका ने प्रार्थना से की। उसके बाद प्रभु को याद करते हुए गीत गाए। रेव. मॉरिस ने राष्ट्र की शांति और समृद्धि के लिए विशेष प्रार्थना की। हजरतगंज स्थित सेंट जोसेफ कैथेड्रल में प्रार्थना हुई। चारबाग स्थित सेंट पीटर्स चर्च में बुजुर्गों का सम्मान किया गया।

## सत्य मंदिर में हुआ महायज्ञ



इंदिरा नगर स्थित सिद्ध शक्तिपीठ सत्य मंदिर में महायज्ञ और प्रवचन हुआ। आध्यात्मिक गुरु पूनम एवं योगीराज अभिनव ने वैदिक विधि-विधान से महायज्ञ कराया। प्रवचन में बताया कि अगर आने वाले वर्ष में आप ईश्वर की कृपा और संरक्षण चाहते हैं, तो पहले संरक्षण देना सीखें।

## सरोजनीनगर में सुंदरकांड पाठ के साथ हुआ भंडारा



■ NBT न्यूज, सरोजनीनगर: नववर्ष के अवसर पर गुरुवार को सरोजनीनगर के गौरी-बिजनौर रोड स्थित श्री श्री राधा कृष्ण मंदिर में मंदिर के मुख्य ट्रस्टी पूर्व विधायक सरोजनीनगर श्याम किशोर यादव, ट्रस्टी एडवोकेट राम सिंह यादव एवं दुर्गेश सिंह यादव 'सोनू भैया' की ओर से भंडारे का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत सुबह 9 बजे मंदिर प्रांगण में सुंदरकांड पाठ से हुई। इस अवसर पर स्काई पब्लिक स्कूल के प्रबंधक आदित्य सिंह यादव, सपा विधानसभा अध्यक्ष चंद्रशेखर यादव, पार्षद प्रतिनिधि प्रमोद यादव, पूर्व प्रधान राजेंद्र यादव आदि मौजूद रहे।



बीरबल साहनी मार्ग स्थित श्रीखाटू श्याम मंदिर में हजारों की संख्या में भक्त दर्शन के लिए पहुंचे।

## भलाई को समर्पित किया पहला दिन

### युवा मंडल चौक ने बांटे 1600 कंबल और टोपियां

■ NBT न्यूज, चौक: कड़ाके की ठंड के बीच युवा मंडल चौक ने लगातार 11वें वर्ष 'नर सेवा नारायण सेवा' के तहत 1600 कंबल और गर्म टोपियों का वितरण किया। कार्यक्रम में अलाव, गर्म चाय और बिस्किट की भी व्यवस्था रही। मुख्य अतिथि विधायक डॉ. नीरज बोरा, पार्षद अनुराग मिश्रा, मनोज अग्रवाल, अतुल गुप्ता, संजीव, राजेश भरत, दीपक, फहान, संरक्षक राधे मोहन, गिरिराज किशोर महिला मंडल से रितु, लता, मोनिका उप्पल सहित अन्य मौजूद रहे।

### दक्षिणमुखी बालाजी ट्रस्ट ने करवाया भंडारा

■ NBT न्यूज, आलमबाग: आशियाना इलाके के शारदा नगर योजना रुचिखंड प्रथम में स्थित दक्षिणमुखी बालाजी मंदिर में दक्षिणमुखी बालाजी ट्रस्ट ने नव-वर्ष के शुभारंभ पर गुरुवार को सुंदरकांड और भंडारे का आयोजन किया। इस अवसर पर आयोजक पंडित रमेश मिश्रा, उपाध्यक्ष संजय तिवारी, नितिन सिंह, संजीव मिश्रा व अनुज शुक्ला समेत उनके सहयोगी और सदस्य उपस्थित रहे।

### 51 कन्याओं को भोजन खिला कर दी दक्षिणा



■ NBT न्यूज, नागराम: नव वर्ष के अवसर पर गुरुवार को नागराम के समेसी स्थित प्राचीन श्री राकश वीर बाबा मंदिर स्थल पर तहरी भोज व कन्या भोज का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि नगराम थानाध्यक्ष विवेक कुमार चौधरी ने 51 कन्याओं को तहरी भोज खिलाकर भंडारे का शुभारम्भ किया। इसके बाद नकद दक्षिणा भेंट कर नव वर्ष की बधाई दी। तहरी भोज में समाज सेवी समेसी निवासी राम सरन यादव उर्फ टुन्नू, डॉक्टर रमेश, पूर्व प्रधान प्रतिनिधि अतुल यादव, अशोक रावत प्रधान समेसी, अरविन्द साहू, सतगुरु रावत, संजय कुमार चौधरी, राम शंकर, सरवन रावत, अमित यादव, सुमित कुमार आदि मौजूद रहे।

### माल में गरीबों को बांटे कंबल, किया भंडारा



■ NBT न्यूज, माल: नए साल के पहले दिन माल विकास की ग्राम पंचायत स्थित दुर्गा मंदिर पर भंडारे का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्रसाद वितरण के साथ गरीबों, बेसहारा लोगों को कंबल बांटे गए। इसके बाद भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें श्रद्धालुओं ने खीर, बूंदी प्रसाद के रूप में ग्रहण किया।

### 100 जरूरतमंद बच्चों को स्वेटर दिए



■ NBT न्यूज, चौक: नव वर्ष के अवसर पर श्री कनक बिहारी सेवा ट्रस्ट द्वारा गुरुवार को कठौली गांव में स्वेटर वितरण कार्यक्रम हुआ। कार्यक्रम का उद्देश्य शीतलहर से बचाव के लिए बच्चों की सहायता करना था। लगभग 100 जरूरतमंद बच्चों को स्वेटर वितरित किए गए। इस अवसर पर ट्रस्ट की मंत्री कंचन अग्रवाल, सदस्या पूनम अग्रवाल, लीना अग्रवाल सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## सुंदरकांड पाठ के बाद समाजसेवियों का हुआ सम्मान

■ NBT न्यूज, चौक: श्री बालाजी हनुमान मंदिर (श्री चंपू जी महाराज), शेखरी टोला, बान वाली गली, चौक में 'एक शाम हनुमान जी के नाम' विशेष धार्मिक आयोजन हुआ। कार्यक्रम में शाम 5 बजे से रात तक सुंदरकांड पाठ, कीर्तन-भजन, महाआरती, प्रसाद वितरण एवं समाजसेवियों का सम्मान हुआ। कार्यक्रम का आयोजन श्री बालाजी हनुमान चंपू जी सेवा समिति द्वारा किया गया। मुख्य अतिथि एवं मुख्य संरक्षक श्री बालाजी हनुमान चंपू जी महाराज रहे। विशिष्ट अतिथियों में सेंट्रल बार एसोसिएशन के अध्यक्ष अखिलेश जायसवाल, उपाध्यक्ष सुभाष बाजपेयी, सहायक क्रिमिनल डीजीसी केके साहू तथा क्षेत्रीय पार्षद अनुराग मिश्रा 'अन्नू' मौजूद रहे।



## अखंड पाठ और भंडारा



■ NBT न्यूज, माल: ब्रह्मदेव के स्थान पर अखंड पाठ और भंडारे का आयोजन किया। कार्यक्रम के संयोजक डॉ. विनय कुमार रावत ने बताया कि भंडारे में कृष्ण पाल मौर्य, धर्मेंद्र मौर्य, आकाश प्रताप कुशवाहा, अम्मन आदि का सहयोग रहा।

# NBT FUN फैक्ट्री

## बताएं, क्या है फनी रिजॉल्यूशन?

नया साल आ चुका है... हर साल हम सभी कोई न कोई रिजॉल्यूशन लेते हैं। वह रिजॉल्यूशन भले सालभर टिक न पाए लेकिन शुरुआती दिन पूरी शिद्दत नजर आती है। इस बार NBT FUN फैक्ट्री में हम बात करेंगे बच्चों के फनी रिजॉल्यूशन की। अगर आपने भी कोई मजेदार रिजॉल्यूशन लिया है तो हमें बताएं। हम आपका रिजॉल्यूशन आपकी तस्वीर के साथ प्रकाशित करेंगे। बस शर्त यह है कि रिजॉल्यूशन लीक से हटकर मजेदार और कुछ खास होना चाहिए। ... तो देर किस बात की है, हमें वॉट्सऐप कीजिए।

### अपने जवाब में जरूर बताएं

- क्या है फनी रिजॉल्यूशन?
- कैसे करेंगे पूरा?
- पिछले साल क्या रिजॉल्यूशन था?
- क्या पिछली रिजॉल्यूशन पूरा हुआ?

80050 00349

नोट: रिजॉल्यूशन के साथ अपना नाम, पता, स्कूल, क्लास और अपनी लेटेस्ट फोटो शुक्रवार शाम 6 बजे तक भेज दें।



## फटाफट खबरें

### मेयर ने सीएम से मिलकर दीं शुभकामनाएं



■ NBT न्यूज, लखनऊ : मेयर सुषमा खर्कवाल ने गुरुवार को सीएम योगी से शिष्टाचार भेंट की और उन्हें नव वर्ष की शुभकामनाएं दीं। मुलाकात के दौरान मेयर ने सीएम योगी से लखनऊ के विकास, नगर निकायों की भूमिका, स्वच्छता, आधारभूत ढांचा विकास एवं जनकल्याण से जुड़े विषयों पर चर्चा की।

### गुलिस्ताने अबू तालिब में 'यौमे अली' कल

■ NBT न्यूज, चौक : इदार-ए-वारिसे काबा की ओर से शनिवार 3 जनवरी को 'यौमे अली' शीर्षक से कुल हिन्द महफिले मकासिदा का आयोजन किया जाएगा। शिया यतीमखाना गुलिस्ताने अबू तालिब काजमैन रोड में रात 9:30 बजे तिलावते कलामे पाक से महफिल का आगाज होगा। महफिल का उद्घाटन मौलाना हमीदुल हसन करेंगे।

### नगर निगम में संपूर्ण समाधान दिवस आज

■ NBT न्यूज, लखनऊ : शहरवासियों की वॉटर टैक्स, हाउस टैक्स, सीवर लाइन, सड़क, कूड़ा और स्ट्रीट लाइट की समस्याओं के त्वरित निस्तारण के लिए शुक्रवार को संपूर्ण समाधान का आयोजन होगा। नगर निगम के त्रिलोकी हाल में मेयर सुषमा खर्कवाल की अध्यक्षता में सुबह 10 बजे से दोपहर एक बजे तक समाधान दिवस का आयोजन होगा। नगर आयुक्त गौरव कुमार के मुताबिक GIS सर्वेक्षण के उपजी हाउस टैक्स से संबंधित आपत्तियों का निस्तारण भी मौके पर किया जाएगा।

### बैक्टीरियल जांच की रिपोर्ट नेगेटिव

■ NBT न्यूज, लखनऊ : इंदिरा नगर के बी-ब्लॉक में डायरिया फैलने के बाद करवाई गई बैक्टीरियल जांच की रिपोर्ट नेगेटिव आई है। दिसंबर के पहले सप्ताह में इलाके में दूषित पानी की आपूर्ति होने से कई लोग डायरिया सहित अन्य संक्रामक रोगों की गिरफ्त में आकर बीमार पड़ गए थे। जलकल विभाग ने 8 दिसंबर को पानी के नमूने बैक्टीरियल जांच के लिए लैब भेजे थे। बी ब्लॉक रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन के उपाध्यक्ष डॉ. बीके अवस्थी ने बताया कि स्टेट लैब से आई रिपोर्ट में संक्रामक रोगों के लिए जिम्मेदार कारणों की पुष्टि नहीं हुई है।

### भाषा विवि के वीसी ने वित्तमंत्री से की भेंट



■ NBT न्यूज, लखनऊ : ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विवि के कुलपति प्रो. अजय तनेजा ने गुरुवार को नववर्ष के अवसर पर वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश खन्ना से शिष्टाचार भेंट की। उन्होंने विश्वविद्यालय की शैक्षिक गतिविधियों और शोध उपलब्धियों के बारे में मंत्री को जानकारी दी।

### अवध चौराहे पर अंडरपास निर्माण तेज

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ : कानपुर रोड से गुजरने वालों को जाम से निजात दिलाने के लिए बनाए जा रहे अंडरपास के दूसरे चरण का काम तेज कर दिया गया है। पहले चरण में कंस्ट्रक्शन का काम पूरा होने के बाद अब पकरी पुल की ओर खोदाई शुरू करवा दी गई है। सेतु निगम के एक अभियंता ने बताया कि छह माह में काम पूरा कर लिया जाएगा।

### असिस्टेंट प्रफेसर भर्ती की परीक्षा टली

■ NBT न्यूज, लखनऊ : डॉ. शकुंतला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय के अंग्रेजी एवं विदेशी भाषा विभाग में असिस्टेंट प्रफेसर पद के लिए 4 जनवरी को होने वाली लिखित परीक्षा प्रशासनिक कार्यों के चलते टाल दी गई। इस संबंध में कुलसचिव ने पत्र जारी कर सूचना दी है। परीक्षा की अगली तिथि के संबंध में विश्वविद्यालय जल्द ही वेबसाइट पर अधिसूचना जारी करेगा।

ऐलान | उत्तर प्रदेश आदर्श व्यापार मंडल ने किया कार्यक्रम का आयोजन

# जाति-धर्म से ऊपर उठकर मतदान का संकल्प

■ NBT न्यूज, लखनऊ : नए साल के पहले दिन उत्तर प्रदेश आदर्श व्यापार मंडल के अयोध्या रोड स्थित प्रदेश कार्यालय में संकल्प कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में हिंदू, मुस्लिम, सिख, जैन सहित सभी धर्मों तथा ब्राह्मण, बनिया, ठाकुर, कायस्थ, विश्वकर्मा, भूमिहार, यादव, कुशवाहा, दलित, कुम्हार समेत अनेक जातियों के व्यापारियों ने भाग लिया।




प्रदेश कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में काफी संख्या में व्यापारी मौजूद रहे।

व्यापार मंडल के प्रदेश अध्यक्ष संजय गुप्ता ने व्यापारियों को चुनावों में जाति और धर्म से ऊपर उठकर मतदान करने का संकल्प दिलाया। उन्होंने कहा कि व्यापारी वर्ग से बड़ा कोई वोट बैंक नहीं है और जिस दिन व्यापारी एकजुट होकर वोट करेगा, उस दिन से कोई भी राजनीतिक दल व्यापारियों की उपेक्षा नहीं कर सकेगा। उन्होंने यह भी कहा कि राजनीतिक दल केवल वोटों की भाषा समझते हैं, इसलिए व्यापारियों को संगठित होकर अपनी ताकत दिखानी होगी। संजय गुप्ता ने बताया कि वर्ष 2026 में उत्तर प्रदेश आदर्श व्यापार मंडल पूरे प्रदेश के सभी जिलों में अभियान चलाकर व्यापारियों को जाति-धर्म से ऊपर उठकर मतदान करने के लिए जागरूक करेगा और मजबूत व्यापारी वोट बैंक के रूप में स्थापित करेगा। संकल्प कार्यक्रम में प्रदेश कोषाध्यक्ष मो. अफजल, प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष अविनाश त्रिपाठी, शेखर कुमार श्रीवास्तव, इकबाल हसन, प्रदेश महामंत्री कांत शर्मा, नगर अध्यक्ष हरविंदर सिंह, ट्रांस गोमती अध्यक्ष अनिरुद्ध निगम सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी व व्यापारी मौजूद रहे।

**सत्येंद्र यादव बने अध्यक्ष :** संयुक्त उद्योग व्यापार मंडल, लखनऊ की मोहान रोड का शपथ ग्रहण समारोह गुरुवार को हुआ। सत्येंद्र यादव को अध्यक्ष, जगत नारायण सिंह को प्रभारी, सत्य यादव को वरिष्ठ उपाध्यक्ष, हर्षित तिवारी को महासचिव, कमलेश को कोषाध्यक्ष, मोहम्मद रफीक को उपाध्यक्ष, राकेश श्रीवास्तव को संगठन मंत्री बनाया गया। संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष अंजनी कुमार पांडे, लखनऊ जिला प्रभारी प्रवीण मणि त्रिपाठी, जिला उपाध्यक्ष विष्णु शंकर मौजूद रहे।

### योग और संस्कार का महत्व बताया

■ NBT न्यूज, लखनऊ: नए साल पर योगकुलम संस्था की ओर से विकास नगर, सेक्टर-5 स्थित पार्क में राष्ट्र वंदना एवं स्व-जागरण को लेकर वंदे भारतम् कार्यक्रम हुआ। इस अवसर पर योग और संस्कार की महत्ता को बताया गया। साथ ही योग को बढ़ावा देने के लिए लोगों को सम्मानित भी किया गया। योग यूनिवर्सिटी ऑफ अमेरिका के वाइस प्रेसिडेंट डॉ. योगी देवराज ने योगदान के योगकुलम के संस्थापक मनीष प्रताप सिंह को मानद डॉक्टरेट उपाधि दी। संस्था के अध्यक्ष मनीष प्रताप सिंह ने बताया कि योगकुलम 13 वर्षों से राष्ट्रसेवा में समर्पित भाव से कार्य कर रहा है। कार्यक्रम की अध्यक्षता पद्मश्री डॉ. विद्या विंदु सिंह ने की।

## गुनगुनी धूप ने किया 2026 का 'वॉर्म वेलकम'

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ : नए साल का आगाज सुहाने मौसम के साथ हुआ। बीते कई दिनों से पड़ रही ठिठुराती ठंड से गुरुवार को राहत मिली। सुबह शहर के कई इलाकों में हल्के से मध्यम कोहरा छाया रहा, लेकिन धीरे-धीरे कोहरा छंटा और अच्छी धूप खिली। हालांकि, बादलों की भी आवाजाही रही। अच्छी धूप खिलने से दिन का पारा बीते दिनों के मुकाबले चढ़कर 21 डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया। वहीं, रात का पारा भी 7 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मौसम विज्ञानियों का कहना है कि शुक्रवार को शहर में बादलों की आवाजाही रहेगी, हालांकि दिन साफ और शुष्क रहेगा। दिन व रात का पारा भी बढ़ेगा।

लखनऊ मौसम विज्ञान केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह ने बताया कि जनवरी के दौरान प्रदेश में न्यूनतम तापमान सामान्य से कम रहने से शीतलहर के दिनों की संख्या में बढ़त होगी।

## पीएचडी के लिए 16 फरवरी तक आवेदन


IIM ने शैक्षिक सत्र 2026 के लिए मांगे आवेदन

■ NBT न्यूज, लखनऊ : भारतीय प्रबंधन संस्थान (IIM), लखनऊ ने डॉक्टरल प्रोग्राम इन मैनेजमेंट (पीएचडी) के 2026 बैच में प्रवेश के लिए आवेदन प्रक्रिया शुरू कर दी है। इच्छुक और योग्य उम्मीदवार वेबसाइट iiml.ac.in पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। आवेदन के लिए अंतिम तिथि 16 फरवरी तय की गई है।

संस्थान के अनुसार चयनित उम्मीदवारों की सूची मार्च 2026 के पहले सप्ताह में घोषित की जाएगी। व्यक्तिगत साक्षात्कार अप्रैल 2026 के पहले सप्ताह में आयोजित किए जाएंगे, जबकि चयनित उम्मीदवारों की अंतिम सूची अप्रैल 2026 के तीसरे सप्ताह में जारी की जाएगी। प्रस्ताव स्वीकार करने और निर्धारित शुल्क जमा करने की अंतिम तिथि मई 2026 के पहले सप्ताह में होगी। केवल चयनित उम्मीदवारों को ही ईमेल के माध्यम से सूचित किया जाएगा। पंजीकरण प्रक्रिया को पूरा करने के लिए, सामान्य वर्ग के उम्मीदवारों को 1,000 रुपये का आवेदन शुल्क देना होगा। वहीं, अनुसूचित जाति (SC) और अनुसूचित जनजाति (ST) श्रेणियों के उम्मीदवारों के लिए आवेदन शुल्क 500 रुपये निर्धारित किया गया है।

**योग्यता के लिए जरूरी :** किसी भी विषय में मास्टर डिग्री या समकक्ष डिग्री के साथ कम से कम 55% अंक होने चाहिए। इंजीनियरिंग स्नातक या चार वर्षीय डिग्री धारकों के लिए कम से कम 75% अंक जरूरी हैं। सीए, आईसीडब्ल्यूए या सीएस योग्यता वाले और बी.फार्म स्नातक के लिए न्यूनतम 55% अंक होने चाहिए। किसी IIM से PGDM पूरा करने वाले (10 अंकों के पैमाने पर 6 सीजीपीए या 60%) उम्मीदवार भी आवेदन कर सकते हैं।

### एलयू के एमएससी छात्रों को प्लेसमेंट का मौका



■ NBT न्यूज, लखनऊ: लखनऊ विश्वविद्यालय के एमएससी रसायन विज्ञान छात्रों के लिए बायोटेक कंपनी में प्लेसमेंट का अवसर है। केंद्रीय प्लेसमेंट सेल के माध्यम से ईएसएससीईई बायोटेक इंडिया कंपनी ने ट्रेनी साइंटिस्ट और जूनियर रिसर्च एग्जीक्यूटिव पदों के लिए आवेदन आमंत्रित किए हैं। चयनित छात्रों को लैब सिंथेसिस, प्यूरिफिकेशन, डॉक्यूमेंटेशन और आर एंड डी से जुड़े कार्यों में प्रशिक्षण दिया जाएगा। एडिशनल डायरेक्टर डॉ. हिमांशु पांडेय के अनुसार, एक वर्ष की ट्रेनिंग अवधि में चयनितों को तीन से साढ़े तीन लाख रुपये वार्षिक वेतन मिलेगा। आवेदन की अंतिम तिथि 12 जनवरी है।

# सीएम से मिली पीड़िता, 24 घंटे में वापस मिला मकान

## बीमारी से जूझ रही पीड़िता के घर पर कर लिया गया था कब्जा, दो आरोपित अरेस्ट

■ NBT न्यूज, लखनऊ : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात के महज 24 घंटे के भीतर एक मेजर की बीमार बेटी को उनके करोड़ों के मकान पर कब्जा मिल गया। फर्जी दस्तावेज के जरिए मकान पर कब्जा करने के दो आरोपित को गाजीपुर थाने की पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। त्वरित कार्रवाई से न सिर्फ भूमाफिया पर शिकंजा कसा, बल्कि वर्षों से परेशान पीड़िता को नए साल के पहले दिन इंसाफ भी मिल गया।

एसीपी गाजीपुर अनिद्य विक्रम सिंह ने बताया कि इंदिरानगर के ए ब्लॉक में मकान संख्या ए-418 स्वर्गीय मेजर विपिन चंद्र भट्ट के नाम दर्ज है। 1994 में मेजर के निधन के बाद परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा। बेटे और एक बेटी की मौत के बाद उनकी दूसरी बेटी अंजना अकेली रह गईं। मानसिक बीमारी सिजोफ्रेनिया से पीड़ित होने पर 2016 से अंजना तकरोही में सूर्या सिटी स्थित रिहैबिलिटेशन सेंटर में इलाज करवा रही थीं। इसी दौरान चंदौली निवासी बलराम यादव और मनोज कुमार यादव ने 5 अन्य आरोपितों के साथ मिलकर उनके मकान पर कब्जा कर लिया। उन्होंने अंजना की बीमारी का फायदा उठाते हुए मेजर विपिन की जगह किसी अन्य शख्स को खड़ा कर फर्जी वसीयत तैयार कर दी। मकान के बाहर अपना बोर्ड तक लगा दिया।

बुधवार को अंजना मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मिलीं और व्यथा बताई। मुख्यमंत्री ने मामले की गंभीरता से लेते हुए तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए। इसके बाद पुलिस-प्रशासन हरकत में आया और गुरुवार दोपहर से पहले मकान को कब्जा मुक्त करवा कर अंजना को सौंप दिया। पुलिस के मुताबिक जांच में शिव जवाहन, सोनू उर्फ स्वामीकांत, सत्यम, राजीव, फर्जी विपिन चंद्र बने युवक का नाम सामने आया है। अन्य आरोपितों की तलाश की जा रही है।


मेजर की बेटी अंजना ने सीएम योगी आदित्यनाथ से मिलकर बताई थी अपनी व्यथा।

### पूजा कर दीप जलाया

घर में कदम रखते ही अंजना भावुक हो गईं। उन्होंने नारियल फोड़कर पूजा की, दीप जलाया और पुराने दिनों की यादों में खो गईं। वह भावुक होकर सीएम को धन्यवाद देती रहीं।

### पुलिस पर लापरवाही का आरोप

अंजना के मुताबिक उन्होंने 6 दिसंबर को गाजीपुर थाने पर प्रार्थना पत्र देकर मकान खाली करवाने का आग्रह किया था, लेकिन कार्रवाई आगे नहीं बढ़ सकी। इससे परेशान होकर बुधवार को वह सीएम से मिली थीं।

## बंद मकान से जूलरी समेट ले गए चोर

■ NBT न्यूज, लखनऊ : कैंट इलाके में बाउंड्रीवॉल फांदकर मकान में घुसे चोर अलमारी से सोने-चांदी के जेवर और कैश समेट ले गए। पिता के अंतिम संस्कार में शामिल होने रायबरेली गए परिवार को लौटने पर चोरी का पता चला। पड़ोसी के मकान में लगे कैमरे में चोर आते-जाते दिखाई दिए हैं। पीड़ित की तहरीर पर कैंट पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है।

नीलमथा स्थित दुर्गा पुरी कॉलोनी में शरद पांडेय परिवार के साथ 14 दिसंबर को रायबरेली के निहस्था गांव गए थे। बीते गुरुवार को लौटे तो घर के सारे दरवाजे खुले थे, कमरों का सारा सामान बिखरा पड़ा था। अलमारी से 30 हजार रुपये कैश, करीब 120 ग्राम सोने के जबकि 550 ग्राम चांदी के जेवर गायब थे।




## फटाफट खबरें

### घरेलू कलह में महिला ने लगाई फांसी

■ NBT न्यूज, राजाजीपुरम : पारा के न्यू काशीराम कालोनी में बुधवार दोपहर घरेलू कलह के चलते महिला ने पंखे में दुपट्टा बांधकर फांसी लगा ली। हसनखेड़ा स्थित न्यू काशीराम कालोनी निवासी ऑटो चालक महेश की 40 वर्षीय पत्नी हेमा के साथ किसी बात को लेकर विवाद हो गया था। जिस पर आज दोपहर घरेलू कलह के चलते हेमा ने पंखे में दुपट्टे के सहारे फांसी लगा ली। महेश जब ऑटो चलाकर घर पहुंचा तो देखा कि हेमा पंखे के सहारे दुपट्टे से लटकी हुई थी। महेश फंदे से हेमा को उतारकर एरा मेडिकल कालेज ले गया। जहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक के परिवार में बेटा दिपांशु व अंकित हैं।

### सआदतगंज में महिला ने दी जान

■ NBT न्यूज, लखनऊ : सआदतगंज इलाके में बुधवार रात समरीन (24) ने दुपट्टे के फंदे से फांसी लगा ली। उसे एरा हॉस्पिटल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। मायके वालों का आरोप है कि पति अल्तमस समीर, सास शबनम और कासिम लंबे समय से दहेज को लेकर उत्पीड़न कर रहे थे। बताया गया कि ससुरालीजन शव लेकर भागने की फिराक में थे। इस बीच परिवारजन पहुंच गए और हंगामा हुआ। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। थाना प्रभारी संतोष आर्य के मुताबिक पीड़ित पक्ष की तहरीर पर दहेज उत्पीड़न का मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

### बीमारी से तंग किशोर ने की आत्महत्या

■ NBT न्यूज, चौक : इटौंजा थाना क्षेत्र में एक किशोर ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। इटौंजा थाना क्षेत्र के किशन पुर के रहने वाले राम गोपाल रावत के पुत्र सचिन कुमार रावत (13) ने गुरुवार को घर में आत्महत्या कर ली। परिवारीजनों ने बताया कि सचिन काफी समय से मिर्गी की बीमारी से पीड़ित था। जिससे परेशान होकर उसने आत्महत्या कर ली। पिता राम गोपाल मजदूरी करते हैं। परिवार में मां सूरजिया भाई अमित एव चार बहने हैं।

### आशियाना में नाले में मिला युवक का शव

■ NBT न्यूज, आलमबाग : आशियाना थाना क्षेत्र में एक युवक का शव नाले में पड़ा मिला। पुलिस के अनुसार बंगला बाजार बदरुद्दा के रहने वाले अचल सोनकर (30) एक कंपनी में काम करते थे। भाई अभिषेक ने बताया कि अचल बुधवार रात घर से पैदल बंगला बाजार चौराहे के पास चंद्रिका देवी मंदिर में हो रहे जागरण को देखने की बात कह कर चले गए थे। गुरुवार सुबह स्थानीय लोगों ने जिओ ऑफिस के सामने बने नाले में एक युवक का शव देखा। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को नाले से निकलवाया। वहां मौजूद एक परिचित ने उसे पहचान कर इसकी सूचना मृतक के परिवारीजनों को दी। मौके पर पहुंचकर भाई ने शव की शिनाख्त अपने भाई के रूप में की।

### ताला तोड़कर स्टोर से लाखों की चोरी

■ NBT न्यूज, लखनऊ : चौक निवासी मलय अग्रवाल का बादशाहनगर मेट्रो स्टेशन के पास हिंद पतंजलि केंद्र है। उन्होंने बताया कि रोज की तरह मंगलवार रात केंद्र पर काम करने वाले अर्पित रस्तोगी और अजय ताला बंद कर घर चले गए। बुधवार सुबह पहुंचे तो ताला टूटा मिला। अंदर गल्ले का दराज टूटा था, कैश के साथ ही चोर हजारों रुपये कीमत का सामान उठा ले गए हैं। इंस्पेक्टर महानगर अखिलेश मिश्रा का कहना है कि रिपोर्ट दर्ज कर चोरों का सुराग लगाने के लिए सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं।

### नाबालिग को फुसलाकर भगा ले गया युवक

■ NBT न्यूज, मलिहाबाद : रहीमाबाद क्षेत्र के एक गांव में नाबालिग को फुसलाकर ले जाने का आरोप लगाते हुए पिता ने पड़ोस के युवक पर केस दर्ज करवाया है। पिता ने बताया कि 30 दिसंबर को 15 वर्षीय बेटी घर से निकली थी, लेकिन वापस नहीं आई। काफी तलाश करने पर जानकारी हुई कि पड़ोस का युवक संजय उनकी बेटी को ले गया है। रहीमाबाद इंस्पेक्टर अरुण कुमार ने बताया कि किशोरी की तलाश की जा रही है।

### कुर्सी पर बैठने को लेकर दो युवकों की पिटाई

■ NBT न्यूज, लखनऊ : सैरपुर क्षेत्र में दुकान पर बैठे दो युवकों बबलू गौतम और उमेश गौतम को अमर सिंह यादव ने पीट दिया। आरोप है कि युवक उन्हें कुर्सी से हटाकर खुद बैठा और विरोध करने पर जातिसूचक गालियां देते हुए मारपीट की। हमले में दोनों घायल हो गए। शोर सुनकर दुकान मालिकों ने बीचबचाव किया। पीड़ितों की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। इंस्पेक्टर मनोज कुमार कोरी के अनुसार मामले की जांच की जा रही है।

### पीड़िता को ही बना दिया दोषी, शिकायत


■ NBT न्यूज, लखनऊ : अलीगंज की एक महिला ने पुलिस पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि चोरी की वारदात में निष्पक्ष जांच नहीं की गई, बल्कि आईजीआरएस पोर्टल पर गलत रिपोर्ट लगाकर उन्हें ही दोषी ठहराने की कोशिश की गई। बड़ा चांदगंज निवासी शालिनी कौशल के घर 5 दिसंबर की शाम नकदी, चांदी के जेवर और एटीएम चोरी हो गए थे। उनका आरोप है कि पुलिस ने कार्रवाई के बजाय उनसे फोटो लेकर ओटीपी मनाया और बाद में मामले को गलत दिशा दे दी। पीड़िता ने डीसीपी नॉर्थ से जांच किसी अन्य थाने या वरिष्ठ अधिकारी से कराए जाने की मांग की है।

# नहर में गिरी कार, दो की मौत, एक घायल

## गुडंबा इलाके के बेहटा चौकी के पास हुआ हादसा

■ NBT न्यूज, गुडंबा : गुडंबा इलाके के पारा गांव के पास बुधवार देर रात तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर नहर में गिर गई। हादसे में प्रॉपर्टी डीलर विनोद यादव और उनके साथी अरुण की मौत हो गई, जबकि कुंवर रावत घायल हो गया। सूचना मिलने के बाद गुडंबा इंस्पेक्टर प्रभातेश श्रीवास्तव, चौकी इंचार्ज बेहटा हरिओम पटेल व डायल 112 पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने लोगों की मदद से तीनों को निकालकर अस्पताल भेजा। वहां डॉक्टरों ने दो को मृत घोषित कर दिया।

गुडंबा इंस्पेक्टर प्रभातेश श्रीवास्तव ने बताया कि पलिया महिगवा निवासी प्रॉपर्टी डीलर विनोद यादव (45) कल्ली पश्चिम निवासी अरुण रावत (22) व कुंवर रावत (23) को पारा के पास प्लॉट दिखाने जा रहे थे। साइट पर जाते समय बुधवार देर रात 9:46 बजे बेहटा व माती के बीच पारा गांव के पास तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर नहर में गिर गई। हादसे की आवाज सुनकर ग्रामीण व पीआरवी, चौकी इंचार्ज बेहटा पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंच गए। पुलिस व ग्रामीणों ने तीनों को बाहर निकाला और सीएचसी गुडंबा भेजा। वहां चिकित्सकों ने परीक्षण के बाद विनोद यादव (45), अरुण रावत (23) को मृत घोषित कर दिया। वहीं घायल कुंवर रावत को प्राथमिक उपचार के बाद घर भेज दिया।




विनोद यादव


अरुण रावत

- डॉक्टर और ग्रामीणों ने सीपीआर देकर जान बचाने का किया प्रयास
- पहले भी हुए हादसों में हो चुकी है कई मौतें
- बुधवार रात करीब 10 बजे प्लॉट दिखाने जा रहा था प्रापर्टी डीलर तभी हुआ हादसा

मृतक विनोद की पत्नी व बेटे अभय (15) का रो-रो कर बुरा हाल था।

### अरुण की 8 महीने पहले हुई थी शादी

अरुण रावत के पिता संतोष कुमार ने बताया कि अरुण मेडिकल स्टोर पर काम करता था। बुधवार सुबह 11 बजे घर के पास रहने वाला कुंवर उसे बुलाकर ले गया था। देर रात कुंवर के घर से पता चला कि एक्सीडेंट हो गया है। उन्हें गुडंबा स्थित सीएचसी बुलाया गया। वहां पहुंचने पर पता चला कि अरुण की मौत हो गई है। अरुण की इसी साल 18 अप्रैल को आलमबाग की रहने वाली नीतू से शादी हुई थी। बुधवार को भी वह आलमबाग पत्नी से मिलने ससुराल गया था। उसके बाद दोस्त के साथ निकल गया था।

### सीपीआर देकर बचाने का किया प्रयास

बेहटा चौकी इंचार्ज हरिओम पटेल, पीआरवी के पारा गांव के ग्रामीण मोहम्मद आमीन, मोहम्मद दाउद, शाहजहां, मोहम्मद फहीम, मोहम्मद अहमद, रजौली के जीतू ने कार में फंसे विनोद यादव, कुंवर रावत व अरुण रावत को काफी मशक्कत के बाद बाहर निकाला। हुसैन ने बताया कि डॉ. रहमतुल्लाह ने विनोद व अरुण की जान बचाने के लिए सीपीआर दिया, लेकिन उन्हें बचाया नहीं जा सका। ग्रामीण मो. दाउद, प्रधान मतीन ने बताया कि पानी बहुत ठंडा था। कुंवर रावत को जब निकाला गया तो वह ठंड से कांप रहा था। उन लोगों ने घर से कपड़े मंगवा कर बदलवाया, और आग जलाई तब जाकर कुंवर की हालत में सुधार हुआ।

## किशोर को किया अगवा, पांच लाख मांगी फिरौती

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ : किशोर को अगवा कर उसे न्यूड कर बुरी तरह पीटा गया। विरोध पर सिर पर पिस्टल लगा दी गई। करीब पांच घंटे किशोर को बंधक बनाकर रखा गया। घर से 5 लाख रुपये लाने को बोलकर उसे गुरुवार सुबह छह बजे छोड़ा। मां ने तालकटोरा पुलिस स्टेशन में इस संबंध में रिपोर्ट दर्ज करवाई है।


राजाजीपुरम इलाके में रहने वाली महिला के मुताबिक 31 दिसंबर की रात दो बजे उनके बेटे को घर के बाहर से कार सवार उठा ले गए। किशोर ने मां को बताया कि गाड़ी के अंदर पिस्टल लगाकर पीटा और जान से मारने की धमकी दी। उसके कपड़े उतरवाए गए। पिस्टल कनपटी पर लगाकर कहा कि पांच लाख रुपये नहीं दिए तो जान से मार देंगे। इंस्पेक्टर तालकटोरा कुलदीप दुबे के मुताबिक पीड़िता की तहरीर पर अपहरण, मारपीट, फिरौती मांगने की रिपोर्ट दर्ज की गई है।

### आत्महत्या के लिए उकसाने के आरोप में युवती अरेस्ट

■ NBT न्यूज, लखनऊ : हुसैनगंज पुलिस ने प्रेमी को आत्महत्या के लिए उकसाने के आरोप में युवती को गुरुवार सुबह गिरफ्तार कर लिया।

हुसैनगंज खटिकाना सुगादेवी मार्ग निवासी अभिलाष (22) का कैसरबाग के फूलबाग इलाके में रहने वाली युवती से पांच वर्षों से प्रेम-प्रसंग चल रहा था। मंगलवार को युवती ने अभिलाष से कहा कि मर के दिखाओ। इस पर अभिलाष ने टॉयलेट क्लीनर पी लिया। ट्रॉमा सेंटर में उसकी मौत हो गई।

## KRK ने सीएम योगी के लिए फेक पोस्ट करने पर मांगी माफी




■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ : X-पर यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ की फोटो और NBT के नाम से फेक न्यूज लगाकर टिप्पणी करने के मामले में केआरके ने माफी मांगी है। यही नहीं फेक पोस्ट भी डिलीट कर दिया है। पुलिस का कहना है कि मामले की पड़ताल की जा रही है।

नरही के बनारसी बाग निवासी राजकुमार तिवारी ने मंगलवार को हजरतगंज कोतवाली में एफआईआर करवाई थी। पुलिस को दी तहरीर में उन्होंने कहाकि X-पर सीएम को लेकर एक विवादित टिप्पणी की गई थी। टिप्पणी यूजर kamaalrkhan के KRK-X हैंडल से टिप्पणी पेस्ट की गई थी। उसमें लिखा था कि सर जी आपको कोई भी वोट नहीं देगा, तब भी आप जीतेंगे, ये तो सब जानते हैं। @ eelayeep zindabad. पोस्ट में टिप्पणी के साथ सीएम योगी की फोटो लगाकर NBT न्यूज पेपर का एक फेक स्क्रीन शॉट भी लगाया गया था। इसमें लिखा था, 'मुस्लिम, दलित, यादव वोट नहीं भी मिलेगा, तब भी हम सरकार बना लेंगे'। तहरीर में कहा गया है कि ऐसे फेक नरेटिव सोशल मीडिया पर चलाकर महाराज जी (योगी आदित्यनाथ) की छवि धूमिल करने का प्रयास किया गया है।

**सोशल मीडिया से फेक पोस्ट डिलीट की**

केआरके ने एक जनवरी को सुबह 9:26 बजे एक्स पर एक पोस्ट डाली। उसमें फेक पोस्ट शेयर करने के लिए सीएम योगी आदित्यनाथ से माफी मांगी है। यह भी लिखा है कि जैसे यह जानकारी हुई कि उनकी ओर से पूर्व में की गई पोस्ट ओरिजनल नहीं है तो उन्होंने डिलीट कर दी। भविष्य में कोई भी पोस्ट करने से पहले सावधान रहने की बात भी लिखी है। वहीं रिपोर्ट दर्ज कराने वाले राजकुमार तिवारी ने बताया कि उनके घर दुबई से केआरके का कॉल आया था। उन्हें पोस्ट डिलीट करने की जानकारी दी।

## अधिवक्ता होने का दावा कर दो लोगों से किया फ्रॉड

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ : हाई कोर्ट अधिवक्ता बनकर एक जालसाज ने दो अलग-अलग पीड़ितों से आवास विकास का मकान दिलाने, बैंक में नौकरी लगवाने और दाखिल-खारिज का केस कराने के नाम पर कुल 7.16 लाख रुपये ठग लिए। विभूतिखंड पुलिस ने दोनों मामलों में रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

रायबरेली के हरचंदपुर निवासी आशीष तिवारी ने बताया कि कुछ साल पहले रायबरेली के इस्माइलगंज गौरा निवासी आशीष दीक्षित से पहचान हुई थी। खुद को हाई कोर्ट का वकील बताने वाले आरोपित ने लखनऊ में मकान और प्लॉट सस्ते में दिलाने का झांसा दिया। आरोपित की बातों पर भरोसा कर आशीष अपनी पत्नी के साथ हाई कोर्ट गेट नंबर-6 पर पहुंचा और दिखाए गए मकान को पसंद करते हुए 1.50 लाख रुपये एडवांस व रजिस्ट्री और स्टांप के नाम पर एक लाख रुपये दे दिए। छोटे भाई हरीश की पीएलबी में नौकरी लगवाने के नाम पर 2.23 लाख रुपये और ले लिए। लंबे समय तक न मकान मिला न नौकरी। रकम वापस मांगने पर आरोपित व उसकी पत्नी काजल ने धमकाया। वहीं अमेठी के मितौली निवासी मनीष कुमार ने बताया कि अगस्त 2023 में एक परिचित के माध्यम से आशीष दीक्षित से मुलाकात हुई। पिता के नाम की जमीन का दाखिल—खारिज कराने की बात कहने पर आरोपित ने सारे कागज अपने पास रख लिए और कई किश्तों में 2.43 लाख रुपये ले लिए। काम न होने पर जब पैसे मांगे तो चेक दिया, जो बाउंस हो गया। संपर्क करने पर गाली—गलौज और जान से मारने की धमकी दी गई। पुलिस ने दोनों पीड़ितों की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

**विभूतिखंड पुलिस ने आरोपों के आधार पर दर्ज की FIR**

## बुजुर्ग को डिजिटल अरेस्ट कर ट्रांसफर करवाए ₹90 लाख


AI Image
■ पीड़ित के बेटे की शिकायत पर साइबर क्राइम पुलिस स्टेशन में रिपोर्ट दर्ज

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ : आशियाना निवासी बुजुर्ग को मनी लॉन्ड्रिंग में फंसाने का झांसा देकर साइबर जालसाजों ने 90 लाख रुपये ठग लिए। बेटे की तहरीर पर साइबर क्राइम पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस ट्रांजेक्शन से जुड़े खातों को ट्रैक कर रही है।

आशियाना सेक्टर-G निवासी 73 वर्षीय अमरजीत सिंह वित्त विभाग से रिटायर्ड हैं। उनके बेटे अमरप्रीत सिंह के अनुसार, 1 दिसंबर को उनके पिता के मोबाइल पर व्हॉट्सऐप कॉल आई। कॉलर ने खुद को मुंबई साइबर क्राइम सेल का अधिकारी गिरीश कुमार बताते हुए कहा कि उनके नाम पर मनी लॉन्ड्रिंग हुई है और उनके खिलाफ FIR दर्ज है। जालसाज ने FIR रद्द करवाने के नाम पर एक करोड़ रुपये सरकारी खाते में जमा करने का दबाव बनाया। इसके बाद पीड़ित को 3 दिसंबर से 24 दिसंबर तक तथाकथित डिजिटल अरेस्ट में रखा गया और अलग-अलग खातों में कई किस्तों में 90 लाख रुपये ट्रांसफर करवा लिए। इस दौरान पीड़ित मानसिक तनाव में गुमसुम रहने लगे। 25 दिसंबर को जब बेटा घर पहुंचा तो उन्होंने पिता को घबराया देखकर वजह पूछी। पहले पीड़ित ने कुछ नहीं बताया, लेकिन शाम को परिजन के समझाने पर पूरी बात बताई। उन्होंने स्वीकार किया कि रिटायरमेंट के बाद जमा म्यूचुअल फंड और अन्य निवेशों की बड़ी रकम ठगों के खातों में भेज दी है। मामला सामने आने पर बेटे ने साइबर पोर्टल पर शिकायत दर्ज की और फिर साइबर क्राइम पुलिस स्टेशन में रिपोर्ट दर्ज कराई। पुलिस संबंधित बैंक खातों की जानकारी निकाल रही है।

### ऑनलाइन टास्क, निवेश के नाम पर ₹41 लाख ठगे

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ : औरैया के अरुण्डा, सकराव निवासी अनिल कैंट इलाके में रहते हैं। उन्होंने बताया कि 14 अगस्त 2025 को वॉट्सऐप पर संपर्क कर साइबर जालसाजों ने रेडफिन ट्रेडिंग ऐप पर ऑनलाइन काम कराने का झांसा दिया। लिंक भेजकर रजिस्ट्रेशन कराया और एक टास्क पूरा कराने पर 761 रुपये उनके खाते में भी ट्रांसफर किए, ताकि भरोसा हो जाए। इसके बाद अधिक मुनाफे का लालच देकर पेड टास्क करने को कहा गया। पीड़ित ने अलग-अलग यूपीआई आईडी व बैंक खातों में रकम जमा कराई। 17 अगस्त से 28 अगस्त 2025 के बीच जालसाजों ने 41 लाख रुपये से अधिक की ठगी कर ली। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### जालसाजों ने दो लोगों से हड़पे 69,534 रुपये

■ NBT न्यूज, आलमबाग : कोतवाली क्षेत्र में दो खाताधारकों से जालसाजों ने ऑनलाइन ठगी कर कुल 69,534 रुपये उड़ा लिए। पुलिस के अनुसार आदर्श नगर निवासी राहुल मिश्रा को कॉल कर क्रेडिट कार्ड केवाईसी के नाम पर ऐप इंस्टाल कराया गया, जिसके बाद उनके कार्ड से करीब 51,500 रुपये निकाल लिए गए। वहीं मवैया निवासी अमीत मिश्र को अधिक पैसा भेजने का झांसा देकर 18 हजार रुपये ट्रांसफर कराए गए। धोखाधड़ी का एहसास होने पर दोनों ने साइबर सेल व पुलिस से शिकायत की। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## इलाज के दौरान छात्रा की मौत

■ NBT न्यूज, चौक

केजीएमयू ट्रॉमा सेंटर में इलाज के दौरान इटौंजा थाना क्षेत्र के कल्याणपुर निवासी छात्रा राधा (16) की मौत हो गई। वह कक्षा 11 की छात्रा थी।

पिता करुणा शंकर के मुताबिक बुधवार रात भाई ने उसे पढ़ाई करते समय खाना खाने के लिए बुलाया तो वह बेहोश मिली। घरवाले उसे ट्रॉमा सेंटर ले गए, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस का कहना है कि परिवार ने किसी पर कोई आरोप नहीं लगाया है।

## रंजिश में तलवारों से हमला, दो युवक लहूलुहान

■ NBT न्यूज, लखनऊ : डालीगंज इलाके में घात लगाकर कुछ युवकों ने दो युवकों पर तलवार और लोहे की रॉड से जानलेवा हमला कर दिया। हमले में एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे ट्रॉमा सेंटर रेफर किया गया है। हसनगंज पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच कर लिया है।

**डालीगंज में घात लगाकर किया हमला, एक की हालत गंभीर**



डालीगंज के जोशी टोला निवासी रवि जोशी भाई अंकित जोशी के साथ बुधवार रात करीब 9 बजे घर लौट रहे थे। इसी दौरान पहले से घात लगाए बैठे इलाके के रहने वाले ललित, अमित, सुमित, राहुल, अभिनीत और अंकुर ने अचानक उन पर हमला बोल दिया। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक हमलावर तलवार और लोहे की रॉड से लैस थे और दोनों पर ताबड़तोड़ वार किए। हमले में रवि जोशी गंभीर रूप से घायल होकर सड़क पर गिर पड़ा, जबकि अंकित को भी चोटें आईं। शोर-शराबा सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे, तब तक आरोपी फरार हो चुके थे। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों घायलों को बलरामपुर अस्पताल भिजवाया, जहां डॉक्टरों ने रवि की हालत नाजुक देखते हुए उसे ट्रॉमा सेंटर रेफर कर दिया। अंकित को प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई। पुलिस के मुताबिक आरोपियों का रवि के बड़े भाई से पुराना विवाद चल रहा है, इसी रंजिश के चलते हमला किया गया। इंस्पेक्टर हसनगंज का कहना है कि नामजद मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। आरोपियों की तलाश में दबिश दी जा रही है और जल्द ही सभी को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

Admission Announcement
18th Batch Admissions 2026
PGDM (ABM)
Post Graduate Diploma in Management (Agri Business Management)
Approved by: Accredited by: NBA nirf AIU
Online Application Open till 28th February, 2026
ELIGIBILITY
- Four year Bachelor's degree in Agriculture or allied sciences from any University or Institution recognized by UGC.
- Have a valid score of CAT-2025 /CMAT-2026.
APPLICATION PROCEDURE
The candidate shall submit the application ONLINE only, which opens from 1st Jan, 2026. CAT/CMAT scores shall be submitted once the results are declared. For detailed eligibility, selection criteria and application procedure, please visit website: https://naarm.org.in/abm26/
INTERVIEW CENTRES
Applicants may choose from among the following Centres for Selection Process:
- Hyderabad
- New Delhi
- Kolkata
- Pune
Contact:
Head of Administration & Registrar
ICAR-NAARM, Rajendranagar, Hyderabad-500 030, Telangana
Email: naarm.abm2026@gmail.com
Ph: (040) 24581271/308/309/502/555
भाकृअनुप-राष्ट्रीय कृषि अनुसंधान प्रबंध अकादमी
राजेन्द्रनगर, हैदराबाद-500030, तेलंगाना, भारत
ICAR-National Academy of Agricultural Research Management
Rajendranagar, Hyderabad-500030, Telangana, India

# नशे में दरोगा ने डीसीपी को दी वर्दी उतरवाने की धमकी

■ NBT न्यूज, लखनऊ : नव वर्ष के जश्न के दौरान नशे में धुत दरोगा ने गंज चौराहे पर ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मी पर कार चढ़ाने का प्रयास किया। रोकने का प्रयास किया तो कार की स्पीड बढ़ा कर भागने का प्रयास करने लगा।

नए वर्ष की पूर्व संध्या पर हजरतगंज के कई मार्गों का ट्रैफिक डायवर्ट किया गया था। रात करीब 12:30 बाराबंकी कोतवाली में तैनात दरोगा सौम्य जायसवाल कार परिवर्तन चौक मार्ग पर मोड़ने लगा। चौराहे पर तैनात दरोगा आशुतोष त्रिवेदी ने उसे रोकने का प्रयास किया। इस पर चालक ने दरोगा पर कार चलाने का प्रयास किया। दरोगा ने आरोपित से कार आगे खड़ी करने को कहा। इस पर कार चालक गाली गलौज करने लगा और दरोगा को धक्का देकर भागने लगा। डीसीपी ट्रैफिक कमलेश दीक्षित ने मौके पर जाकर कार रोकने को कहा लेकिन आरोपित ने उनकी भी न सुनी। चौराहे पर लगभग 70 मीटर कार दौड़ा दी। उसने दरोगा के साथ ही कई अन्य पुलिसकर्मियों को रौंदने का प्रयास किया। किसी तरह कार के आगे बैरियर लगाकर पुलिस कर्मियों ने उसे रोका। पुलिसकर्मियों ने उसे नीचे उतारा तो वह भड़क गया। समझाने पहुंचे डीसीपी से भी उलझकर अभद्रता करने लगा। डीसीपी और अन्य पुलिसकर्मियों की वर्दी उतरवाने की धमकी भी दी। डीसीपी ने नशे में धुत दरोगा को हजरतगंज थाने भिजवा दिया। थाना प्रभारी विक्रम सिंह ने बताया कि आरोपित दरोगा सौम्य जायसवाल बाराबंकी कोतवाली में तैनात है। वह नए वर्ष का जश्न मनाने लखनऊ आया था। आरोपित का पुलिस एक्ट में चालान किया गया है। इसके अलावा डीसीपी सेंट्रल ने एसपी बाराबंकी को आरोपित के खिलाफ कार्रवाई करने के लिए पत्र भेजा है।

पुलिस को आरोपित की कार से शराब और पानी की बोतलें व गिलास मिले हैं। उसकी कार के शीशों में काली फिल्म लगी हुई थी। रौब गालिब के लिए कार के डैशबोर्ड पर आरोपित ने पीकैप रखी हुई थी।


हजरतगंज में हंगामा
- अटल चौक पर पुलिस कर्मी पर कार चढ़ाने की कोशिश,
- पुलिस एक्ट में हुआ चालान, कार सीज

## कृष्णानगर में न्यू इयर की पार्टी के दौरान चाकूबाजी, युवक गंभीर

■ NBT न्यूज, आलमबाग : कृष्णा नगर कोतवाली क्षेत्र के बाराबिरवा स्थित एक होटल में आयोजित न्यू ईयर पार्टी के दौरान बुधवार रात विवाद के बाद चाकूबाजी हो गई, जिसमें अभिषेक सिंह गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के दौरान नशे में धुत दो पक्षों के बीच धक्का-मुक्की बढ़कर मारपीट में बदल गई। इसी दौरान एक युवक ने अभिषेक के सीने पर ताबड़तोड़ कई वार कर दिए। दोस्तों ने उसे लोकबंधु अस्पताल पहुंचाया, जहां से ट्रॉमा सेंटर रेफर किया गया। उसकी हालत स्थिर बताई जा रही है। आरोप है कि होटल प्रशासन ने न सुरक्षा इंतजाम किए थे और न ही तत्काल पुलिस को सूचना दी।

पुलिस के मुताबिक घायल की तहरीर पर अज्ञात आरोपित के खिलाफ केस दर्ज कर सीसीटीवी फुटेज के आधार पर खोज शुरू कर दी गई है। कृष्णा नगर कोतवाली प्रभारी पीके सिंह ने बताया कि रात में हुई घटना की जानकारी पुलिस को सुबह परिवारीजनों द्वारा मिली है। घायल युवक की शिकायत पर अज्ञात हमलावर के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर होटल में लगे कैमरों की फुटेज आधार पर हमलावर की तलाश की जा रही है।

## कोर्ट के आदेश पर रेप का केस दर्ज

■ NBT न्यूज, जानकीपुरम : जानकीपुरम क्षेत्र की एक युवती ने मड़ियांव निवासी सूरज शुक्ला पर शादी के दबाव में अपहरण, रेप, मारपीट और धमकी के गंभीर आरोप लगाए हैं। पीड़िता के मुताबिक 11 मई 2023 को उसे नशीला पदार्थ खिलाकर कमरे में बंद कर शारीरिक शोषण किया गया।

14 अक्टूबर 2024 को किसी तरह वह घर पहुंची तो आरोपित सूरज और उसके पिता राजू शुक्ला ने घर में घुसकर पिटाई कर दी और जान से मारने की धमकी देकर भाग गए। आरोप है कि पिता भी अश्लील हरकतें करता था, जिससे उसकी तय शादी टूट गई। युवती की ओर से कोर्ट जाने पर आदेश पर पुलिस ने केस दर्ज किया। इंस्पेक्टर जानकीपुरम विनोद कुमार तिवारी ने बताया कि मामले में जांच की जा रही है।

# एलडीए ने दोबारा बगैर टेंडर हैंडओवर कॉलोनी में निर्मित कर दी सड़क



■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ: एलडीए में बगैर टेंडर सड़क निर्माण की परंपरा परवान चढ़ती जा रही है। अभी कुछ दिन पहले ही एलडीए के ठेकेदार ने विनय खंड में स्थित एलपीएस स्कूल के पास रातों रात 500 मीटर सड़क बना दी। मामले का खुलासा होने के बाद एलडीए ने निर्माण करने की बात स्वीकार की।

अब नया मामला विकल्प खंड स्थित पंचशील अपार्टमेंट के सामने वाली सड़क का है। यहां 500-500 मीटर सड़क बगैर टेंडर के बना दी गई। इस सड़क के निर्माण में भी नगर निगम से कोई एनओसी एलडीए ने नहीं ली। जबकि चोरी छिपे सड़क निर्माण करने के पीछे खराब गुणवत्ता का मैटेरियल इस्तेमाल किया गया। क्योंकि 22 दिसंबर 2025 को निर्मित सड़क एक सप्ताह के भीतर ही जगह-जगह से उखड़ने लगी है। सड़क का लेवल भी ऊपर नीचे बन गया है, जिससे कभी भी कोई हादसा होने की आशंका है। पंचशील अपार्टमेंट के सामने विकल्प खंड और दूसरे हिस्से में विराज खंड इलाका आता है। इन दोनों के बीच डिवाइडर है, जहां 500-500 मीटर की सड़क निर्मित की गई है। सड़क को किसने बनाया और कब बनाया गया है यह वहां के स्थानीय लोगों को भी नहीं मालूम है। उनका कहना है कि रात के वक्त गाड़ियों की आवाज आई थी, लेकिन सुबह उठकर देखा तो खराब गुणवत्ता की सड़क बनी दिखी। अभी एक सप्ताह ही हुआ होगा कि सड़क की बजरी जगह-जगह उखड़ रही है। ऐसे में मॉनसून में यह सड़क पूरी से जर्जर हो सकती है।

> एलडीए ने दोबारा बगैर टेंडर हैंडओवर कॉलोनी में निर्मित कर दी सड़क

**15 लाख**
रुपये खर्च कर सड़क का हुआ निर्माण

- एक सप्ताह के भीतर ही नवनिर्मित सड़क की बजरी उखड़ने लगी
- पंचशील अपार्टमेंट के सामने निर्मित हुई सड़क

> इस सड़क के लिए भी एलडीए ने कोई एनओसी नहीं ली है। सड़क कैसे व कब बनाई गई इसकी जानकारी नहीं है। फिलहाल यह पूरा इलाका नगर निगम को हैंडओवर है।
> -अतुल मिश्रा, एक्सईएन, नगर निगम

> सड़क कैसे और क्यों बनाई गई इसकी रिपोर्ट चीफ इंजिनियर से मांगी जाएगी। आखिर कैसे हैंडओवर कॉलोनी में एलडीए ने सड़क निर्मित की, जांच की जाएगी।
> -विवेक श्रीवास्तव, सचिव, एलडीए

# अब ग्लूकोज और लैक्टेट के स्तर से पता कर सकेंगे कैंसर

## LU के इंस्टिट्यूट ऑफ फार्मास्यूटिकल की ओर से किया गया शोध, लिवर कैंसर के इलाज के लिए भी नई उम्मीद

Zeeshan.Rayini@timesofindia.com

AI Image



■ लखनऊ: कैंसर का पता करने के लिए वर्तमान में कई महंगी जांचें करवानी पड़ती है। यही वजह है कि कई बार मरीजों में एडवांस स्टेज में कैंसर का पता चलता है। लेकिन अब महज ग्लूकोज व लैक्टेट के स्तर की बेसिक जांच से भी कैंसर का पता किया जा सकेगा। इससे जिन्हें कैंसर का रिस्क है उनमें शुरुआती स्टेज में ही इसकी पहचान की जा सकेगी। लखनऊ विश्वविद्यालय के इंस्टिट्यूट ऑफ फार्मास्यूटिकल साइंस की ओर से यह शोध किया गया है। साथ ही लिवर कैंसर के इलाज के लिए भी एक नए प्लांट कंपाउंड की भी खोज की गई है जिसे लिवर कैंसर जर्नल में प्रकाशित किया गया है।

फार्माकोलॉजी विभाग के डॉ. प्रगेश कुमार की ओर से यह शोध किया गया है। इसमें प्रगेश ने बताया कि जब किसी व्यक्ति में कैंसर सेल ग्रो होते हैं वह शरीर का ग्लूकोज का सेवन करते हैं। इससे शरीर में ग्लूकोज का स्तर कम होने लगता है। जबकि लैक्टेट का प्रोडक्शन शरीर में शुरू हो जाता है। इससे शरीर में लैक्टेट का स्तर बढ़ जाता है। लैब में हमने चूहों के ग्लूकोज व लैक्टेट के स्तर की जांच की। इसके बाद उनमें कैंसर सेल्स को विकसित किया। बाद में जब हमने उनकी जांच की तो ग्लूकोज का स्तर कम और लैक्टेट का अधिक पाया गया। ऐसे में कैंसर की जांच के लिए इसे एक विधि के रूप में विकसित किया जा सकता है जो भविष्य में कैंसर की स्क्रीनिंग के लिए एक अहम टूल के रूप में प्रयोग हो सकता है।

### एलिफेंट एपल से कम हुआ कैंसर

डॉ. प्रगेश ने बताया कि चूहों में लिवर कैंसर के इलाज के लिए एक नए कंपाउंड की भी खोज की गई है। इसे हमने एलिफेंट एपल नामक फल का एक्सट्रैक्ट निकाला। इसमें पेंटासाइक्लिक ट्राइटरपीन पाया जाता है। जिन चूहों में कैंसर विकसित हुआ था उन पर हमने इसका प्रयोग किया। इसमें हमने पाया कि इसके प्रयोग से लिवर कैंसर का स्तर चूहों में कम हो गया। यह एक नया कंपाउंड है जो अभी कैंसर के इलाज में उपयोग नहीं किया जा रहा है। हमारे देश में यह प्लांट काफी संख्या में पाया जाता है। इससे कैंसर के इलाज की दर को भी कम किया जा सकता है। क्योंकि इससे बनने वाली दवा को काफी कम लागत में तैयार किया जा सकता है। भारत में लिवर कैंसर की मरीजों की तादाद में लगातार इजाफा हो रहा है। ऐसे में यह कंपाउंड इलाज की एक नई उम्मीद के रूप में सामने आया है।


## पारा, दुबग्गा और बक्शी का तालाब में बढ़ रही है चोरी

# ट्रांसफॉर्मरों पर चोरों की नज़र, कार्रवाई सिर्फ तहरीर तक

■ NBT न्यूज, लखनऊ: लेसा के असुरक्षित ट्रांसफॉर्मरों ने इन दिनों बिजली संकट बढ़ा दिया है। पारा, दुबग्गा और बीकेटी सहित अन्य रिहायशी इलाकों में लगे ट्रांसफॉर्मरों से अब तेल के साथ कॉपर क्वाइल आदि कीमती उपकरणों की चोरी की घटनाएं बढ़ती जा रही हैं। कार्रवाई और घटनाओं की रोकथाम के लिए लेसा की ओर से महज तहरीर दी जा रही है।

ट्रांसफॉर्मरों के तेल के साथ अन्य कीमती उपकरणों के चोरी होने से संबंधित इलाकों में कई घंटों तक बिजली संकट झेलना पड़ रहा है। लेसा की ओर से न अभी तक बिजली संकट से जूझने वाले उपभोक्ताओं के हित में कोई पहल की गई है और न ही घटनाओं की रोकथाम की दिशा में। इस कारण ऐसी घटनाओं की संख्या तेजी से बढ़ती जा रही है। इसके अलावा 27 दिसंबर को तालकटोरा क्षेत्र में उपकेंद्र परिसर में रखा एबीसी केबल चोरी हो गया था। इसका विडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल है।

AI Image



### कब-कब हुई चोरी

- इंटीग्रल यूनिवर्सिटी उपकेंद्र से संचालित कैंडिवामऊ में 20 नवंबर को 250 केवी ट्रांसफॉर्मर चोरी हो गया। जेई की ओर से बीकेटी थाने में FIR दर्ज करवाई गई, लेकिन ट्रांसफॉर्मर अभी तक नहीं मिला है।
- 31 दिसंबर को दुबग्गा उपखंड के एफसीआई उपकेंद्र से संचालित 250 केवी ट्रांसफॉर्मर को गिराकर तेल और कीमती धातु निकाल ली गई। इस कारण 17 घंटे बिजली गुल रही। जेई ने थाने में तहरीर देने के बाद सीयूजी नंबर स्विचऑफ कर लिया।
- 28 दिसंबर को सरोसा भरोसा उपकेंद्र से संचालित कबीर नगर योजना में लगा 250 केवी ट्रांसफॉर्मर चोरी हो गया। उपभोक्ता करीब 15 घंटे तक बिजली संकट से जूझते रहे। अगले दिन क्षतिग्रस्त ट्रांसफॉर्मर पास के एक खाली प्लाट में मिला।

> चोरी की घटनाओं पर रोकथाम के लिए गुरुवार को बैठक की गई। लेसा के अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि नाइट पट्रोलिंग अनिवार्य रूप से की जाए। लोगों की शिकायत पर शटडाउन लेने की जगह जांच-पड़ताल के बाद ही शटडाउन लिया जाए, ताकि चोरी की घटनाएं रुक सकें।
> - योगेश कुमार, निदेशक वाणिज्य

# अवैध सब्जी मंडी हटाने को नगर निगम ने मांगी फोर्स



■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ: गोमती नगर के विराम खंड में लगने वाली अवैध सब्जी मंडी को हटाने के लिए नगर निगम ने तैयारी शुरू कर दी है। जोन-4 की जोनल अफसर शिल्पा कुमारी ने पुलिस फोर्स मुहैया करवाने के लिए बुधवार को विभूतिखंड पुलिस को पत्र लिखा है। पुलिस बल मिलने के बाद मंडी हटाने के साथ अवैध निर्माण को भी तोड़ा जाएगा। सड़क पर गंदगी फैलाने वालों के खिलाफ जुर्माना भी लगाया जाएगा। जोनल अफसर का कहना है कि टैक्स सुपरिंटेंडेंट को कार्रवाई के लिए सभी तैयारी पूरी करने का निर्देश दिया गया है। कार्रवाई के दौरान नगर निगम की ईटीएफ टीम भी मौजूद रहेगी।

दरअसल, विराम खंड रेलवे लाइन के किनारे एलडीए ने एक कमर्शल योजना विकसित की थी। यहां बड़े शॉपिंग मॉल से लेकर हॉस्पिटल तक बनाए गए हैं, लेकिन इस पूरे इलाके में अवैध वसूली के बल पर संचालित सब्जी मंडी के कारण कोई भी कॉम्प्लेक्स मालिक अपना कारोबार नहीं कर पाया। सब्जी मंडी के कारण सड़क से लेकर प्लॉट्स तक पर अवैध कब्जे हो गए हैं, जबकि डिवाइडर पर भी सब्जी की दुकानें लग रही हैं। सब्जी बेचने के लिए बाराबंकी तक से लोग पहुंच रहे हैं। इस कारण पूरे इलाके में ट्रैफिक जाम और गंदगी की समस्या रहती है और छुट्टा पशुओं का भी सड़क पर जमावड़ा रहता है। वहीं, पुलिस पर अवैध वसूली के आरोप लग रहे हैं। इस समस्या को NBT ने बुधवार के अंक में प्रमुखता से प्रकाशित किया। इसके बाद नगर निगम ने कार्रवाई की बात कही है।

**खाली प्लॉट मालिकों को एलडीए देगा नोटिस:** विराम खंड में उन प्लॉट मालिकों को एलडीए की ओर से नोटिस जारी किया जाएगा, जिनकी जमीन पर अवैध मंडी लग रही है। एलडीए जल्द इन प्लॉट मालिकों को चिह्नित करेगा। एलडीए सचिव की ओर जोनल अफसर से रिपोर्ट मांगी गई है।





> जोनल अफसर ने विभूतिखंड पुलिस को लिखा पत्र

NBT फॉलोअप

### अवैध गैराज के खिलाफ हुई कार्रवाई

हजरतगंज और लालबाग में बीते मंगलवार को सड़क पर कब्जा कर गैराज चलाने वाले दुकानदारों को मेयर ने अभियान चलाकर चेतावनी दी गई थी। इसके बावजूद मनमानी करने पर नगर निगम जोन-1 की टीम ने बुधवार को हजरतगंज और लालबाग इलाके में अभियान चलाकर दुकानदारों पर कार्रवाई की। टीम ने सड़क पर गैराज चलाने वालों का चालान कर 12 गाड़ियों को सीज कर लिया। जोनल अफसर ओपी सिंह ने बताया कि नॉवेल्टी चौराहे से नूर मंजिल, बालकदर रोड, वाल्मीकि रोड तक अभियान चलाया गया।

# छंटाई के नाम पर काटे पेड़



■ NBT न्यूज, लखनऊ: गोमती नगर के विकल्प खंड-3 स्थित पार्क में छंटाई के नाम पर पेड़ काटने का मामला सामने आया है। स्थानीय नागरिकों का आरोप है कि करीब दो साल पहले छंटाई के नाम पर पेड़ों को जड़ तक काट दिया गया था, जिससे अब वहां सिर्फ एक से डेढ़ मीटर के ठूंठ (तना) ही बचे हैं। इसके बावजूद, गुरुवार को एक बार फिर नगर निगम की टीम छंटाई के नाम पर वहां पहुंच गई। निवासियों का कहना है कि तनों से जो नई कोंपलें निकल रही हैं, उन्हें भी तोड़ा जा रहा है। आरोप है कि कॉलोनी के ही कुछ असामाजिक तत्व पार्क में इस महीने होने वाले प्रस्तावित कार्यक्रम के लिए इन तनों को भी हटवाना चाहते हैं। नगर निगम उद्यान विभाग (जोन-4) के सुपरवाइजर राजन वर्मा ने बताया कि टीम मौके पर गई थी, किसी भी पेड़ को बिना वजह कटने नहीं दिया जाएगा। वहीं पेपर मिल कॉलोनी के नेहरू एन्क्लेव में भी छंटाई के दौरान एक पूरा पेड़ काटने का मामला सामने आया है।

# 'नेता तो बन जाएंगे इंसान बनना मुश्किल'

■ NBT न्यूज, लखनऊ: सरदार पटेल सामाजिक, साहित्यिक उत्थान संगठन द्वारा गुरुवार को हिंदी संस्थान के निराला सभागार में अखिल भारतीय कवि सम्मेलन एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पातीराम गैंगवार को समाज सेवा के लिए पं. जगत मोहन शुक्ला समाज सेवा सम्मान से सम्मानित किया गया। बाराबंकी से आए कवि डॉ. ओपी वर्मा 'ओम' ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। डॉ. निशा सिंह नवल की गजल 'मुश्किल, नेता, अफसर तो बन जाएंगे, पर सब कोई इंसान बनना मुश्किल है' ने माहौल में चार चांद लगा दिए। कार्यक्रम में अनिल वर्मा, धीरेंद्र मोहन कटियार उपस्थित रहे।

# रंगकर्मियों ने सफदर हाशमी को किया नमन

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ: संस्कृतिकर्मी, लेखक व नाटककार सफदर हाशमी और रामबहादुर नेपाली की पुण्यतिथि पर गुरुवार को आलमबाग के सवारी माल डिब्बा कारखाना में नुक्कड़ नाटक का आयोजन हुआ। अमुक आर्टिस्ट ग्रुप और उत्तरीय रेलवे मजदूर यूनियन की ओर से हुए कार्यक्रम में जनगीतों पर प्रस्तुति दी गई। अमुक आर्टिस्ट ग्रुप के मुखिया संस्कृतिकर्मी अनिल मिश्र के निर्देशन, परिकल्पना लेखन में 'हम क्रांति करेंगे' का मंचन हुआ। जिसमें शशांक पांडेय, अनामिका सिंह, शोभित राजपूत, राहुल प्रताप सिंह और ज्योति ने अभिनय किया। इस दौरान उत्तरीय रेलवे मजदूर यूनियन के शाखा मंत्री अरविंद सिंह, शाखा अध्यक्ष दिनेश यादव, शाखा उपाध्यक्ष अभिनीत कुमार जैन, जूनियर इंजि. राम अवतार सिंह, नितेंद्र कुमार वर्मा, राजवीर राज, नाट्य निर्देशक धरमश्री सिंह मौजूद रहे।

# नौ घंटे देर से पहुंची तेजस, 20 विमान भी हुए लेट

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ: कोहरे की वजह से लेटलतीफी के रेकॉर्ड बना रही वीआईपी ट्रेनों की लेटलतीफी गुरुवार को मौसम में सुधार होने के बाद भी जारी रही। दो दिन कैंसल रहने के बाद गुरुवार को 82501 लखनऊ-नई दिल्ली तेजस 8:40 घंटा, 82502 नई दिल्ली-लखनऊ तेजस एक्सप्रेस 8:55 घंटा और 12004 शताब्दी एक्सप्रेस 1:48 घंटा लेट रही।

इसके अलावा 12180 आगरा-लखनऊ इंटरसिटी 6:10 घंटा, 13240 कोटा-पटना एक्सप्रेस 7:44 घंटा, 14866 मरुधर एक्सप्रेस 3:54 घंटा, 12226 कैफियात एक्सप्रेस 6:37 घंटा, 15566 वैशाली एक्सप्रेस 5:50 घंटा, 15734 फरक्का एक्सप्रेस 7:07 घंटा और 12556 गोरखधाम एक्सप्रेस 12:26 घंटा लेट हुईं। वहीं, विमानों में आईएक्स-198 दुबई-लखनऊ 1:22 घंटा, ओवी-705 मस्कट-लखनऊ 1:12 घंटा, आईएक्स-1026 मुंबई-लखनऊ 27 मिनट, एक्सवाई-333 रियाद-लखनऊ 5:04 घंटा, एसजी-228 झारसुगुड़ा-लखनऊ 42 मिनट, आईएक्स-1058 दिल्ली-लखनऊ 2:58 घंटा, ओवी 706 लखनऊ-मस्कट 1:11 घंटा, आईएक्स 2918 लखनऊ-बेंगलुरु 1:05 घंटा, एक्सवाई-334 लखनऊ-रियाद 5:14 घंटा की देरी उड़ान भर सके। कुल 20 विमान देरी का शिकार हुए।

> मौसम में सुधार के साथ कैंसलेशन खत्म, लेकिन लेटलतीफी जारी

AI Image



# एलयू के प्रफेसर जयशंकर जेन-जी पर करेंगे अध्ययन

■ NBT न्यूज, लखनऊ: लखनऊ विश्वविद्यालय के समाजशास्त्र विभाग में शिक्षक प्रफेसर जयशंकर पांडेय जनरेशन जेड (जेन-जी) पर अध्ययन करेंगे। इसके लिए उनको इंडियन काउंसिल ऑफ सोशल साइंस रिसर्च (आईसीएसएसआर) की ओर से मेजर रिसर्च प्रोजेक्ट ग्रांट प्रदान किया गया है। इस परियोजना के लिए उन्हें 30 लाख की अनुदान राशि स्वीकृत हुई है। यह परियोजना जेन जी और भारतीय परिवार में बदलाव: भारत के चार महानगरों का एक समाजशास्त्रीय अध्ययन शीर्षक से स्वीकृत हुई है। प्रोफेसर पाण्डेय को परियोजना का प्रोजेक्ट डायरेक्टर और सह-प्रोजेक्ट इन्वेस्टिगेटर के रूप में डॉ. सुषमा मिश्रा और डॉ. आदित्य मोहंती जुड़े हैं।

**एकेटीयू** आर्किटेक्चर के साथ प्लानिंग में पढ़ाई और पीएचडी कर सकेंगे छात्र, अकैडमिक काउंसिल में मिली मंजूरी

# आर्किटेक्चर कॉलेज में बनेगा यूपी का पहला प्लानिंग संकाय

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ: एकेटीयू के फैकल्टी ऑफ आर्किटेक्चर कॉलेज में अब प्लानिंग संकाय का भी गठन किया जाएगा। यह प्रदेश का पहला कॉलेज है जहां इसकी शुरुआत होने जा रही है। यहां पर आर्किटेक्चर के साथ प्लानिंग में भी पाठ्यक्रम संचालित किये जाते हैं। संकाय बनने के बाद अब यहां प्लानिंग में शोध भी हो सकेगा। एकेटीयू की अकैडमिक काउंसिल की बैठक में इसे पास कर दिया गया है। इसी के साथ यह प्रदेश का पहला कॉलेज है जहां प्लानिंग का संकाय स्थापित किया जा रहा है। अब तक शहर के किसी दूसरे विश्वविद्यालय में भी इसका संकाय नहीं है।

आर्किटेक्चर कॉलेज की डीन प्रो. वंदना सहगल ने बताया कि मौजूदा समय में प्लानिंग की डिमांड आर्किटेक्चर से ज्यादा है। इंफ्रास्ट्रक्चर से लेकर हर क्षेत्र में प्लानिंग की डिमांड है लेकिन एक्सपर्ट बहुत ही कम है। यही वजह है कि प्लानिंग में हमारे दो पीजी कोर्सों में सबसे ज्यादा दाखिले की होड़ रहती है। इसी को ध्यान में रखते हुए हमने इसका अलग संकाय बनाने का निर्णय लिया है। इससे कॉलेज का विकास हो सकेगा और प्लानिंग में और अधिक पाठ्यक्रम विकसित किये जा सकेगा। इसके अलावा अभी सेल्फफाइनेंस पाठ्यक्रम ही प्लानिंग में संचालित हो रही है जल्द ही इन्हें भी रेगुलर किया जाएगा। इससे पाठ्यक्रमों की गुणवत्ता भी बेहतर हो सकेगा।

AI Image



### शुरू होगी प्लानिंग में पीएचडी

डॉ. वंदना सहगल ने बताया कि हम प्लानिंग में पीएचडी प्रोग्राम भी शुरू करने जा रहे हैं। इसे भी अकैडमिक काउंसिल से मंजूरी दे दी गई है। पीजी करने के बाद अभी छात्र अगर प्लानिंग में पीएचडी करना चाहे तो वह नहीं कर सकते हैं। आर्किटेक्चर के अलावा नियोजिती के छात्रों को भी इसमें दाखिला दिया जाता है। लेकिन यह पीजी तक ही सीमित है। फैकल्टी बनने के बाद यहां शिक्षकों की डिमांड भी बढ़ेगी तो इसके लिए प्लानिंग में विशेषज्ञों की जरूरत है। इसी को ध्यान में रखते हुए पीएचडी प्रोग्राम शुरू किया जा रहा है ताकि पीजी के बाद छात्र यहीं से पीएचडी कर प्लानिंग में आगे करियर बना सकें और अकैडमिक्स में भी जा सकें।

### ये पाठ्यक्रम चल रहे हैं प्लानिंग में

आर्किटेक्चर कॉलेज में प्लानिंग में अभी 2 पीजी पाठ्यक्रम चल रहे हैं। इसमें मास्टर ऑफ प्लानिंग इन अर्बन ऐंड रीजनल प्लानिंग और मास्टर ऑफ इंफ्रास्ट्रक्चर प्लानिंग ऐंड मैनेजमेंट शामिल है। दोनों ही पाठ्यक्रमों में 20-20 सीटों पर दाखिले लिये जाते हैं। इसके अलावा मास्टर ऑफ आर्किटेक्चर पाठ्यक्रम संचालित किया जाता है।

# बीबीएयू में रिसर्च केस राइटिंग पर दी जानकारी

■ NBT न्यूज, लखनऊ: बाबासाहेब भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय में खाद्य एवं पोषण विभाग, गृह विज्ञान विद्यापीठ की ओर से 'रिसर्च केस राइटिंग' विषय पर दो दिवसीय कार्यशाला का शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम में कार्यशाला विशेषज्ञ प्रो. (डॉ.) मनोज जोशी ने रिसर्च केस की अवधारणा, शिक्षण केस एवं रिसर्च केस के बीच अंतर तथा उद्यमशील दृष्टिकोण के माध्यम से शोध परिणामों को सुदृढ़ करने में केस राइटिंग की भूमिका को स्पष्ट किया। साथ ही उन्होंने प्रतिभागियों को एक सुव्यवस्थित केस की संरचना जैसे समस्या की पहचान, संदर्भ निर्माण, डेटा एकीकरण एवं विश्लेषणात्मक ढांचे से अवगत कराया। कुलपति प्रो. आरके मित्तल ने कार्यशाला की सराहना करते हुए इसे छात्रों के हित में उपयोगी बताया। मौके पर प्रो. मनोज जोशी, संकायाध्यक्ष प्रो. यूवी किरण के साथ सभी शिक्षक, शोधार्थी एवं विद्यार्थी मौजूद रहे।

TIMES interact — To book your ad — Logon to: ads.timesofindia.com or Call: 18001205474 (Toll Free) — Scan QR Code

टेंडर और नोटिस

न्यायालय सूचना

सम्मन वाले कलहा रजू तनकीह तरह
आदेश 5, कायदा 1 व 5
अदालत न्यायालय अपर प्रधान न्यायाधीश पारिवारिक न्यायालय कक्ष सं0-7, लखनऊ।
मुकदमा- 475/2023
धारा-13(1. ia)
हिन्दू विवाह अधिनियम
अमित कुमार भारती ...बनाम... पूजा
अमित कुमार भारती, पुत्र ... हाल पता-निवासी 567/185 आनंद नगर ... आलमबाग लखनऊ। ....वादी
बनाम
पूजा, पत्नी अमित ... हमीरपुर उत्तर प्रदेश। हाल पता- 567/185 आनंद नगर ... आलमबाग लखनऊ। ...प्रतिवादी
हरगाह वादी ने आपके नाम एक नालिश बाबत- धारा-13(1.ia) हिन्दू विवाह अधिनियम के दायर की है लिहाजा आपको हुक्म होता है कि आप तारीख 06/01/2026 ई0 बवक्त 10 बजे दिन के असालतन या ... वकील के जो मुकदमा के हालात से बखूबी वाकिफ किया गया हो ... हाजिर हो और जवाबदेही दावा करें ... आपको इत्तिला दी जाती है कि बसूरत गैरहाजिरी आपके मुकदमा बगैर हाजिरी आपके मुनफसल फैसला होगा। बसब्त मेरे हस्ताक्षर और मुहर अदालत व आज तारीख ... माह ... सन् ...ई0 को जारी किया गया। ...मुहर अदालत

TO GROW YOUR BUSINESS
PLEASE CALL US
LUCKNOW: Kuldeep Tiwari - 9044122662, Anurag Nautiyal - 8840945902
KANPUR: Anoop Dixit - 7860802468
ALLAHABAD: Amit Srivastava - 9044075051
VARANASI: Nitesh Arora - 9559983838
GORAKHPUR: Chandrasekhar Sinha 9415019274
WE OFFER ADVERTISING SOLUTIONS IN Print Radio Digital

THE TIMES OF INDIA
Readers are recommended to make appropriate enquires and seek appropriate advice before sending money, incurring any expenses, acting on medical recommendations or entering into any commitment in relation to any advertisement published in this publication. All creatives marked as Advertorial, Spotlight and Promotional Features are to be treated as Advertisements. The Times of India Group doesn't vouch for any claims made by the Advertisers of the products and services. The Printer, Publisher, Editor, and the owners of The Times of India Group publications shall not be held liable for any consequences, in the event such claims are not honoured by the Advertisers.

BUSINESS SOLUTIONS
FOR SALE
Operating Gas Engines with Power Generation Capacity of 26 MW along with evacuation facility in about 8 acres with Land, building and structure along with adjacent Industrial land is
AVAILABLE FOR SALE
Serious buyers contact in the
email id: jitpaul0126@gmail.com

TIMES interact
ADMISSION OPEN 2021-22 LL.B. B.Sc. ABC COLLEGE
CATEGORY » EDUCATION
Publication: TOIL+KNP+ TOILC+ALLVAR+ ETL+NBTL+EDPL
ROL sample ad 5 lines
CD Sample ad 5 cm x 3 cm

| Scheme | Cost ROL | Cost CD |
|---|---|---|
| 1 | ₹1,400 | ₹6,225 |
| 4+1 | ₹5,600 | ₹24,900 |
| 7+2 | ₹9,800 | ₹43,575 |
| 10+3 | ₹14,000 | ₹62,250 |
| 19+6 | ₹26,600 | ₹1,18,275 |
| 25+8 | ₹35,000 | ₹1,55,625 |

Above packages are excluded of GST
ROL COST is for 5 lines, extra line 20%
CD Cost on minimum size - 3 x 5 cm
Contact:
LUCKNOW: Kuldeep Tiwari - 9044122662
Anurag Nautiyal - 8840945902
KANPUR: Anoop Dixit - 7860802468
ALLAHABAD: Amit Kumar Srivastava - 9044075051
VARANASI: Nitesh Arora - 9559983838
GORAKHPUR: Chandrasekhar Sinha 9415019274

TIMES TRIBUTE — PAYING HOMAGE TO THE DEPARTED SOUL — To book your ad — Logon to: ads.timesofindia.com or Call: 18001205474 (Toll Free) — Scan QR Code

प्रेम से याद करते हुए



श्री पी.एन.पाण्डेय

अत्यंत दुःख के साथ सूचित किया जाता है कि हमारे पूज्य पिता स्वर्गीय श्री प्रेम नारायण पाण्डेय, सुपुत्र स्व. श्री भुवनेश्वर प्रकार पाण्डेय का स्वर्गवास दिनांक 21 दिसम्बर 2025 को हो गया है। यद्यपि वे अब शारीरिक रूप से हमारे बीच उपस्थित नहीं हैं, परंतु उनकी उदारता, सिद्धांतों और जीवन मूल्यों की विरासत आने वाली पीढ़ियों को सदैव प्रेरित करती रहेगी।
शोकाकुल परिवार
सीरेन्द्र पाण्डेय, विनोद पाण्डेय, अनिल पाण्डेय एवं समस्त पाण्डेय परिवार

BOOK OBITUARY ADS
To book an Obituary Ad Please contact:
Kuldeep Tiwari 9044122662 | Anurag Nautiyal 8840945902
TO BOOK ONLINE LOG ON TO
Ads.timesofindia.com
EXCLUSIVE OFFERS AND ASSISTANCE
SCAN TO BOOK

# CM की तारीफ भी नहीं संभाल पाया परिवहन विभाग

## 'राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह' के पहले ही दिन निष्क्रिय रहे अफसर, जागरूकता संबंधी एक पोस्ट तक नहीं

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ: परिवहन विभाग अपने उस अभियान के प्रति भी ठंडा पड़ गया है, जिसकी तारीफ खुद सीएम योगी आदित्यनाथ ने की थी। एक से 31 जनवरी तक परिवहन विभाग की अगुआई में 'राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह' का दूसरा चरण चलाया जाना है। इसका विस्तृत शेड्यूल भी जारी किया गया है। इसके तहत पहले परिवहन विभाग समेत सभी स्टेकहोल्डर को जन जागरूकता कार्यक्रम करने हैं। इसके लिए सोशल मीडिया का भी सहारा लेना है, लेकिन पहले ही दिन परिवहन विभाग निष्क्रिय रहा। जागरूकता कार्यक्रम तो दूर सुबह से देर शाम तक विभाग के X हैंडल से जागरूकता संबंधी एक पोस्ट तक नहीं किया गया। सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए पूर्व परिवहन आयुक्त चंद्रभूषण सिंह ने कई अभियान चलाए थे। इनमें एक अभियान 'नो हेलमेट, नो फ्यूल' भी था। 6 नवंबर, 2025 को मुख्यमंत्री ने एक कार्यक्रम में इस अभियान की खूब तारीफ की थी। उन्होंने कहा था कि सड़क सुरक्षा को लेकर केंद्र सरकार और सुप्रीम कोर्ट भी चिंता जता चुके हैं। यह हमारी प्राथमिकता में होना चाहिए। इसी क्रम में शासन की ओर से 1 से 31 जनवरी तक सड़क सुरक्षा अभियान चलाया जाना है। अभियान का पहला दिन जनजागरूकता को समर्पित था, लेकिन जनजागरूकता संबंधी एक भी सोशल मीडिया पोस्ट नहीं की गई।

31 तक चलना है 'राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह' का दूसरा चरण



लंबे समय से जागरूकता संबंधी पोस्ट नहीं की गई।

### नेतृत्व बदलते ही अभियान सुस्त

पूर्व परिवहन आयुक्त ब्रजेश नारायण सिंह ने अपने छोटे कार्यकाल में कई अभियान शुरू किए थे। सितंबर में उनके तबादले के बाद परिवहन आयुक्त के रूप में किंजल सिंह ने कार्यभार संभाला। इसके बाद से विभाग के सभी अभियान सुस्त हैं। इसकी बड़ी वजह एसटीएफ की कार्रवाई भी है। एसटीएफ ने ओवरलोडिंग मामले में आरटीओ के कई अफसरों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। इस कारण नो हेलमेट, नो फ्यूल, डग्गामार के खिलाफ चेकिंग अभियान, बिना मानकों के दौड़ रहे स्कूली वाहनों के खिलाफ अभियान, अनफिट गाड़ियों की चेकिंग समेत सारे अभियान ठप हैं। यह हाल सिर्फ लखनऊ नहीं बल्कि प्रदेश के अधिकतर जिलों में है। इसके अलावा परिवहन विभाग लगातार विवादों में भी है। अधिकारियों ने खुद ही विभाग में भ्रष्टाचार की पुष्टि करते हुए पत्र तक लिखे हैं।

### डेढ़ महीने से एक भी पोस्ट नहीं

कभी सोशल मीडिया पर परिवहन विभाग सबसे ज्यादा ऐक्टिव रहता था। जनजागरूकता के साथ अफसर परिवहन विभाग की सेवाओं से जुड़ी जानकारियां, उनके उपयोग के तरीकों से संबंधित वीडियो बनाकर डालते थे। अब स्थिति यह है कि 18 नवंबर, 2025 के बाद से परिवहन विभाग की ओर से X हैंडल पर एक भी पोस्ट नहीं किया गया है।

### डरावने हैं दुर्घटनाओं के आंकड़े

शासन ने प्रदेश में सड़क दुर्घटनाओं की संख्या में 50% की कमी का लक्ष्य रखा है, लेकिन नए आंकड़ों ने चिंता बढ़ा दी है। 2024 के आंकड़ों के अनुसार उत्तर प्रदेश में प्रतिदिन औसतन 126 दुर्घटनाएं और 66 मौतें हुई हैं। 2025 में नवंबर तक के आंकड़ों को देखें तो प्रतिदिन 74 मौतें दुर्घटनाओं में हुई हैं।

## फटाफट खबरें

### केजीएमयू : कल शुरू होंगे दो रैन बसेरे

■ NBT न्यूज, लखनऊ: केजीएमयू आने वाले मरीजों और तीमारदारों को ठंड से राहत देने के लिए शनिवार को दो रैन बसेरे शुरू कर दिए जाएंगे। इनमें एक रैन बसेरा 75 बेड और दूसरा 150 बेड का है। केजीएमयू के प्रवक्ता डॉ. के.के. सिंह ने बताया कि रैन बसेरों का उद्घाटन कुलपति प्रो. सोनिया नित्यानंद करेंगी। डेंटल विंग के पीछे स्थित 75 बेड के अटल बिहारी वाजपेई रैन बसेरे की मरम्मत गुरुवार को पूरी कर ली गई। इसे आधुनिक सुविधाओं के साथ तैयार किया गया है। शताब्दी फेज-1 के बगल में पीआरए बिल्डिंग में 150 बेड का रैन बसेरा भी शनिवार को शुरू होगा। सभी बेड पर कंबल सहित अन्य आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध करवाई जाएंगी।

### छावनी में बनेगा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स



■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ : छावनी में मल्टी यूटिलिटी स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स बनेगा। दिलकुशा गार्डन के पास दस करोड़ रुपये की लागत से बनने वाले कॉम्प्लेक्स के निर्माण में एचएएल सहयोग करेगा। इसको लेकर गुरुवार को एचएएल और छावनी परिषद के बीच एमओयू भी हुआ। छावनी परिषद की ओर से मुख्य अधिशासी अधिकारी अभिषेक राठौर और एचएएल की ओर से जनरल मैनेजर केके भट्ट ने मल्टी यूटिलिटी स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स के संबंध में एमओयू पर साइन किया। इस कॉम्प्लेक्स में बैडमिंटन कोर्ट, बॉक्सिंग एरीना, पिकलबाल कोर्ट, टेबल टेनिस कोर्ट समेत अन्य सुविधाएं होंगी। मौके पर एचएएल से जनरल मैनेजर, एचआर एसएस चंदेल और सीएसआर कमिटी के मेंबर, छावनी परिषद की ओर से सत्येन्द्र कुमार सिंह, योगेश और मनीष मौजूद रहे।

### चंदन अस्पताल ने गबन की FIR करवाई

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ: विभूतिखंड इलाके में मौजूद चंदन अस्पताल में प्रबंधकीय पद पर कार्यरत रहे एक व्यक्ति समेत दो लोगों पर 31.33 लाख रुपये के गबन का आरोप लगा है। शिकायत पर अस्पताल प्रबंधन ने ऑडिट करवाया तो फर्जीवाड़ा सामने आया। अस्पताल प्रबंधन के आलोक सिंह की तहरीर पर विभूतिखंड थाने में इसकी FIR दर्ज की गई है। FIR में प्रबंधकीय पद पर कार्यरत अरुण कुमार चौधरी और पंकज कुमार मौर्य को नामजद किया गया है।

### सीनियर सिटीजन को मिला प्रिविलेज कार्ड

■ NBT न्यूज, लखनऊ : नववर्ष के मौके पर गुरुवार को लुलु हाइपरमार्केट ने अपने नियमित वरिष्ठ नागरिक ग्राहकों के सम्मान में एक विशेष पहल की। इस मौके पर लुलु हाइपरमार्केट में लंबे समय से नियमित खरीदारी करने वाले वरिष्ठ नागरिकों को 'सीनियर सिटीजन प्रिविलेज कार्ड' वितरित किए गए। यह कार्ड वरिष्ठ नागरिक ग्राहकों के प्रति सम्मान और कृतज्ञता व्यक्त करने के उद्देश्य से प्रदान किए गए हैं, ताकि उनके साथ भावनात्मक जुड़ाव को और मजबूत किया जा सके। नववर्ष के उपलक्ष्य में वरिष्ठ नागरिकों के एक समूह के साथ विशेष कार्यक्रम का आयोजन भी किया गया, जिसमें उनके अनुभवों और समाज में दिए गए योगदान की सराहना की गई। लुलु हाइपरमार्केट के जनरल मैनेजर सुनील शर्मा ने कहा कि वरिष्ठ नागरिक समाज की नींव हैं और उनका सम्मान लुलु हाइपरमार्केट की प्राथमिकता है। उन्होंने बताया कि यह प्रिविलेज कार्ड लुलु हाइपरमार्केट, लुलु फैशन स्टोर और लुलु कनेक्ट डिविजन में मान्य रहेगा।

### जबरन गर्भपात का आरोप, रिपोर्ट दर्ज

■ NBT न्यूज, बंथरा : बंथरा के गढ़ी चुनौटी निवासी मुस्कान मिश्रा ने पति मोहित, सास मनीषा, ननद मोनिका और ममता के खिलाफ दहेज उत्पीड़न व जबरन गर्भपात कराने का आरोप लगाकर रिपोर्ट दर्ज कराई है। मुस्कान का विवाह 25 मई 2025 को हुआ था। आरोप है कि कम दहेज को लेकर मारपीट की गई और दो लाख रुपये व बाइक की मांग की गई। समझौते के बाद भी प्रताड़ना जारी रही और 8 अगस्त को दवा खिलाकर गर्भपात कराया गया। इसके बाद चारबाग पर छोड़ दिया गया। शिकायत पर मुख्यमंत्री कार्यालय के निर्देश पर पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### मकान के फर्जीवाड़े में एक और गिरफ्तारी

■ NBT न्यूज, बिजनौर: बिजनौर पुलिस ने महिला का मकान धोखाधड़ी से बेचने के आरोप में वांछित चल रहे एक युवक को गिरफ्तार कर लिया है।
पुलिस के मुताबिक राजाजीपुरम निवासी महिला विवेशिका अवस्थी ने बीती 10 अगस्त को बिजनौर थाने में रिपोर्ट दर्ज करवाई थी। इसमें कहा गया था कि आराधना उद्यान निवासी सचिन सचदेवा, अमित सचदेवा और एलडीए कॉलोनी निवासी अतुल अवस्थी और एक महिला ने मिलीभगत कर उसका आशियाना के रक्षा खंड, शारदा नगर स्थित मकान फर्जी तरीके से बेच दिया। इसकी रजिस्ट्री 30 अप्रैल 2025 को बिजनौर थानाक्षेत्र स्थित सरोजनीनगर उपनिबंधक कार्यालय में करवाई गई थी। जांच में मोहनलालगंज के केसरी खेड़ा, कुढ़ा निवासी महिला नीतू सिंह की भी मिलीभगत मिली। घटना के बाद से सभी आरोपित फरार हो गए। पुलिस फरार आरोपितों की तलाश कर रही थी। तभी मोबाइल लोकेशन के आधार पर पुलिस ने घटना में शामिल राजाजीपुरम निवासी अतुल कुमार अवस्थी को बुधवार को ऊंचाहार स्थित बटोही ढाबा से धर दबोचा।

### सोलर लगाने के नाम पर 80 हजार ठगे

■ NBT न्यूज गोसाईंगंज : सुशांत गोल्फ सिटी क्षेत्र में स्थित एक निर्माणाधीन मकान पर सोलर पैनल लगाने के नाम पर ठगों द्वारा 80 हजार हड़प लेने की शिकायत पुलिस से की गई है। मूल रूप से मकान नंबर 8/155 इन्दिरा नगर लखनऊ हाल पता मकान नंबर G-01/02, G-ब्लॉक एमार गोमती ग्रीन्स निकट पुलिस मुख्यालय गोमतीनगर विस्तार के अनुसार उन्होंने एमार गोमती ग्रीन्स स्थित अपने निर्माणाधीन भवन पर सोलर पैनल लगाए जाने के लिए आमिर निवासी कल्याण अपार्टमेंट थाना गाजीपुर से बात की थी। जिसने उनके पति सतीश कुमार यादव को विकास नगर के कुशकान्त तिवारी उर्फ अनिकेत से मिलवाया। आमिर ने बताया कि अनिकेत हमारे सीनियर हैं तथा AGS इंडस्ट्रीज के नाम से हमारी फर्म है। जिसके बाद उन दोनों ने 28 अक्टूबर 2022 में पीड़िता के नाम से UPNEDA की सरकारी वेब साइट पर सोलर पैनल के आवेदन हेतु पंजीकरण कराने के नाम पर कुछ दस्तावेज व 25 हजार रुपये ले लिए। इसके बाद कुशकान्त तिवारी द्वारा विभिन्न तिथियों में पीड़िता से कुल 2 लाख 5 हजार रुपये ले लिए गए। पीड़िता ने पैसे वापस मांगने शुरू किए तो कुशकान्त 1 लाख 25 हजार रुपये वापस किए। 80 हजार रुपये अभी तक वापस नहीं किए।

### बाइक की टक्कर से शख्स की मौत

■ NBT न्यूज, गोसाईंगंज: गोसाईंगंज इलाके में लखनऊ-सुल्तानपुर रोड पर सड़क पार करते समय तेज रफ्तार बाइक की टक्कर से अमर सिंह (55) की मौत हो गई। वह प्रतापगढ़ के कंधई निवासी थे और दोस्तों के साथ डीसीएम से लखनऊ आए थे। खाना खाने के बाद सड़क पार करते समय हादसा हो गया। पुलिस ने उन्हें सीएचसी पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। साथी लोगों ने बाइक सवार को पकड़ कर पुलिस को सौंप दिया। आरोपित को हिरासत में लिया गया है।

### गेहूं से लदी डीसीएम पलटी

■ NBT न्यूज, माल : माल थाना क्षेत्र के तिवारी खेड़ा गांव के पास गेहूं से लदी तेज रफ्तार डीसीएम अनियंत्रित होकर पलट गई। हादसे में वाहन पर लदी गेहूं की बोरियां नहर किनारे तक बिखर गईं। ग्रामीणों ने मौके पर पहुंचकर चालक सहित अन्य लोगों को सुरक्षित बाहर निकाला। बताया गया कि डीसीएम यूपी32 ZN 0328 माल क्षेत्र से हरदोई के संडीला स्थित फ्लोर मिल गेहूं लेकर जा रही थी। मोड़ पर पहुंचते ही वाहन अनियंत्रित होकर पलट गया। सूचना पर पुलिस पहुंची और ट्रैफिक व्यवस्था दुरुस्त कराई।

# लखनऊ फाल्कन ने दर्ज की शानदार जीत, टेक्ट्रो भी जीता

## हेमवती नंदन बहुगुणा फुटबॉल टूर्नामेंट में मिलानी को 8-1 से हराया

सिटी स्पोर्ट्स


दिलकुशा ग्राउंड पर हेमवती नंदन बहुगुणा फुटबॉल टूर्नामेंट के मैच हुए।

■ NBT न्यूज, लखनऊ: दिलकुशा ग्राउंड पर गुरुवार को हेमवती नंदन बहुगुणा फुटबॉल टूर्नामेंट में मिलानी फुटबॉल क्लब के खिलाफ लखनऊ फाल्कन ने धमाकेदार जीत दर्ज की। लखनऊ ने मिलानी को 8-1 से शिकस्त दी और अगले दौर में प्रवेश किया। फाल्कन की ओर से अमन शर्मा ने तीसरे मिनट में ही गोल मारकर टीम को बढ़त दिलाई। इसके बाद फाल्कन ने गोल की झड़ी लगा दी।

टेक्ट्रो एफसी ने बिग बन् के खिलाफ 3-1 से जीत हासिल की

सानू ने नौवें व 19वें, अभिषेक ने 15 व 23वें, हर्ष ने 27वें, विपिन ने 28वें और देवेश ने 45वें मिनट में गोल दागे। मिलानी को एकमात्र सफलता मिली जिसमें 41वें मिनट में साथी खिलाड़ी के पास को लकी ने गोल में तब्दील कर दिया। इससे पहले टेक्ट्रो एफसी ने बिग बन् के खिलाफ 3-1 से जीत हासिल की। दिन का आखिरी मुकाबला न्यू बॉयज एफसी और एक्सेल अरीना के मध्य खेला गया। जीत का फैसला शूटआउट में हुआ। इसमें एक्सेल अरीना ने 4-1 से जीत हासिल की।

### नैशनल लेवल पर दम दिखाएंगे छह खिलाड़ी



■ NBT न्यूज, लखनऊ: केडी सिंह बाबू स्टेडियम के छह वेटलिफ्टिंग खिलाड़ी अब ऑल इंडिया लेवल पर अपना जलवा बिखेरेंगे। ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी वेटलिफ्टिंग चैंपियनशिप के लिए सभी खिलाड़ी गुरुवार को चंडीगढ़ रवाना हुए।

उप्रक्रीड़ाधिकारी अरविंद सिंह कुशवाहा ने बताया कि 25 से 30 दिसंबर तक चंडीगढ़ की पंजाब यूनिवर्सिटी में आयोजित नॉर्थ ईस्ट जोन वेटलिफ्टिंग महिला व पुरुष चैंपियनशिप में खिलाड़ियों ने बेहतरीन प्रदर्शन कर नैशनल लेवल चैंपियनशिप के लिए क्वॉलिफाई किया। केडी सिंह से 53 किग्रा में नेहा सिंह चौहान, 86 किग्रा में पूनम यादव व साक्षी केसरवानी, 65 किग्रा में प्रवीन कुमार, 110 किग्रा में राजकुमार मौर्य एवं 110 से अधिक किग्रा भारवर्ग में इकबाल चंद ने जगह बनाई।

### आर्यमन के शतक से सेंट एन्स जीता

■ NBT न्यूज, लखनऊ: कप्तान आर्यमन सिंह की धमाकेदार शतकीय पारी की बदौलत सेंट एन्स ने गुरुवार को गियर क्रिकेट क्लब को 231 रन से शिकस्त दे दी। सिद्धू क्रिकेट अकैडमी पर बीबीडी सी डिविजन लीग में सेंट एन्स क्रिकेट अकैडमी ने 38 ओवर में सात विकेट खोकर 293 रन बनाए। आर्यमन ने 96 गेंद में 12 चौके व 12 छक्के की मदद से 143 रन की शानदार पारी खेली। तन्मय तिवारी ने 64 रन जोड़े। जवाब में गियर क्रिकेट क्लब 62 रन पर सिमट गया। कुशाग्र कपूर ने चार और राज मिश्रा ने तीन विकेट लेकर गियर क्लब की पूरी टीम को 26.1 ओवर में समेट दिया। वहीं, डीडी गोसाईंगंज क्रिकेट ग्राउंड पर आरके सीनियर सेकंडरी क्रिकेट क्लब के 194 रनों के खिलाफ पैरामाउंट क्रिकेट क्लब ने चार विकेट पर 195 रन बनाकर छह विकेट से जीत हासिल की। पैरामाउंट से विष्णुकांत उपाध्याय ने 51 रन की बेहतरीन नाबाद पारी खेली। वहीं, प्लेयर ऑफ द मैच नीरज कुमार ने घातक गेंदबाजी करते हुए 5 और अरीब किदवई ने तीन विकेट झटके।

# चारबाग बस स्टेशन की घेराबंदी, जल्द थम सकता है संचालन

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ : चारबाग बस स्टेशन की घेराबंदी शुरू कर दी गई है। जल्द यहां से बसों का संचालन थम जाएगा। इन बसों को आलमबाग से संचालित किया जाएगा। पीपीपी मॉडल पर बस स्टेशन को बनाया जाना है। वर्तमान में सिर्फ एंट्री गेट को ही खोला गया है। इसके अलावा बाकी के हिस्सों में टिनशेड की दीवारें खड़ी कर दी गई हैं। इसकी वजह से दिक्कतें शुरू हो गई हैं। जल्द ही बसों की पूरी शिफ्टिंग कर दी जाएगी।

PPP मॉडल पर बनना है बस अड्डा

चारबाग बस स्टेशन शहर के प्रमुख स्टेशनों में से एक है। यहां से कई जिलों के बीच 24 घंटे बसों का संचालन होता है। रोजाना करीब 350 बसें आवागमन करती हैं। प्रतिदिन करीब 22 से 25 हजार लोग यात्रा करते हैं। बसों का संचालन कानपुर, रायबरेली, गोरखपुर, अयोध्या, फतेहपुर, मौरावां, उन्नाव, हैदरगढ़, अयोध्या, बहराइच, बलरामपुर, गोंडा जैसे प्रमुख शहरों तक होता है। सरकार की मंशा के अनुरूप यहां पर बस सुविधा के साथ ही वीआईपी लाउंज, कैफेटेरिया, फूड कोर्ट, शॉपिंग मॉल, वेटिंग एरिया, एस्केलेटर और लिफ्ट जैसी सुविधाएं विकसित की जाएंगी। पीपीपी मॉडल पर बनने वाले चारबाग बस स्टेशन का नक्शा पास हो गया है। इसकी बिल्डिंग की डिजाइन भी अप्रूव हो गई है। जल्द ही चारबाग में आधुनिक सुविधाओं से लैस छह मंजिला बस अड्डा आकार लेने लगेगा। अप्रैल में मिट्टी की टेस्टिंग का काम भी हो चुका है। वहीं अंडरग्राउंड मेट्रो की अड़चनें भी दूर कर ली गई हैं। चारबाग बस अड्डा 6,784 वर्गमीटर में बनेगा। इसके लिए 50 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे। लखनऊ में चारबाग के अलावा गोमतीनगर में बस अड्डा का काम शुरू हो गया है। अब दूसरे चरण में चारबाग में भी काम शुरू होगा। इसके अलावा अमौसी एयरपोर्ट को भी पीपीपी मॉडल पर बस स्टेशन बनाया जाना है।

# 13 विभूतियों को किया गया सम्मानित


विश्व मानव संघ द्वारा आयोजित कार्यक्रम में बच्चों को भी राजकीय जूनू अवॉर्ड मिला।

■ NBT न्यूज, लखनऊ: समाज सेवा, कला, चिकित्सा, पर्यटन एवं शैक्षिक विकास जैसे क्षेत्रों में योगदान देने वाली देश-विदेश की 13 हस्तियों को गुरुवार को सम्मान मिला। विश्व मानव संघ की ओर से चारबाग स्थित एक होटल में सम्मान समारोह हुआ।
संघ द्वारा आयोजित 28 वां अंतरराष्ट्रीय जूनू अवॉर्ड 2026 में मुख्य अतिथि नरेश शंकर श्रीवास्तव, विशिष्ट अतिथि संतोष कुमार श्रीवास्तव और कवि अशोक कुमार मौजूद रहे। मौके पर अशोक कुमार की पुस्तक का विमोचन हुआ और बच्चों को भी राजकीय जूनू अवॉर्ड मिला। मुख्य अतिथि नरेश शंकर ने कहा कि किसी भी काम को सफलतापूर्वक करने के लिए उसमें जूनून होना आवश्यक है। विशिष्ट अतिथि डॉ. संतोष कुमार श्रीवास्तव ने कहा कि यदि हम स्वयं को संभाल लें तो बहुत-सी समस्याएं स्वतः सुलझ सकती हैं।
भारत से डॉ. धर्मेंद्र प्रताप सिंह, डॉ. विभा प्रकाश, नीलम रानी गुप्ता, निशी कुलश्रेष्ठ, कुमुद वर्मा, कालीशंकर श्रीवास्तव, शेख अनीसुद्दीन अलाउद्दीन को उर्दू शिक्षण और रितुश्री को समाज सेवा के लिए सम्मानित किया गया।

**कार्यालय कार्यपालन यंत्री**
**लोक निर्माण विभाग संभाग दतिया (म.प्र.)**
Phone No.7522-292210 Email Adress: eepwddatia@mp.nic.in

क्रमांक 2700/ टेण्डर / 2025-26 — **निविदा सूचना** — दिनांक: 26/12/2025

निम्नानुसार कार्य की निविदा NIT No 12/2025-26/Datia, Date 26-12-2025 वेबसाईट https://mptenders.gov.in/ पर आनलाईन आमंत्रित की जाती है।

| क्र. | टेण्डर आई डी | कार्य का नाम | लागत राशि (लाख में) | अमानत राशि | निविदा राशि | समयावधि /आर्मांत्रण |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2025_PWDRB_471039_1 | रतनगढ़ माता मंदिर पर विद्युतीकरण कार्य | 22.32 लाख | 44640.00 | 2000.00 | 3 माह वर्षाकाल सहित प्रथम |
| 2 | 2025_PWDRB_471082_1 | चीना दिगुंआ मार्ग निर्माण लंबाई 2.20 किमी | 131.83 लाख | 131830.00 | 12500.00 | 12 माह वर्षाकाल सहित प्रथम |
| 3 | 2025_PWDRB_471083_1 | उनाव मसाई मार्ग निर्माण निर्माण लंबाई 7.070 किमी | 149.70 लाख | 149700.00 | 12500.00 | 12 माह वर्षाकाल सहित प्रथम |

1. निविदा आनलाईन प्रस्तुत करने की अंतिम दिनांक 12.01.2026 समय 17.30 तक
2. निविदा दिनांक 14.01.2026 को खोली जावेगी।
3. समस्त दस्तावेज आनलाईन ही मान्य किये जावेंगे। निविदा प्रतिस्पर्धा में सफल ठेकेदार को आनलाइन दस्तावेजों के साथ प्रस्तुत मूल शपथ पत्र अनुबंध के समय देना अनिवार्य होगा।
4. अन्य जानकारी उपरोक्त वेबसाईट पर देखी जा सकती है।

''पॉक्सो है सुरक्षा का हथियार, बच्चों पर न करें अत्याचार''
G-23638/25
Sd/-
कार्यपालन यंत्री
लोक निर्माण विभाग संभाग
दतिया (म.प्र.)

**कार्यालय परियोजना प्रबन्धक, निर्माण एवं परिकल्प सेवायें, (विद्युत/यांत्रिक विंग), उ.प्र. जल निगम (नगरीय), आर-16, नेहरू इन्क्लेव गोमती नगर, लखनऊ (उ0प्र0 सरकार का उपक्रम)**
पत्रांक: 2507/6901/विविध -3/(25)/622
दिनांक 30.12.2025
**अल्पकालीन निविदा सूचना**
उ0प्र0 जल निगम की ओर से जनपद लखनऊ में 1 नग नलकूप पर पम्पिंग प्लान्ट की आपूर्ति एवं अधिष्ठापन, पिलर गार्ड एवं प्लेटफॉर्म के निर्माण तथा आर्मर्ड केबिल की आपूर्ति एवं डाले जाने के कार्य हेतु निविदाओं की बिक्री दिनांक 02.01.2026 से 08.01.2026 तक कार्यालय प्रोजेक्ट मैनेजर, निर्माण एवं परिकल्प सेवाऐं, वि0/यां0 विंग, उत्तर प्रदेश जल निगम (नगरीय), आर-16, नेहरू इन्क्लेव, गोमती नगर, लखनऊ एवं कार्यालय प्रोजेक्ट मैनेजर, निर्माण एवं परिकल्प सेवाऐं, वि0/यां0 विंग-द्वितीय, उत्तर प्रदेश जल निगम (नगरीय), 4/308, विनीत खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ से की जायेगी। निविदा प्रपत्र का मूल्य रु0 1000.00 + 18% जी.एस.टी. (1000.00+180.00=1180.00) है। निविदा के कार्यों का विस्तृत विवरण जल निगम की वेबसाइट WWW.UPJN.ORG से अथवा सम्बन्धित कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है।
निविदा सूचना-
निविदा विक्रय की तिथि - 02.01.2026 से 08.01.2026 अपराह्न 03:00 बजे तक।
निविदा डालने की तिथि - 09.01.2026 अपराह्न 03:00 बजे तक।
निविदा खोलने की तिथि - 12.01.2026 पूर्वाह्न 11:00 बजे तक।

**कार्यालय परियोजना प्रबन्धक, निर्माण एवं परिकल्प सेवायें, (विद्युत/यांत्रिक विंग), उ.प्र. जल निगम (नगरीय), आर-16, नेहरू इन्क्लेव गोमती नगर, लखनऊ (उ0प्र0 सरकार का उपक्रम)**
पत्रांक: 2505/6901/विविध-3/(25)/620
दिनांक 30.12.2025
**अल्पकालीन निविदा सूचना**
उ0प्र0 जल निगम की ओर से जनपद कानपुर में किसी नलकूप पर पी०-हैडिल की आपूर्ति कम्प्रेशर एवं ओ०पी० यूनिट का विकास कार्य हेतु निविदाओं की बिक्री दिनांक 02.01.2026 से 08.01.2026 तक कार्यालय प्रोजेक्ट मैनेजर, निर्माण एवं परिकल्प सेवाऐं, वि0/यां0 विंग, यूनिट उत्तर प्रदेश जल निगम (नगरीय), आर-16, नेहरू इन्क्लेव, गोमती नगर, लखनऊ एवं कार्यालय प्रोजेक्ट मैनेजर, निर्माण एवं परिकल्प सेवाऐं, वि0/यां0 विंग-द्वितीय, उत्तर प्रदेश जल निगम (नगरीय), 4/308, विनीत खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ से की जायेगी। निविदा प्रपत्र का मूल्य रु0 1000.00 + 18% जी.एस.टी. (1000.00+180.00=1180.00) है। निविदा के कार्यों का विस्तृत विवरण जल निगम की वेबसाइट WWW.UPJN.ORG से अथवा सम्बन्धित कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है।
निविदा सूचना-
निविदा विक्रय की तिथि - 02.01.2026 से 08.01.2026 अपराह्न 03:00 बजे तक।
निविदा डालने की तिथि - 09.01.2026 अपराह्न 03:00 बजे तक।
निविदा खोलने की तिथि - 12.01.2026 पूर्वाह्न 11:00 बजे तक।

**कार्यालय परियोजना प्रबन्धक, निर्माण एवं परिकल्प सेवायें, (विद्युत/यांत्रिक विंग), उ.प्र. जल निगम (नगरीय), आर-16, नेहरू इन्क्लेव गोमती नगर, लखनऊ (उ0प्र0 सरकार का उपक्रम)**
पत्रांक: 2506/6901/विविध-3/(25)/621
दिनांक 30.12.2025
**अल्पकालीन निविदा सूचना**
उ0प्र0 जल निगम की ओर से जनपद लखनऊ में 1 नग नलकूप पर पम्पिंग प्लान्ट की आपूर्ति एवं अधिष्ठापन, पिलर गार्ड एवं प्लेटफॉर्म के निर्माण तथा आर्मर्ड केबिल की आपूर्ति एवं डाले जाने के कार्य हेतु निविदाओं की बिक्री दिनांक 02.01.2026 से 08.01.2026 तक कार्यालय प्रोजेक्ट मैनेजर, निर्माण एवं परिकल्प सेवाऐं, वि0/यां0 विंग, उत्तर प्रदेश जल निगम (नगरीय), आर-16, नेहरू इन्क्लेव, गोमती नगर, लखनऊ एवं कार्यालय प्रोजेक्ट मैनेजर, निर्माण एवं परिकल्प सेवाऐं, वि0/यां0 विंग-द्वितीय, उत्तर प्रदेश जल निगम (नगरीय), 4/308, विनीत खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ से की जायेगी। निविदा प्रपत्र का मूल्य रु0 1000.00 + 18% जी.एस.टी. (1000.00+180.00=1180.00) है। निविदा के कार्यों का विस्तृत विवरण जल निगम की वेबसाइट WWW.UPJN.ORG से अथवा सम्बन्धित कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है।
निविदा सूचना-
निविदा विक्रय की तिथि - 02.01.2026 से 08.01.2026 अपराह्न 03:00 बजे तक।
निविदा डालने की तिथि - 09.01.2026 अपराह्न 03:00 बजे तक।
निविदा खोलने की तिथि - 12.01.2026 पूर्वाह्न 11:00 बजे तक।

**U.P. DEVELOPMENT SYSTEMS CORPORATION LTD.**
(U.P. Government Undertaking)
2nd Floor, UPTRON Building, Near Gomti Barrage, Gomti Nagar, Lucknow
**TENDER NOTICE**
Online e-bids are invited from reputed OEMs of Tablet PC for supply of 25,00,000 Tablet PCs under Swami Vivekanand Yuva Sashaktikaran Yojana. The GeM Bid has been published vide ref. no. GEM/2025/B/7046622 dated 29.12.2025. Pre-bid Meeting is scheduled on **07.01.2026 at 04:00 PM.**
The complete details are available in tender document on GeM portal **https://gem.gov.in.** Any corrigendum/amendments to tender document shall be uploaded on GeM Portal only. UPDESCO reserves the right to cancel any or all the e-Bids/annul e-Bidding process without assigning any reason and decision of Corporation will be final and binding in this regard.
GEM/2025/B/7046622 — MANAGING DIRECTOR

**आरईसी पावर डेवलपमेंट एंड कंसल्टेंसी लिमिटेड**
(आरईसी लिमिटेड के पूर्ण स्वामित्व की सहायक कंपनी)
[illegible]

DASTKARI HAAT
SILK MAHOTSAV
EXHIBITION-CUM-SALE
Silks - Linens - Cotton - Wedding Ethnics
WEDDING COLLECTION
Last 3 Days UPTO 60% OFF !

26 Dec - 4 Jan
11 am to 9 pm
AVADH SHILPAGRAM
Gate 3, Avadh Vihar Yojana
Lucknow
Contact 9541975990 FREE ENTRY AND PARKING

नवभारत टाइम्स • विचार
नवभारत टाइम्स | कानपुर (कानपुर व लखनऊ में एक साथ प्रसारित) | शुक्रवार, 2 जनवरी 2026

दुर्घटनाएं अपने आप नहीं होतीं, वे कारणों से होती हैं।
– एच. डब्ल्यू. हेनरिक, अमेरिकी औद्योगिक सुरक्षा एक्सपर्ट

# मानकों की अनदेखी

नए साल का जश्न आमतौर पर उम्मीद, उल्लास और नई शुरुआत का प्रतीक होता है। लेकिन, स्विट्जरलैंड के क्रांस मोंटाना के एक प्रसिद्ध स्की रिजॉर्ट में हुए हादसे ने जश्न को त्रासदी में बदल दिया है। भीषण आग ने सैकड़ों परिवारों को वर्ष के पहले दिन ही ऐसी पीड़ा दी, जिसे वे कभी भुला नहीं पाएंगे।

**अधूरी जानकारी** | ये लाइनें लिखे जाने तक इस हादसे को लेकर बहुत कुछ संशय में था। नहीं पता कि आग कैसे लगी, कितने लोग मारे गए, मौके पर कितने मौजूद थे और मरने वालों की पहचान क्या है। जांच अधिकारियों के बयानों से लगता है कि इसमें अभी लंबा समय लगेगा। शुरुआत में इसे आतंकी वारदात भी माना जा रहा था, लेकिन अधिकारियों ने इससे इनकार किया है। फिर भी इतना बड़ा हादसा कई सवाल छोड़ जाता है।


स्विट्जरलैंड में हादसा

**सख्त मानक** | यह घटना बताती है कि भीड़भाड़ वाले टूरिस्ट स्पॉट्स पर सुरक्षा मानकों को कड़ाई से पालन की कितनी सख्त जरूरत है। पिछले महीने गोवा के एक नाइट क्लब में लगी आग में कई लोगों की मौत हो गई थी। वहां लोगों को बाहर निकलने का रास्ता ही नहीं मिला और ऐसा ही कुछ क्रांस मोंटाना में भी सामने आ रहा है। आग इतनी तेजी से फैली कि बचाव का मौका नहीं मिल पाया।

**गलती की गुंजाइश नहीं** | जांच आगे बढ़ने पर कई और बातें पता चलेंगी, लेकिन यह घटना बताती है कि पर्यटन स्थलों पर छोटी-सी चूक भी कितनी भारी पड़ सकती है। बताया जा रहा है कि बार की क्षमता 300 थी और हादसे के समय यह फुल था। मौके पर अगर पर्याप्त सुरक्षा उपाय होते, भीड़ को नियंत्रित किया जाता और क्षमता के अनुसार लोगों की ही एंट्री होती, तो शायद इतना नुकसान होने से रोका जा सकता था।

**सुरक्षा सबसे ऊपर** | क्रांस मोंटाना हो या दुनिया का कोई और शहर - ये हादसे सभी के लिए सबक हैं। पर्यटन उद्योग में अक्सर मौकों को भुनाने की होड़ लगी रहती है। क्रिसमस से लेकर न्यू ईयर तक - कमाई का एक बढ़िया सीजन है। लेकिन, इसके साथ ही पर्यटकों की सुरक्षा के लिए भी निवेश किए जाने की जरूरत है।

**जागरूकता जरूरी** | जांच और उसके बाद एक्शन, यह तो होना ही है, पर इससे भी ज्यादा जरूरी है कमियों का उजागर होना और उनसे सीखना। सही सीख लेकर ही उम्मीद कर सकते हैं कि फिर ऐसी दर्दनाक खबर से वास्ता नहीं पड़ेगा।

## तिराहा

# कोसिए, ख़ुश रहिए!

'ये मुए विदेशी भी! कह रहे हैं कि गाली देने से मन को शांति मिलती है,' सुधर्मा गालियों के असर पर रिसर्च की खबर पढ़ भुनभुना रही थी। सुखनंदन ने धीरे से कहा, 'कोसने, गाली देने से सुख की परंपरा तो शाश्वत है। लोकतंत्र का यह अनिवार्य गहना है!'


प्रेम शंकर मिश्र

'इसका लोकतंत्र से क्या लेना-देना?', सुधर्मा ने आंखें तरेरीं। 'तुमने नारद मोह नहीं सुना? विश्वमोहिनी के लिए वर की तलाश शुरू हुई। पिता ने महर्षि नारद से अनुरोध किया। विश्वमोहिनी को देख नारद स्वयं ही मोह गए। भगवान के पास पहुंचे, गुहार लगाई कि मुझे इतना आकर्षक बना दें कि मोहिनी मुझे ही चुने। भगवान ने उन्हें शरीर सौष्ठव तो दिया, लेकिन मुंह बंदर का बना दिया। नाराज नारद ने उन्हें श्राप दे दिया।'

'अब देखो! जनता के लिए साफ पानी, हवा जैसी बुनियादी चीजें भी विश्वमोहिनी जैसी असंभव हो गई हैं। रेल, सड़क, प्लेन से भी गंतव्य तक पहुंचना मंगल यात्रा-सा दुष्कर है। ऐसे में जनता कभी व्यवस्था को तो कभी एक-दूसरे को कोस, गाली देकर आक्रोश शांत कर लेती है। विष्णु जी क्षमाशील थे। उन्होंने नारद की इच्छा का भी मान रखा, उन्हें क्षमा भी कर दिया। आज तो नारदजी को पैरवी के लिए वकील तक नहीं मिलता, नरक में अलग धकेले जाते', सुखनंदन ने हंसते हुए कहा।



'गालियां केवल मन को ही शांत नहीं करतीं, कानून-व्यवस्था को भी बनाए रखती हैं। रक्त का उबाल इनसे ही शांत हो जाता है, शारीरिक हिंसा की आवश्यकता न्यून ही पड़ती है, जबकि इससे उपजने वाला दर्द, अपमान लाठी की चोट सरीखा ही होता है। चूंकि 'मौखिकी हिंसा हिंसा न भवति', इसलिए अब इसके लिए प्लैटफॉर्म भी बना दिए गए हैं। तब रोम का एरीना था, जिसमें एक्चुअल ग्लैडिएटर लड़ खून बहाते थे, अब 'क्रोम' का एरीना है जिसमें वर्चुअल ग्लैडिएटर गाली दे खून जलाते हैं।'

'पर व्यवस्था पर गालियां कैसे बेअसर हैं?' सुधर्मा ने बात काट दी। 'व्यवस्था भगवान बुद्ध के दर्शन की अनुगामी है, जब अपेक्षा, भड़ास, शिकायतें, गालियां स्वीकार ही नहीं करनी तो असर कैसे करेंगी?' जवाब आया।

## एकदा

संकलन : ललित गर्ग

# ईश्वर की अनुभूति

संत नामदेव ने एक बार अपने शिष्यों को ईश्वर की अनुभूति का अत्यंत सरल, लेकिन गहन पाठ पढ़ाया। एक शिष्य ने जिज्ञासावश पूछा, 'यदि ईश्वर सभी जगह हैं, तो वह हमें दिखाई क्यों नहीं देते और उन्हें अनुभव करने का उपाय क्या है?' संत नामदेव ने एक लोटा पानी मंगवाया और उसमें थोड़ा-सा नमक घुलवाया। नमक पूरी तरह घुल गया, लेकिन दिखाई नहीं दिया। संत ने शिष्यों से पूछा, 'क्या अब नमक दिख रहा है?' सभी ने कहा, 'नहीं, पर स्वाद से स्पष्ट है कि नमक मौजूद है।' इसके बाद उन्होंने उस पानी को उबालने को कहा। जब पानी वाष्प बनकर उड़ गया, तो लोटे के तल में नमक स्पष्ट दिखाई देने लगा। तब संत नामदेव ने समझाया कि जैसे नमक पानी में घुलकर अदृश्य रहता है, वैसे ही ईश्वर होते हुए भी नहीं दिखते हैं। जैसे नमक को प्रकट करने के लिए पानी को तपाना पड़ा, वैसे ही ईश्वर को महसूस करने के लिए संयम, तप, साधना और सत्कर्म से गुजरना होता है। इससे संत नामदेव ने शिष्यों को यह बोध कराया कि ईश्वर बाहर खोजने की वस्तु नहीं, बल्कि भीतर अनुभव करने की चीज है।

Subrata Dhar


रक्षा क्षेत्र को लेकर प्राइवेट सेक्टर ने जो वादा किया है, उसके प्रति वह जवाबदेह बने

# जो वादा किया है, निभाना पड़ेगा

आतंकवाद को बढ़ावा देने के लिए पाकिस्तान को पिछले पांच दशकों में सबसे करारा जवाब इस बार ऑपरेशन सिंदूर से मिला। इसके साथ ही भारत ने स्पष्ट कर दिया है कि अगर उसकी जमीन पर कोई आतंकी हमला होता है, तो जवाब कैसे दिया जाएगा। ऑपरेशन सिंदूर से मिले सबक 2026 में राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़े फैसलों की दिशा तय करने वाले हैं।


मनु पब्बी

**सोची-समझी साजिश** | 22 अप्रैल को पहलगाम में हुए आतंकी हमले से पूरी दुनिया सन्न रह गई। इस नरसंहार के पीछे की मंशा लगभग तुरंत ही साफ हो गई थी। पीड़ित परिवारों से बातचीत के दौरान आतंकियों ने जो कहा, वह सीधे सरकार के लिए संदेश था। इससे यही संकेत मिला कि पहलगाम हमला एक सोची-समझी साजिश थी, ताकि भारत को सैन्य प्रतिक्रिया के लिए उकसाया जा सके।

**मुनीर को फायदा** | हालांकि इस हमले के पीछे जो बड़ा खेल था, उससे पर्दा उठने में थोड़ा वक्त लगा। आज की परिस्थितियां देखें तो पता चलता है कि पहलगाम आतंकी हमले और उस पर भारत के जवाब, इन दोनों से ही सबसे ज्यादा फायदा पाकिस्तानी सेना को मिला। उसके प्रमुख असीम मुनीर ने सरकार पर दबाव डालकर प्रमोशन ले लिया और फील्ड मार्शल बन गए। अब वही पाकिस्तान के वास्तविक शासक हैं। यह स्थिति दो साल पहले की तस्वीर से बिल्कुल उलट है, जब जनता की नजरों में पाकिस्तानी सेना की साख बिल्कुल निचले स्तर पर थी। तब इमरान खान की गिरफ्तारी के विरोध में लोग सेना के खिलाफ सड़कों पर उतर आए थे।

AdobeStock


**डिफेंस में आए बदलाव**
- भारतीय रक्षा कंपनियों ने रियल टाइम में सहयोग किया
- देश को स्वदेशी हथियारों के तेजी-से उत्पादन की जरूरत
- इंडस्ट्री से जवाबदेही चाहती है सरकार, देसी पर जोर

**स्ट्राइक की ताकत** | इस पूरे घटनाक्रम में भारत के लिए सबसे बड़ा सबक यही है कि पाकिस्तानी सेना को जब लगता है कि वह देश के भीतर कमजोर पड़ रही है, तो अहमियत बढ़ाने के लिए वह दांव पर कुछ भी लगा सकती है - यहां तक कि युद्ध भी कर सकती है। इससे भी बड़ा सबक है कि पाकिस्तान की परमाणु हमले की गीदड़भभकी का जवाब देते हुए भारत सीधे वहां के सैन्य शक्ति केंद्रों को निशाना बना सकता है। भारी नुकसान के बाद भी पाकिस्तानी सेना जीत का ही दावा करेगी। उसका पूरा ध्यान होगा देश के भीतर नैरेटिव बनाने पर।

नए साल की आशा

**पाकिस्तान की गलतफहमी** | भारत के पास अब ऐसी क्षमता है कि पाकिस्तान की जमीन पर कहीं भी मौजूद आतंकी ढांचे पर प्रभावी और बार-बार स्ट्राइक कर सके। 1998 में परमाणु क्षमता हासिल करने के बाद पड़ोसी देश को लगता था कि वह सुरक्षित हो चुका है, लेकिन उसकी यह गलतफहमी दूर हो चुकी है। ऑपरेशन सिंदूर में पाकिस्तान के कई आतंकी ढांचे ध्वस्त हुए, पर इससे भी बड़ा हासिल वे सबक हैं, जिनके आधार पर भविष्य के लिए तैयारी शुरू हो चुकी है। भारत की पारंपरिक सैन्य क्षमता इतनी है कि वह पड़ोसी को कुछ ही दिनों में दबाव में ला सके।

**इलेक्ट्रॉनिक वॉरफेयर** | इस अभियान ने ब्रह्मोस, स्कैल्प और S-400 की अहमियत साबित की। आने वाले समय में ऐसे और हथियार देखने को मिलेंगे। स्वदेशी पर जोर है। वहीं, तमाम ड्रोन जैमिंग और स्पूफिंग की वजह से लक्ष्य तक नहीं पहुंच पाए। इस मामले में पाकिस्तान की हालत और खराब रही। इससे साफ हुआ कि मौजूदा ड्रोन तकनीक कमजोर है और देश की इलेक्ट्रॉनिक वॉरफेयर क्षमता तेजी से मजबूत हो रही है। इस ऑपरेशन की एक खास बात यह रही कि भारतीय रक्षा कंपनियां भी अभियान से जुड़ी थीं। कई स्वदेशी कंपनियों ने रियल टाइम में मोर्चे से ही सेना की मदद की। यह बदलाव रक्षा मंत्रालय के चार साल के प्रयासों का नतीजा है, जिसमें साथ मिलकर हथियारों के विकास और साथ मिलकर लड़ाई के मॉडल को अपनाया गया है।

**नतीजों पर नजर** | उद्योग जगत के स्तर पर सीख यह रही कि देश को स्वदेशी हथियारों के तेजी-से उत्पादन की जरूरत है। पहलगाम हमले के एक हफ्ते बाद नई दिल्ली में एक बैठक हुई थी, जिसमें भारतीय रक्षा उद्योग की क्षमता को आंका गया। यहां जो निष्कर्ष निकला, उसे रणनीति का हिस्सा बनाया जा रहा है। 2025 में नीतियों में बदलाव, सुधार, सेना-उद्योग के बीच तालमेल हुआ, तो 2026 में नतीजों पर नजर होगी। देखना होगा कि उद्योग जगत अपने वादों पर कितना खरा उतरता है।

**समय की पाबंदी** | सरकार चाहती है कि इंडस्ट्री जो वादा कर रही है, उसके प्रति जवाबदेह बने। देरी या गलती को कामकाज का हिस्सा मानकर छोड़ा नहीं जाएगा। आने वाले कुछ महीनों में सरकार कठोर उदाहरण पेश कर यह संदेश दे सकती है कि भारत के रक्षा उद्योग को अब ठीक से और समय पर काम करना होगा। नाकाम रहने वालों को साइडलाइन किया जा सकता है।

# मां बनने से क्यों हिचक रही हैं आजकल महिलाएं

**टेक्नॉलजी कंपनी** Zoho के फाउंडर श्रीधर वेंबू ने कुछ समय पहले महिलाओं को सही समय पर मां बनने की सलाह दी थी। उनका मानना है कि युवाओं को 20 साल में शादी करके 22 साल तक पैरंट बन जाना चाहिए। उनका ये सुझाव इसलिए चर्चा में रहा क्योंकि आजकल महिलाओं की फर्टिलिटी को लेकर चिंताएं जताई जा रही हैं। हाल यह है कि कोई भी इस पर ज्ञान देता रहता है। लेकिन, यह भी जानना जरूरी है कि महिलाएं मां बनने से परहेज क्यों कर रही हैं।


रश्मि बंसल

**परफेक्ट पैरंट की चाह** | महिलाओं के मां नहीं बनने के कई कारण गिनाए जाते हैं। कोई कहता है कि वे अपने करियर पर ध्यान दे रही हैं। किसी को लगता है कि यंग कपल बच्चों की जिम्मेदारी नहीं लेना चाहते। मगर, असल समस्या परफेक्ट पैरंट बनने की है। आज के मां-बाप सिर्फ दफ्तर में ही नहीं, बच्चों की परवरिश में भी परफेक्ट बनना चाहते हैं। मैं कुछ ऐसे लोगों को जानती हूं, जो मेहमानों को डोर-बेल बजाने से मना करते हैं। वे कहते हैं कि इससे उनका बच्चा डिस्टर्ब हो जाएगा।

**सबकुछ मां पर** | हमारी दादी-नानी ने बगैर शिकायत क्रिकेट टीम जितने बच्चे पाले। लेकिन तब बच्चों की देखभाल के लिए घर में कई लोग होते थे। अब पैरंट्स में खासकर मां पर बच्चों की परवरिश का ज्यादा ही दबाव रहता है। अगर वह कामकाजी है तो दफ्तर के साथ उसे घर भी देखना पड़ता है। भले ही उसका एक ही बच्चा हो और घर में मदद करने वाले लोग भी हों, फिर भी वह अपनी मां के मुकाबले दस गुना ज्यादा तनाव में रहती है।

## कॉमन रूम

AI Image


**मां बनने की सही उम्र** | महिलाओं को अधिकतम 30 साल की उम्र तक बच्चा पैदा कर लेना चाहिए। इससे थोड़े समय परेशानी हो सकती है, लेकिन आगे की जिंदगी के लिए यह सही होगा। 30 के बाद अगर आप मां बनती हैं तो आपके पास संसाधन तो अधिक होंगे, मगर 50 साल की उम्र में भी आपको पैरंट-टीचर मीटिंग में जाना पड़ेगा।

**परवरिश की परेशानियां** | पहले बच्चे आस-पड़ोस में खेलने के लिए चले जाते थे। आज अच्छे पड़ोसियों की भी कमी है। शायद अच्छे पड़ोसी हों भी, पर हमारे पास उन्हें जानने की फुर्सत नहीं है। IIM से पढ़े एक कपल का तो साफ कहना है कि वे बच्चे नहीं पाल पाएंगे। उनका सीधा मतलब था कि शहर के महंगे स्कूल और सबसे महंगे कॉलेज में एडमिशन कराना उनके वश का नहीं है। भाई, बच्चे को ये सब नहीं बस प्यार चाहिए। उन्हें बस ऐसी परवरिश मिले, जिससे बड़े होकर वे कूल, कॉन्फिडेंट और जागरूक बन सकें।

*(लेखिका उद्यमिता और समाज से जुड़े विषयों पर लिखती हैं)*

## कांटे की बात

इंदौर के भागीरथपुरा में दूषित पानी पीने से 1400 से 1500 लोग प्रभावित हुए थे, जिनमें से 198 अस्पताल में भर्ती हैं। सरकारी आंकड़ा चार लोगों की मौत का है, लेकिन यहां घूमने के दौरान 8-9 लोगों की मौत की जानकारी मिली।


कैलाश विजयवर्गीय, मध्य प्रदेश सरकार में मंत्री

## सप्ताह की शख्सियत

# अर्जुन का कुछ अलग ही है स्टाइल

*दोहा में हुई वर्ल्ड ब्लिट्ज चेस चैंपियनशिप में अर्जुन एरिगैसी ने कांस्य पदक जीतकर विश्वनाथन आनंद की बराबरी कर ली। वारंगल में 2003 में जन्मे अर्जुन ने 14 साल में ही ग्रैंडमास्टर का खिताब अपने नाम कर लिया था।*

### 12 में इंटरनैशनल मास्टर

**शतरंज की** चालों से अर्जुन 4 साल की उम्र में परिचित हो गए थे। शुरू में उनके लिए भी यह खेल ही था। लेकिन, उनके मां-पापा को लगा कि उनकी याददाश्त और सोचने की क्षमता असाधारण है। वारंगल में ज्यादा सुविधाएं नहीं थीं। बड़े टूर्नामेंट खेलने के लिए विदेश जाना भी आसान नहीं था। कम उम्र में ही हार, दबाव से जूझने वाले अर्जुन ने 8 साल की उम्र से घरेलू चैंपियनशिप में छाप छोड़नी शुरू की। 12 साल में वह इंटरनैशनल मास्टर बन गए।



### हार से मिली सीख

**आत्मविश्वास से** लबरेज और आक्रामक खेलने के लिए प्रसिद्ध अर्जुन ने जब अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों से मुकाबला किया, तो उन्हें लगातार हार मिली। उनकी शैली पर सवाल उठने लगे। लोग कहने लगे कि वह ज्यादा आगे नहीं जा पाएंगे। लगने लगा कि टैलंट के बाद भी टिक पाना मुश्किल है। इससे हताश हुए बगैर उन्होंने कमजोरियों पर काम किया। शैली बदलने के बजाय उसे और निखारा। फिर दिग्गज खिलाड़ियों को हराने लगे।

# BJP की नाक का सवाल होगा पश्चिम बंगाल

पूनम पाण्डे


इस साल BJP ने दिल्ली विधानसभा चुनाव जीता जो इसलिए भी अहम रहा क्योंकि यह जीत 27 साल बाद मिली थी। इस साल बिहार में फिर से नीतीश कुमार के नेतृत्व में NDA की सरकार बन गई और इस बार पहले से भी ज्यादा सीटों के साथ। BJP सबसे ज्यादा सीटें जीतकर राज्य में सबसे बड़ी पार्टी भी बनी। चुनावी जीत के लिहाज से साल 2025 BJP के लिए काफी अच्छा रहा। अब नया साल सामने है। सवाल है कि BJP और NDA के सामने इस साल में क्या है और क्या ये साल अलग तरह की चुनौतियां लेकर आएगा।

विशुद्ध राजनीति
कसौटी

## मिशन साउथ कैसा रहेगा

इस साल तमिलनाडु, पश्चिम बंगाल, केरल, असम और पुडुचेरी में चुनाव होने हैं। ये चुनावी साल BJP के लिए ज्यादा अहम इसलिए है क्योंकि वह तमिलनाडु और केरल में अपनी जड़ें जमाने की काफी वक्त से कोशिश कर रही है। उत्तर भारत में तो पार्टी अपने पीक पर पहुंच चुकी है, लेकिन दक्षिण भारत क्रैक करना उसके लिए चुनौती है। हालांकि BJP ने केरल में अपनी मौजूदगी दर्ज करना शुरू कर दिया है, पर अब भी मिशन साउथ की सफलता के लिए उसे लंबी राह तय करनी है।

पश्चिम बंगाल से उसे पिछले चुनाव में भी बहुत उम्मीद थी, लेकिन वह पूरी नहीं हुई। इस बार उसके लिए यह नाक का भी सवाल है और साख का भी। यहां खुद गृह मंत्री अमित शाह ने कमान संभाली है। बांग्लादेश की उथलपुथल और घुसपैठियों के मुद्दे के बीच देखना होगा कि BJP पश्चिम बंगाल में कितना असर दिखाती है। असम में BJP की सरकार है और यहां उसके सामने सत्ता बचाने की चुनौती है। पश्चिम बंगाल की तरह ही यहां भी बांग्लादेश के हालात और घुसपैठिए ये दोनों ही बड़ा मुद्दा हैं। इस साल BJP को एक और फ्रंट पर काम करना होगा। वह है सहयोगियों को एकजुट रखना।



केंद्र में पीएम मोदी के नेतृत्व में NDA सरकार है और BJP के पास इस बार अपना बहुमत नहीं है। जाहिर है, ऐसे में उसकी आगे की राह उतनी आसान नहीं रहेगी। इन मुश्किलों के संकेत अभी से मिलने लगे हैं। मिसाल के तौर पर NDA में शामिल बिहार के ही कुछ छोटे दल राज्यसभा सीट की मांग को लेकर नाराजगी दिखा रहे हैं। हालांकि ये प्रेशर टैक्टिस ज्यादा है लेकिन फिर भी गठबंधन के साथियों को छिटकने न देना और NDA की एकजुटता बरकरार रखना BJP के लिए एक ऐसी चुनौती है जो बनी रहेगी।

BJP ने इस साल के आखिर में 45 साल के नितिन नवीन को अपना राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष बनाकर जनरेशनल शिफ्ट के संकेत तो दे ही दिए। अब नए साल में एक बड़ी चुनौती नई टीम बनाने की होगी। देखने वाली बात यह होगी कि क्या पुराने और बुजुर्ग नेता नितिन की टीम का हिस्सा बनेंगे या संगठन में नए और युवाओं को ज्यादा जगह दी जाएगी।

## नए मुद्दों की तलाश

BJP विपक्ष से कहती रही कि मोदी नहीं तो कौन? इस सवाल का जवाब BJP को भी तलाशना है। भले ही अभी नहीं लेकिन आने वाले वक्त के लिए उसे इसका जवाब ढूंढकर रखना होगा। इस मसले पर पार्टी में कोई मनमुटाव या गुटबाजी ना हो यह सुनिश्चित करना भी आसान नहीं होगा। BJP ने विपक्ष में रहते हुए जिन मुद्दों पर लोगों को एकजुट करने और समर्थन जुटाने का काम किया उनमें ज्यादा मुद्दे अब रहे नहीं। उसे ऐसे नए मुद्दे तलाशने होंगे जिन पर वह लोगों को अपनी ओर गोलबंद कर सके। खासकर ऐसे मुद्दे जो Gen Z को भी टच करें।

THE SPEAKING TREE
और पढ़ने के लिए देखें
www.speakingtree.nbt.in

# संकल्प ऐसा हो, जो मन को नई ऊंचाई की उड़ान दे सके

आनन्दमूर्ति गुरुमां

नए साल पर लोग संकल्प लेते हैं कि अमुक-अमुक काम करेंगे। लेकिन मैंने यह भी देखा है कि जो संकल्प साल के शुरू में लोग लेते हैं, उसे जनवरी महीना खत्म होने से पहले ही तोड़ भी देते हैं। मन एक बिगड़े हुए घोड़े की तरह है। जब तक हम इसको लगाम नहीं लगाते, तब तक यह पता नहीं क्या उलटे-सीधे काम करता रहता है। असल में संकल्प इसीलिए करना चाहिए।

नए साल की शुरुआत में लोग बहुत प्रकार के संकल्प करते हैं, जैसे- वजन कम करेंगे, मीठा नहीं खाएंगे, झूठ नहीं बोलेंगे। ऐसे संकल्प करना भी अच्छी बात है, क्योंकि उससे भी आपके मन की शक्ति बढ़ जाती है। बहुत लोग संकल्प तो करते हैं, पर उसे पूरा नहीं कर पाते, क्योंकि मन बेईमान हो जाता है। जैसे पानी के लिए नीचे गिरना आसान और सहज होता है, वैसा ही होता है मन के साथ। पानी को ऊपर उठाना हो तो मोटरपंप की जरूरत पड़ती है। वैसे ही मन को ऊंचा उठाने के लिए संकल्प लेने की जरूरत है।

AI Image


मैं आपको कुछ संकल्प करने को कहूंगी तो उसे आप आसानी से तोड़ सकते हैं। लेकिन जब आप खुद संकल्प करेंगे तो उसे खुशी से कर लेंगे। इसलिए यह विचार अवश्य करना चाहिए कि हम अपने जीवन की नैया को किस दिशा में ले जाना चाहते हैं। उपनिषद में कहा है कि वास्तव में समय नहीं बीतता, हम बीत जाते हैं। 2025 नहीं बीता, हम बीत गए हैं।

इस नए वर्ष में कुछ नए गुण, नई सोच, नई विधा, नया चिंतन और कुछ अच्छे कर्म अपने जीवन में ले आएं। विचार ऐसे उत्तम होने चाहिए कि हमारे हाथ से कभी कुछ गलत हो ही नहीं। हमारी जीभ कुछ गलत बोले ही नहीं, हमारी आंखें कुछ गलत देखें ही नहीं, कान कुछ गलत सुनें ही नहीं।

याद रखना जो कुछ आप अपने अंदर डालोगे, वही आपसे बाहर आएगा। वही देखें और सुनें, जिससे मन में प्रेम, करुणा, दया इत्यादि भावनाएं निर्मित हों। वही सुनें जिससे साधना, ज्ञान, भक्ति बढ़े। क्रोध, लोभ, कामना, दुविधा बढ़े - ऐसी चीजों से अपनी इंद्रियों को बचाएं।

## जनता जंक्शन

इरफ़ान




## रीडर्स मेल
www.edit.nbt.in

### ट्रंप से उम्मीद नहीं

1 जनवरी को प्रकाशित लेख 'नए साल में खत्म हो जाएगा ट्रंपवाद' 2025 में अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप की दूसरी पारी के पहले वर्ष का संतुलित आकलन करता है। ऊंचे टैरिफ लगाने और वैश्विक मंदी की आशंकाओं के बावजूद अमेरिका और भारत में तेज आर्थिक वृद्धि दर्ज हुई, क्योंकि वास्तविक टैरिफ अपेक्षा से कम रहे और AI निवेश ने विकास को गति दी। हालांकि AI बूम रोजगार सृजन में कमजोर साबित हुआ, जिससे बेरोजगारी बढ़ी। 2026 में स्लोडाउन, महंगाई और चुनावी दबाव से ट्रंपवाद को झटका लग सकता है। भारत पर असर पड़ेगा, पर मजबूत मैक्रो स्थिति और STEM प्रतिभा उम्मीद जगाती है।

ब्रजेश मिश्र, ईमेल से

nbtedit@timesofindia.com पर अपनी राय नाम-पते के साथ मेल करें।

CCI NG 3.7 Product: NBTLucknowBS PubDate: 02-01-2026 Zone: Lucknow Edition: 1 Page: NBTLPG9 User: cci Time: 01-02-2026 00:22 Color:



## फटाफट खबरें

### बहराइच में एक और भेड़िया मारा गया

■ NBT न्यूज: कैसरगंज तहसील में आतंक का पर्याय बने भेड़ियों में से एक और को गुरुवार शाम मार दिया गया। मिरनुपुरवा गांव में भेड़िया देखे जाने की सूचना पर वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची थी। काफी कोशिश के बावजूद पकड़ में नहीं आने पर भेड़िए को मार दिया गया। इसके साथ ही अब तक कुल 9 भेड़िए मारे जा चुके हैं।

### गोरखपुर में ट्रेन से कटीं 300 भेड़ें

■ NBT न्यूज, गोरखपुर: महराजगंज-गोरखपुर सीमा पर ट्रेन से कटकर 300 भेड़ों की मौत हो गई, जबकि 70 से अधिक घायल हो गईं। पुलिस के अनुसार पशुपालक 500 भेड़ों लेकर चराने जा रहा था। इसी दौरान फरेंदा के पास ट्रैक क्रॉस कर रही भेड़ें ट्रेन की चपेट में आ गई थीं। पुलिस व आरपीएफ जवानों ने पशुपालक व ग्रामीणों की मदद से भेड़ों को गड्ढा खोदकर दफनवा दिया। घायल भेड़ों का इलाज हो रहा है।

### सींग के लिए हिरण का शिकार, FIR

■ NBT न्यूज, फिरोजाबाद: नसीरपुर के रामनगर पटना करखा गांव में बुधवार को खेत में हिरण मृत पाया गया था। विडियो वायरल होने पर जांच में पता चला कि सींग के लिए हिरण का शिकार किया गया था। इंस्पेक्टर ज्ञानेंद्र सिंह के अनुसार केस दर्ज कर छानबीन के दौरान सींग बरामद कर लिए गए हैं। शिकार करने वाले शख्स की तलाश में छापे मारे जा रहे हैं।

### यौन उत्पीड़न में शिक्षक गिरफ्तार

■ भाषा, गोरखपुर: विद्यार्थियों के यौन उत्पीड़न के आरोप में पुलिस ने सरकारी स्कूल के शिक्षक को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार बेलघाट थानाक्षेत्र स्थित एक प्राइमरी स्कूल के शिक्षक नवल किशोर को बुधवार शाम गिरफ्तार किया गया है। आरोपित तीसरी और चौथी कक्षा के बच्चों को बहाने से एकांत में बुलाकर गलत तरीके से छूता था। कुछ बच्चों से जानकारी के बाद परिजनों ने केस दर्ज करवाया था।

### चुनावी रंजिश में फायरिंग, किशोरी घायल

■ NBT न्यूज, मथुरा: बलदेव के नगला भूड़ा में पूर्व प्रधान और वर्तमान प्रधान पक्ष के बीच पथराव के बाद फायरिंग में एक किशोरी को गोली लग गई। पुलिस के अनुसार आसपास रहने वाले प्रधान कृष्ण कुमार और पूर्व प्रधान भगवान सिंह के बीच विवाद के बाद फायरिंग हुई थी। सूचना पर एसपी देहात सुरेश चंद रावत ने फोर्स के साथ मौके पर पहुंच स्थिति संभाली। केस दर्ज करने के साथ ही पांच लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है।

### 'जो ज्ञान की बात करे वही संत'

■ NBT न्यूज, गोंडा: नवाबगंज के नंदिनी नगर महाविद्यालय परिसर में गुरुवार को वैदिक मंत्रोच्चार के साथ पांच दिवसीय राष्ट्र कथा शुरू हो गई। पूर्व सांसद बृजभूषण शरण सिंह, कैसरगंज सांसद करनभूषण सिंह, विधायक प्रतीक भूषण सिंह एवं सुमित भूषण सिंह ने विधि-विधान से हवन-पूजन किया। सद्गुरु रीतेश्वर नंद महाराज ने महाविद्यालय परिसर में 51 पौधे लगाने के साथ ही पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि यदि कथा का श्रवण सच्चे मन से किया जाए तो जीवन आनंदमय हो जाता है। संत का कोई विशेष भेष नहीं होता, जो भी ज्ञान और सन्मार्ग की बातें बताए वही सच्चा संत होता है।

### ट्रक की टक्कर से मामा-भांजे की मौत

■ भाषा, कानपुर: जीटी रोड पर लाला लाजपत राय अस्पताल के पास तेज रफ्तार ट्रक की टक्कर से बाइक सवार मामा-भांजे की मौत हो गई। पुलिस के अनुसार चौबेपुर निवासी शिवम शर्मा बुधवार रात घाटमपुर निवासी मामा शिवकांत के साथ बाइक से सीसामऊ जा रहे थे। इसी दौरान तेज रफ्तार ट्रक ने टक्कर मार दी थी। अस्पताल पहुंचाए जाने तक दोनों की मौत हो चुकी थी।

### कार में फंसे युवक को 10 किमी घसीटा, मौत

■ NBT न्यूज, वाराणसी: मीरजापुर के अदलहाट थाना क्षेत्र में गुरुवार को टक्कर के बाद स्कूटी से गिरे युवक को कार चालक दस किमी तक घसीटता चला गया। पुलिस के अनुसार शेरवा-अदलहाट मार्ग पर कंबल वितरण हो रहा था। इस दौरान तेज रफ्तार कार का चालक स्कूटी समेत कई अन्य लोगों को टक्कर मारते हुए भागने लगा। हादसे में स्कूटी सवार घटौली निवासी धर्मेंद्र उर्फ अनिल (25) सड़क पर गिरने के बाद कार के पिछले हिस्से में फंस गया। काफी दूर घिसटने से उसकी मौत हो गई। वहीं, कार की टक्कर से घायल दस अन्य लोगों में दो बुजुर्गों की हालत गंभीर देखते हुए बीएचयू के ट्रॉमा सेंटर में भर्ती करवाया गया है। पुलिस ने केस दर्ज कर कार चालक की तलाश शुरू कर दी है।

### आलू फेंकने वाले कोल्ड स्टोरों को नोटिस

■ NBT रिपोर्ट, कानपुर: आलू के गिरते दामों से किसानों की बढ़ती परेशानियों के बीच कोल्ड स्टोर मालिकों को यूपी प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने नोटिस देना शुरू कर दिया है। कन्नौज में बड़े पैमाने पर कोल्ड स्टोर मालिकों ने आलू सड़क किनारे या खुली जगहों पर फेंके हैं। कन्नौज के डीएम आशुतोष मोहन अग्निहोत्री ने बताया कि बोर्ड की तरफ से नोटिस जारी होने के साथ ही शीतगृहों के मालिकों से बातचीत की जा रही है।

### परिवार मान चुका था मरा, SIR ने मिलवाया

■ NBT रिपोर्ट, मुजफ्फरनगर: SIR प्रक्रिया ने 28 साल से लापता शख्स को परिवारीजनों से मिला दिया। 70 साल के मोहम्मद शरीफ को परिवारीजन मरा समझ चुके थे। हालांकि पश्चिम बंगाल में रह रहे शरीफ खुद ही परिवार के पास पहुंच गए। दरअसल विशेष गहन पुनरीक्षण (SIR) के दौरान बुजुर्ग को अपने मूल दस्तावेज चाहिए थे, ऐसे में अपनी जन्म स्थली मुजफ्फरनगर पहुंचे। 28 साल बाद उन्हें सामने देखकर परिवार में खुशी की लहर दौड़ पड़ी। नाती-पोतों को देखकर बुजुर्ग की आंखें भी नम हो गईं। कई रिश्तेदारों ने भी विडियो कॉल पर संपर्क किया।

### शिक्षक की हत्या का आरोपित दबोचा गया

■ भाषा, अलीगढ़: एएमयू से संबद्ध स्कूल के शिक्षक की हत्या के मामले में पुलिस ने गुरुवार को मुख्य आरोपित को गिरफ्तार किया है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक नीरज कुमार के अनुसार सलमान कुरैशी को पकड़ा गया है। 2018 में एक कुख्यात अपराधी की गिरफ्तारी में बदला लेने के लिए एएमयू से संबद्ध स्कूल के शिक्षक राव दानिश अली हत्या की गई थी।

# भांजे के साथ की थी पति की हत्या, दोनों गिरफ्तार

## महोबा में अवैध संबंधों के कारण वारदात, बेटे ने ही दर्ज करवाया केस

■ NBT न्यूज, बांदा

तीन बच्चों की मां ने अवैध संबंधों के विरोध पर भांजे के साथ मिलकर पति की हत्या कर दी। इसके बाद प्रेमी भांजे के साथ मिलकर शव सुनसान इलाके में फेंक दिया। बेटे की तहरीर पर केस दर्ज कर पुलिस ने आरोपित महिला के साथ ही उसके भांजे को गिरफ्तार कर लिया है।

महोबा के कबरई कस्बा स्थित शास्त्रीनगर निवासी श्याम सुंदर सेन (45) का शव 11 दिसंबर को घर से कुछ दूरी पर सुनसान इलाके में क्षतविक्षत अवस्था में मिला था। सूचना पर पुलिस ने परिवारीजनों की मदद से शिनाख्त के बाद पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा था। जांच के दौरान पता चला कि मटौंध निवासी भांजा सुनीत आठ माह से श्याम सुंदर के घर में रह रहा था। इस दौरान मामी गोमती से सुनीत की नजदीकी बढ़ गई। अवैध संबंधों में रोड़ा बनने पर दोनों ने मिलकर 10 दिसंबर की रात श्याम सुंदर का रस्सी से गला कसकर हत्या के बाद पहचान छिपाने के लिए चेहरा पत्थर से कुच दिया और पुलिस को गुमराह करने के लिए शव सुनसान इलाके में फेंक दिया था। अगले दिन शव मिलने पर छानबीन शुरू हुई। इस बीच सुनीत के अचानक घर से गायब होने से श्याम सुंदर के बच्चों को शक हुआ। बेटे कृष्णकांत ने गुपचुप पता लगाया और मां को सुनीत से शादी करवाने का वादा करके सच जान लिया। एएसपी महोबा वन्दना सिंह के अनुसार केस दर्ज कर दोनों आरोपितों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

### बेटी की हत्या के आरोप में गिरफ्तार

■ NBT रिपोर्ट, मेरठ: बदायूं के वजीरगंज थाना क्षेत्र स्थित गांव लहरा-लाडपुर में सोनम उर्फ सोनी (15) की हत्याकांड के खुलासा का पुलिस ने दावा किया है। पुलिस के अनुसार इकरार ने ही बेटी की हत्या की थी। पूछताछ के दौरान आरोपित ने बताया कि 19 दिसंबर की रात बेटी की हत्या कर शव खेत में फेंक दिया था। 29 दिसंबर को शव बरामद होने के बाद पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट में गला रेतकर हत्या की पुष्टि हुई थी। शक के आधार पर पुलिस ने पिता को हिरासत में लेकर पूछताछ की। इस दौरान उसने बताया कि बेटी अक्सर अपने दोस्त के घर चली जाती थी। इससे नाराज होकर हत्या के बाद शव फेंका था।



### युवक का गला काटा, एक गिरफ्तार

■ भाषा, कुशीनगर: जुड़वनिया गांव में बुधवार दोपहर एक युवक की गला काटकर हत्या कर दी गई। पुलिस के अनुसार नौकटोला गांव के अबापुर टोला निवासी सतीश सिंह का बेटा निशांत (22) पास के गांव जुड़वनिया गया था। इसी दौरान विवाद के बाद कुछ युवकों ने धारदार हथियार से हमला कर दिया। कुशीनगर मेडिकल कॉलेज esa इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ के अनुसार मुख्य आरोपित नौशाद अंसारी को गिरफ्तार करने के साथ ही अन्य की तलाश में छापे मारे जा रहे हैं।

### आजमगढ़ में युवक की पीटकर हत्या

■ NBT न्यूज, वाराणसी: आजमगढ़ के मेहनाजपुर थाना क्षेत्र के इटौली बाजार में अखिलेश सोनकर (25) की बुधवार रात पीटकर हत्या कर दी गई। दोस्त के साथ घर लौट रहे अखिलेश पर हमलावरों ने पीछे से हमला किया था। परिवारीजनों ने गुरुवार सुबह मेहनाजपुर- वाराणसी-चिरैयाकोट तिराहे पर जाम लगाकर प्रदर्शन शुरू कर दिया। मौके पर पहुंचे सीओ लालगंज भूपेश पांडेय ने हत्यारों की जल्द से जल्द गिरफ्तारी का आश्वासन देकर स्थिति संभाली। पुलिस के अनुसार लेनदेन के विवाद में हत्या की बात सामने आ रही है।

### गलत इरादे से घर में घुसे पड़ोसी को फरसे से काट डाला

■ NBT न्यूज, बांदा: बबेरू कोतवाली क्षेत्र के मुरवल गांव निवासी बिट्टू उर्फ भारती प्रजापति (19) वर्ष ने गुरुवार की शाम घर में घुसकर छेड़छाड़ कर रहे पड़ोसी सुखरान प्रजापति (48) पर फरसे से वार कर दिया। गंभीर रूप से घायल आरोपित की मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव पोस्टमॉर्टम के लिए भेजने के साथ ही आरोपित को गिरफ्तार कर लिया है।


### जमीन के विवाद में बुजुर्ग को पीटा, मौत

■ NBT न्यूज, अमेठी: मुसाफिरखाना के पूरे मोहम्मद नेवादा गांव में बुधवार शाम बुजुर्ग की हत्या कर दी गई। प्रमिला के अनुसार गांव के ही कुछ लोगों से जमीन को लेकर विवाद चल रहा है। आरोप है कि शाम 6 करीब छह बजे कुछ लोग घर पहुंचे और ससुर शिवदत्त (60) को पीटना शुरू कर दिया। शोर मचाने पर लोगों को जुटता देख आरोपित भाग निकले। सीएचसी के डॉक्टरों ने हालत नाजुक देखते हुए जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया। इलाज के दौरान गुरुवार सुबह उनकी मौत हो गई। एसएचओ विवेक सिंह ने बताया कि गांव के ही हर्षवर्धन, जयवर्धन, इनवार इसरार, जैतउल्ला सहित अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

## काशी से अयोध्या तक दिखा आस्था का सैलाब

■ NBT न्यूज, वाराणसी/अयोध्या: साल के पहले दिन वाराणसी से लेकर अयोध्या तक में आस्था का सैलाब देखने को मिला। ठंड के बावजूद पांच लाख से अधिक लोगों ने काशी विश्वनाथ मंदिर पहुंच दर्शन पूजन किया। वहीं, अयोध्या में डेढ़ लाख से अधिक भक्तों ने रामलला के दर्शन किए।

### 5 लाख ने साल के पहले दिन किए बाबा के दर्शन



वाराणसी में भोर के समय मंगला आरती के बाद मंदिर के कपाट खुलने से लेकर देर रात तक श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। मंदिर से लेकर सड़क तक करीब दो किमी लंबी लाइन लगी रही। पूरा विश्वनाथ धाम परिसर भक्तों से पटा रहा और हर-हर महादेव का उद्घोष गुंजायमान होता रहा। स्पर्श दर्शन पर रोक रहने से श्रद्धालुओं ने झांकी दर्शन के साथ मंदिर के गर्भगृह के द्वारों पर लगे पात्र के जरिए बाबा को जल-दूध अर्पित किया। भीड़ देखते हुए विश्वनाथ धाम के सभी पांच प्रवेश द्वार से प्रवेश दिया गया।

### 2 लाख ने रामलला के दर्शन-पूजन किए

अयोध्या में सुबह से ही राम मंदिर व हनुमानगढ़ी में दर्शन के लिए लंबी कतारें लगीं और देर रात तक दर्शनार्थियों की भीड़ रही। मंदिर ट्रस्ट के ट्रस्टी डॉ. अनिल मिश्र के अनुसार गुरुवार को दो लाख से ज्यादा लोगों ने रामलला के दर्शन किए।



### नमो भारत के वायरल विडियो से चर्चा में आया कपल शादी करेगा

NBT न्यूज, मोदीनगर : नमो भारत ट्रेन से जुड़े वायरल विडियो के बाद चर्चा में आया मोदीनगर का कपल जल्द शादी कर सकता है। रिश्तेदारों से मिली जानकारी के अनुसार, दोनों परिवारों में सहमति बन गई है।

केस दर्ज होने के बाद निलंबित किया गया था विडियो बनाने वाला कर्मचारी

दिसंबर 2025 में नमो भारत ट्रेन के अंदर का विडियो वायरल हुआ था। जांच में पता चला कि युवक-युवती मोदीनगर के निवासी हैं और दिल्ली-मेरठ मार्ग स्थित शिक्षण संस्थानों में पढ़ाई करते हैं। दोनों के एक ही बिरादरी से होने की भी बात सामने आई थी। विडियो पर लगातार हो रही टिप्पणियों के कारण दोनों परिवारों को सामाजिक दबाव का सामना करना पड़ा। इस बीच सार्वजनिक स्थान पर आपत्तिजनक व्यवहार और विडियो वायरल करने के मामले में नमो भारत के एक कर्मचारी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज हुई और उसे निलंबित कर दिया गया था।

### 'सपा की लोकप्रियता से डरी है सरकार'

■ NBT रिपोर्ट, प्रयागराज: नेताजी मुलायम सिंह यादव की प्रतिमा महाकुंभ में प्रतिमा स्थापित की गई थी, लेकिन माघ मेले में लगाने से रोक दिया गया। इतना ही नहीं संस्था के प्रबंधक संदीप यादव पर गुंडा ऐक्ट लगा दिया गया। यह बात विस में नेता प्रतिपक्ष माता प्रसाद पांडे ने गुरुवार को माघ मेला क्षेत्र में नेताजी मुलायम सिंह यादव स्मृति सेवा संस्थान के शिविर में पहुंचने के दौरान कही। वहीं नाविकों की मांग का समर्थन करते हुए कहा कि माघ मेले में मोटर बोट का संचालन नहीं होना चाहिए। इससे नाविकों की आजीविका पर असर पड़ता है।

# माघ मेले में विराजेंगे बाबा विश्वनाथ

■ NBT न्यूज, वाराणसी

माघ मेले के दौरान त्रिवेणी पर काशीपुराधिपति के भी दर्शन होंगे। प्रयागराज में बसाई गई टेंट सिटी में श्री काशी विश्वनाथ मंदिर न्यास शिविर में निर्मित विशेष मंदिर में काशी विश्वनाथ के चल स्वरूप में पूजित कुंभेश्वर महादेव स्थापित किए जाएंगे। देशभर से आने वाले साधु-संत और श्रद्धालु बाबा का दर्शन कर सकेंगे। माघ मेला शिविर में विराजने हेतु कुंभेश्वर महादेव स्वरूप का गुरुवार को काशी विश्वनाथ धाम में विशेष पूजन और रुद्राभिषेक किया गया। मंदिर न्यास के मुख्य कार्यकारी अधिकारी विश्वभूषण मिश्र के अनुसार पूजन के बाद कुंभेश्वर महादेव को विशेष वाहन से माघ मेला क्षेत्र के लिए भेजा गया।

**बंदियों ने कालीन पर उकेरा माघ मेले का लोगो:** भदोही जेल के बंदियों ने माघ मेले के विशिष्ट लोगो को कालीन पर उकेरा है। इसके साथ ही काफी कालीन भी तैयार की है, जिनकी प्रदर्शनी माघ मेले में लगाई जाएगी। जिलाधिकारी शैलेष कुमार ने गुरुवार को बंदियों द्वारा तैयार कालीनों को प्रयागराज के लिए रवाना किया। इस दौरान डीएम ने कहा कि यह पहली बंदियों के कौशल विकास तथा पुनर्वास की दिशा में सराहनीय प्रयास है। जेल अधीक्षक अभिषेक सिंह ने बताया कि प्रथम चरण में आकर्षक डिजाइन वाली 113 कालीन माघ मेले में लगने वाले स्टॉल के लिए भेजी गई है। दूसरे चरण में और कालीन भेजी जाएगी

### QR से दर्ज करवा सकेंगे शिकायत



प्रयागराज: साल के पहले दिन बड़ी संख्या में लोगों ने स्नान किया।

■ NBT रिपोर्ट, प्रयागराज: श्रद्धालुओं को बेहतर एवं त्वरित सहायता उपलब्ध करवाने के लिए क्यूआर कोड आधारित प्रणाली लागू की गई है। इसके तहत मेला क्षेत्र के 15500 विद्युत पोलों पर क्यूआर कोड चस्पा करवा गए हैं। इन्हें स्कैन करते ही मोबाइल पर ऑनलाइन फॉर्म खुलेगा। इसमें श्रद्धालु अपना नाम, मोबाइल नंबर और सुरक्षा कोड भरने के बाद शिकायत दर्ज करवाने के साथ ही अन्य जरूरी जानकारी भी पा सकेंगे। इतना ही नहीं मेला क्षेत्र का नक्शा भी उपलब्ध होगा। किसी के खोने पर नजदीकी विद्युत पोल पर लिखे यूनिक कोड के माध्यम से लोकेशन का पता भी लगाया जा सकता है।

### रोक के बावजूद चलती मिली फैक्ट्री

■ NBT रिपोर्ट, कानपुर : प्रयागराज में माघ मेले के पहले स्नान पौष पूर्णिमा के मद्देनजर कानपुर में उद्योगों की निगरानी तेज हो गई है। यूपी प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की 8 टीमों ने गुरुवार को 100 से ज्यादा उद्योगों का निरीक्षण किया। क्षेत्रीय अधिकारी अजीत कुमार सुमन ने बताया कि एक जगह बंदी के बावजूद काम होता मिला। ऐसे में फैक्ट्री को सूचना देकर बिजली कनेक्शन कटवा दिया गया है। मेले के मद्देनजर गंगा में स्वच्छ पानी के लिए 31 दिसंबर से बंदी की औपचारिक शुरुआत हुई है। पहले चरण के 335 उद्योगों को 3 जनवरी तक बंद रखने के आदेश दिए गए हैं।

भारत सरकार
GOVERNMENT OF BHARAT

## पान मसाला के निर्माता ध्यान दें !

**स्वास्थ्य सुरक्षा से राष्ट्रीय सुरक्षा उपकर अधिनियम, 2025
1 फरवरी, 2026 से लागू होगा**

स्वास्थ्य सुरक्षा से राष्ट्रीय सुरक्षा उपकर पान मसाला निर्माण में प्रयुक्त मशीनों/प्रक्रियाओं पर लगाया जाएगा। प्रत्येक कर योग्य व्यक्ति को पंजीकरण कराना और उपकर का भुगतान करना अनिवार्य है।

**अनिवार्य पंजीकरण (फार्म HSNS REG - 01)**

- आप पर जाकर 'HSNS CESS' टैब के अंतर्गत 'New User' पर क्लिक करके पंजीकरण के लिए आवेदन कर सकते हैं।
- नाम, पैन, ईमेल, मोबाइल नंबर दर्ज कर पंजीकरण करें, एनरोलमेंट रेफरेंस नंबर (इआरएन) प्राप्त करें
- प्राप्त इआरएन का उपयोग करके फॉर्म HSNS REG-01 में आवेदन करें।
- प्रारंभिक भुगतान के लिए अस्थायी पंजीकरण संख्या (टीआरएन) प्राप्त करे

**मासिक उपकर भुगतान (फार्म HSNS PMT - 01)**

- हर महीने की 7 तारीख तक इलेक्ट्रॉनिक रूप से भुगतान करना अनिवार्य है
- (जैसे : फरवरी 2026 माह की देनदारी 7 फरवरी 2026 तक देनी होगी)
- आप करदाता डैशबोर्ड में लॉग–इन करके 'Menu' टैब के अंतर्गत 'E-Payment' विकल्प का चयन कर सेस का भुगतान कर सकते हैं।

**उपकर डेक्लेरेशन (फार्म HSNS DEC - 01)**

- पंजीकरण प्राप्त होने के 7 दिनों के भीतर फाइल करना अनिवार्य है
- आप करदाता डैशबोर्ड में लॉग–इन करके 'Menu' टैब के अंतर्गत 'Declaration' पर क्लिक कर अपनी डिक्लेरेशन दाखिल कर सकते हैं।

**मासिक उपकर भुगतान (फार्म HSNS RET - 01)**

- अगले महीने की 20 तारीख तक इलेक्ट्रॉनिक रूप से रिटर्न फाइल करें (जैसे : फरवरी 2026 का रिटर्न 20 मार्च 2026 तक फाइल करना होगा)
- आप करदाता डैशबोर्ड में लॉग–इन करके 'Menu' टैब के अंतर्गत श्त्मजनतदश पर क्लिक कर अपनी रिटर्न दाखिल कर सकते हैं।

CBC 15502/13/0049/2526

अधिक जानकारी के लिए कृपया राजस्व विभाग की अधिसूचना संख्या S-O- 6153(E) दिनांक 31-12-2025 तथा 01/2026 HSNS CESS दिनांक 01-01-2026 का संदर्भ लें

किसी सहायता के लिए हेल्पडेस्क पर संपर्क करें : cbicmitra-helpdesk@icegate-gov-in : 1800 425 0232

@cbic_india @cbicindia @CBICINDIA @cbicindia @CBICIndia www.cbic.gov.in

**NOTE : -**

**[ : राजस्थान पत्रिका , दैनिक जागरण delhi, नवभारत टाइम्स delhi, अमर उजाला delhi, हिन्दुस्तान delhi, Pioneer hindi delhi, जनसत्ता delhi, ]**

**English NEWSPAPERS**
**[ Times Of India delhi, Indian Express delhi, The Hindu delhi, Financial Express delhi, economic times delhi , the Pioneer english delhi , the tribune delhi ] ETC.**

We are providing all news paper pdf hindi and English want to read daily newspapers by pdf please msg me on telegram

2. आकाशवाणी (AUDIO)

whatsapp Group ka link pane ke liye
Newspaper_pdf_bot par jaye.

**Click here to contact:-https://t.me/Newspaper_pdf_bot**
**Or type in Search box of Telegram**
@Newspaper_pdf_bot And you will find a channel
**BACKUP GROUP LINK**
**https://t.me/joinchat/5P9EL1JaqoYzNTI1**

# Hindi-English News Paper Website:- onlineftp.in